वर्ष 72 अंक 99 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 06 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जहां भय समाप्त हो जाता है, जीवन वहीं से प्रारंभ होता है।
-ओशो

### पटवारी ने सोशल मीडिया पर अपलोड किए खरीद-बिक्री के दस्तावेज, लगाए आरोप

# सेंट्रल पार्क में डिप्टी सीएम के बेटे एक विधायक और भूपेंद्र के प्लॉट



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** आयकर छापे के बाद चर्चा में आए बड़ा तालाब के लो-डेंसिटी एरिया में निर्माणाधीन सेंट्रल पार्क में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बेटों, पूर्व परिवहन मंत्री भूपेंद्र सिंह और भाजपा विधायक सुदेश राय के प्लॉट हैं। यह दावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया में जमीन से जुड़े दस्तावेज अपलोड कर किया है। इसमें इंदौर के मधुबन कालोनी निवासी ज्ञानवती पटेल पत्नी गणेश प्रसाद पटेल एवं एक आईपीएस अफसर का भी प्लॉट है। जीतू पटवारी ने मोहन सरकार पर भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे होने का आरोप भी लगाया।

बता दें कि आयकर विभाग ने 18 दिसंबर को बिल्डर राजेश शर्मा व उनसे जुड़े बिल्डरों के 56 ठिकानों पर छापेमारी की थी। बिल्डरों के ठिकानों से जमीन के दस्तावेज, बैंक खातों की जानकारी मिली थी। जांच में खुलासा हुआ था कि सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट के लिए खरीदी गई जमीन में ब्लैक मनी का उपयोग हुआ है। इसके बाद राजेश शर्मा की 24 प्रॉपर्टी को आयकर ने अटैच कर लिया था। इधर, आयकर विभाग ने पंजीयन विभाग के महानिरीक्षक को पत्र लिखकर शर्मा से संबंधित प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की सिफारिश की है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



झील के लो-डेंसिटी एरिया में बन रहे सेट्रल पार्क का भव्य गेट।


## अनुमति 600 वर्गफीट के निर्माण की, बनाए जा रहे हैं 7 से 8 हजार वर्गफीट के बंगले

नियमानुसार लो-डेनसिटी एरिया में बॉटनिकल गार्डन, नर्सरी और सब्जियों व फलों के उद्यान विकसित करने की अनुमति होती है, लेकिन पूर्व सीएस के आदेश के बाद इस क्षेत्र में धड़ल्ले से कांक्रीट रोड, बिजली की अंडर ग्राउंड केबल, अंडरग्राउंड वॉटर टैंक, पेयजल लाइनें, अंडर ग्राउंड सीवेज लाइन, कांक्रीट का ड्रेनेज, चारों और बाउंड्रीवॉल और भव्य गेट के निर्माण की अनुमति दी गई। कालोनी में काटे गए प्लाट में 70 से 80 फीसदी तक निर्माण करने की तैयारी की गई। यानी 10 हजार वर्गफीट पर 7 से 8 हजार वर्ग फीट पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं।

"सेंट्रल पार्क प्रोजेक्ट में वेटलैंड नियमों का खुला उल्लंघन किया गया है। इससे तालाब में प्रदूषण हुआ है।
**-राशिद नूर खान**, शिकायतकर्ता और पर्यावरण कार्यकर्ता

### डिप्टी सीएम की वीडी से बंद कमरे में हुई चर्चा


जगदीश देवड़ा


वीडी शर्मा

**जीतू** पटवारी के ट्वीट पर जमीनों के दस्तावेज सार्वजनिक किए जाने के बाद रविवार दोपहर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बंद कमरे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से करीब 15 मिनट तक चर्चा की। वहां से बाहर निकलने पर देवड़ा ने मीडिया से सिर्फ इतना कहा कि जहां बात करनी है, वहां करो।

### 31 एकड़ में फैला है सेंट्रल पार्क

ग्राम सेवनिया गोंड के खसरा नंबर 43, 44, 45, 47/क, 62, 63, 64 से 31.77 एकड़ के रकबे पर सेंट्रल पार्क है। आरोप लग रहे कि नियमों शिथिल करते हुए यहां कालोनी विकसित करने की अनुमति ली गई। कालोनी के विकास के दौरान भी जो अनुमति जारी की गई, उसमें भी साफ लिख गया कि 10 हजार वर्ग फीट पर केवल 600 वर्गफीट के निर्माण की ही अनुमति होगी। किसी भी विकास कार्य के दौरान बड़े तालाब की ओर मिट्टी भी नहीं बहनी चाहिए, जबकि कालोनी के निर्माण के दौरान सीमेंट क्रांकीट, पेंट भी तालाब में जा रहा है। भविष्य में सीवेज सहित अन्य गंदगी भी तालाब में मिलने की संभावना 100 फीसदी है।


### चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस फैलते ही एक्शन में आईसीएमआर

# सर्दियों के मौसम में एचएमपीवी सामान्य वायरस, निपटने के लिए तैयार है देश

### चीन के हालात पर सरकार की कड़ी नजर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन में कोविड जैसे वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बढ़ते मामलों के बीच भारत सरकार ने रविवार को जॉइंट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक की। बैठक के बाद ग्रुप ने कहा कि फ्लू के मौसम को देखते हुए चीन की स्थिति असामान्य नहीं है। हमारा देश सांस से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही उसने डब्ल्यूएचओ से चीन की स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट देने को कहा है। जॉइंट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस (डीजीएचएस) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), सेंटर फॉर डिजास्टर कंट्रोल, इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी), नेशनल सेंटर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### टेस्टिंग लैब बढ़ाने का निर्णय



बैठक में एहतियात के तौर पर टेस्टिंग लैब बढ़ाने का फैसला किया गया। यह कार्य आईसीएमआर की निगरानी में होगा। एचएमपीवी के मामलों पर भी नजर रखी जाएगी। डीजीएचएस के डायरेक्टर डॉ. अतुल गोयल ने कहा कि इस वायरस को लेकर चिंता की जरूरत नहीं है। चीन में मेटान्यूमोवायरस का आउटब्रेक है और सीरियस है, लेकिन यहां मेटान्यूमोवायरस एक नार्मल रेस्पिरेटरी वायरस है। इससे जुकाम जैसी बीमारी होती है या कुछ लोगों में फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं, इससे ज्यादा कुछ नहीं हो सकता। सर्दी के दिनों में रेस्पिरेटरी वायरस इन्फेक्शन होता ही है। हमारे अस्पताल और इंस्टीट्यूशंस इसको हैंडल करने के लिए तैयार हैं। बेड्स और ऑक्सीजन की अवैलबलिटी है। इसमें स्पेसिफिक कोई दवाइयां नहीं चाहिए होती हैं, क्योंकि इसके अगेंस्ट कोई स्पेसिफिक एंटीवायरल ड्रग नहीं है।

### बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने पर जोर

जॉइंट मॉनीटरिंग ग्रुप की बैठक में इस बात पर खास जोर दिया गया कि बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखना होगा। दरअसल, एमएचपीवी आरएनए वायरस है। इस वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। 65 साल से ऊपर के बुजुर्ग भी इससे प्रभावित हो सकते हैं।

### उज्जैन के दूध तलाई गुरुद्वारे में सीएम का ऐलान

## स्कूली कोर्स में शामिल होगी गुरु गोविन्द के साहिबजादों की शहादत

**जागरण, उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को स्कूलों के सिलेबस में शामिल किया जाएगा, ताकि हमारे प्रदेश के बच्चे साहिबजादों की वीरता की कहानियां पढ़कर सीख ले सकें। मुख्यमंत्री ने रविवार को प्रकाश पर्व के मौके पर उज्जैन के दूध तलाई गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका। यादव ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस घोषित किया है। हमारी सरकार ने तय किया है कि साहिबजादों



की शहादत हमारी अगली पीढ़ी को बताई जाए। इसके लिए उनकी कहानी स्कूल शिक्षा के सिलेबस में शामिल करेंगे। गुरुद्वारे में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

गांव-शहरों के नाम जनभावनाओं के अनुरूप रखेंगे। पेज-7 पर

### ट्रेनिंग के लिए नहीं आएंगे बांग्लादेशी जज

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने ट्रेनिंग के लिए भारत आने वाले 50 जजों के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। ये सभी जज और न्यायिक अधिकारी 10 फरवरी से ट्रेनिंग के लिए भारत आने वाले थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद युनूस सरकार ने इस प्रोग्राम को कैंसिल कर दिया, जबकि एक दिन पहले उसने बांग्लादेश संगबाद संस्था ने रिपोर्ट जारी कर कहा था कि लोअर कोर्ट के 50 जज मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी और राज्य न्यायिक अकादमी में एक दिन की ट्रेनिंग में हिस्सा लेंगे। ट्रेनिंग का पूरा खर्चा भारत सरकार की ओर से उठाया जाना था। इसके दूसरे दिन ही इस प्रोग्राम को कैंसिल कर दिया गया।

### जॉर्ज सोरोस को मिला अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** विवादित अमेरिकी बिजनैसमेन जॉर्ज सोरोस समेत 18 लोगों को राष्ट्रपति बाइडेन ने



शनिवार को सर्वोच्च अमेरिकी नागरिक सम्मान (प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम) दिया। जॉर्ज सोरोस की जगह उनके बेटे एलेक्स सोरोस मेडल लेने पहुंचे। सोरोस को इसलिए सम्मानित किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने दुनियाभर में ऐसे संगठनों का समर्थन ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पीथमपुर में यूका का कचरा जलाने का मामला, सुनवाई आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कचरे को भोपाल से पीथमपुर ले जाने और वहां इसे जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे को भोपाल से ले जाने का फैसला लेते समय पीथमपुर के लोगों से सलाह नहीं ली गई। पीथमपुर में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर वहां ऐसा होता है तो पीथमपुर में उचित मेडिकल फेसिलिटी मौजूद नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट



सोमवार को सुनवाई करेगा। बता दें कि पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के रासायनिक कचरे के निष्पादन को लेकर बवाल मचा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सरकार ने वहां कचरा पहुंचा दिया है और अब इसके निष्पादन की तैयारी चल रही है। इस बीच बड़ी संख्या में पीथमपुर के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस कचरे को किसी दूसरी जगह पर जलाया जाना चाहिए। कचरे पर राजनीति भी हो रही है। कांग्रेस नेता पीथमपुर में कचरा जलाने का विरोध कर रहे हैं, जबकि भाजपा संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है।

## ई-स्कूटर में विस्फोट से घर में लगी आग नाना के घर आई बच्ची की जलने से मौत

### रतलाम में हुआ हादसा, बच्ची के अलावा दो परिजन भी झुलसे

**जागरण, रतलाम।** रात को चार्जिंग पर लगे ई-स्कूटर में अचानक विस्फोट से घर में आग लग गई। हादसे में नाना के घर आई 11 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के नाना समेत दो लोग झुलस गए। जिस ई-स्कूटर में धमाका हुआ, उसे दो दिन पहले ही सुधरवाया था। हादसा शनिवार-रविवार की दरमियानी रात रतलाम की लक्ष्मणपुर कॉलोनी में हुआ। यहां एक मकान में चार्जिंग के लिए रखे गए ई-स्कूटर में विस्फोट हो गया, जिसके बाद पास में खड़ी एक अन्य स्कूटी भी चपेट में आ गई। पीएनटी कॉलोनी में भगवती मौर्य अपने परिवार के साथ रहते हैं। रात में परिजन टुनवाल कंपनी के ई-स्कूटर को चार्जिंग पर लगा ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### दो दिन पहले ही सुधरवाया था ई-स्कूटर

यह स्कूटर डेढ़ साल पहले खरीदा गया था। बैटरी खराब होने पर 15 से 20 दिन पहले ही सुधारने के लिए दिया गया था, तब से गाड़ी शोरूम में थी। तीन जनवरी को ही स्कूटर सुधरवाकर घर लाए थे। इसके बाद इसे एक बार चार्ज किया था। रात में दोबारा चार्जिंग पर लगाया तो धमाका हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अनमैरिड कपल्स की ओयो होटलों में नो एंट्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओयो रूम्स ने अपनी चेक इन पॉलिसी में बदलाव कर दिया है। ओयो की नई चेक इन पॉलिसी के मुताबिक अब से गैर-शादीशुदा जोड़ों को चेक-इन करने की परमिशन नहीं होगी। अब सिर्फ पति-पत्नी ही होटल में कमरा ले सकेंगे। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को 'चेक-इन' के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण देने के लिए कहा जाएगा। इसमें ऑनलाइन बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि ओयो ने अपने भागीदार होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर अविवाहित जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## मेडिकल रिपोर्ट देखकर और बिगड़ने लगती है तबीयत


**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** मेडिकल रिपोर्ट्स अक्सर मरीजों के लिए एक जटिल और डरावना अनुभव बन जाती हैं। इन्हें पढ़कर मरीज स्वस्थ नहीं होता, बल्कि उसकी तबीयत और बिगड़ जाती है। दरअसल, रिपोर्ट में जो शब्द लिखे जाते हैं, वे जटिल और आक्रामक होते हैं, जिससे मरीज चिंतित हो जाता है। अगर वह बीमार नहीं है, लेकिन उसकी मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव है, तो उसका बीमार पड़ना तय है। यह दावा अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी ने एक शोध के बाद किया है।

शोध में कहा गया है कि मेडिकल रिपोर्ट में डराने वाले शब्दों को नहीं लिखा जाना चाहिए, बल्कि ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जो मरीज को हौसला दें, ताकि उनकी चिंता कम हो। मिशिगन यूनिवर्सिटी की डॉक्टर कैथरीन लैपेडिस और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि मेडिकल रिपोर्ट बनाते वक्त इस बात का ध्यान नहीं रखा जाता कि उसका मरीज की सेहत पर क्या असर पड़ेगा। इसका भी ध्यान नहीं रखा जाता कि जो शब्द रिपोर्ट में लिखे जा रहे हैं, उन्हें मरीज समझ पाएगा या नहीं। शोधकर्ताओं ने डॉक्टरों को सुझाव दिया है कि वे मरीजों को चिंतित करने वाली रिपोर्ट न बनाएं।

VANASTHALI
COLLEGE OF PHARMACY, REWA
Approved by PCI New Delhi Affiliated to RGPV BHOPAL
REQUIREMENT
निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं

| Name of Position | Qualifications |
| --- | --- |
| • Principal | As Per PCI Norms |
| • Associate Professor | As Per PCI Norms |
| • Assistant Professor | As Per PCI Norms |
| • Lecturer | As Per PCI Norms |

अपना बायोडाटा, फोटो, समस्त दस्तावेजों की फोटोकॉपी (एक प्रति) के साथ दिनांक 09/01/2025 तक संस्था में जमा करें।
Add.: JNCT Campus Ratahara, Rewa
9111100493, 9111100486



भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हुआ आस्ट्रेलिया ने जीती बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (पेज 11)



# राष्ट्रीय बालिका दिवस: 19 जनवरी को होगा मैराथन का आयोजन



**जागरण, रीवा।** टीटीई (टीट टू ईच) संस्था द्वारा आगामी 19 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महिला व बालिकाओं की शिक्षा के लिए समर्पित मैराथन दौड़ का आयोजन एपीएस यूनिवर्सिटी गेट से सुबह 6 बजे किया गया है। टीटीई के अध्यक्ष डॉ. राकेश पटेल ने बताया कि विंध्यांचल क्षेत्र में बालिकाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए टीटीई प्रतिबद्ध है। वर्तमान में संस्था द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर में गरीब परिवार के लगभग 500 बच्चे संस्था की निःशुल्क एवं स्कॉलरशिप योजना का लाभ ले रहे हैं। जिनमें बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाती है। इसमें भाग लेने के लिए 15 से 40 वर्ष तक की बालिका/महिलाएं जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों भाग ले सकेंगी। रजिस्ट्रेशन आगामी 18 जनवरी तक किया जाएगा, जिसका शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है। जिसके लिए विहान हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, विजय कम्प्यूटर सेंटर, अशोक ई-पंजीयन केन्द्र, समग्र शिक्षा सल्यूशन, पॉली क्लीनिक के अलावा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन भी करवाया जा सकता है। जिसके लिए एक आईडी प्रूफ और पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य है। सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क टी-शर्ट, प्रमाण-पत्र एवं टीटीई का पैड प्रदान किया जाएगा। समस्त प्रतिभागियों को सुबह 6 बजे के पूर्व एपीएस यूनिवर्सिटी गेट पर पहुंचना अनिवार्य होगा। कोई भी प्रतिभागी बीच रास्ते से दौड़ नहीं सकेगा।

# कोहरे की गिरफ्त में रही जिले की सुबह

## दोपहर 12 बजे तक निकली धूप, 50 मीटर के लगभग रही दृश्यता



**जागरण, रीवा।** बीते दिन की तरह रविवार की सुबह को भी जिले में कोहरे की अधिकता रही। कोहरा अधिक होने से जिले भर में 50 से 100 मीटर के बीच दृश्यता रही। सुबह साढ़े 9 बजे के बाद धीरे-धीरे सूर्यदेव कोहरे से झांकने का प्रयास करते रहे। जैसे-तैसे सुबह करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच धूप निकली लेकिन बादलों के होने से पूरे दिन धूप की तपन लोगों को महसूस नहीं हुई। इस कारण लोगों को दिन में भी ठँड से राहत नहीं मिली। शाम ढलने के बाद जिले को फिर गलन भरी ठँड ने अपने आगोश में ले लिया। रात तक कंपकंपाने वाली ठँड लोगों को सताने लगी। गौरतलब है कि उत्तर भारत में हो रही बर्फवारी का असर भी जिले में पड़ रहा है। लिहाजा जिले भर में जबरदस्त ठँड का दौर चल रहा है। गांवों में दिन ढलते ही लोग घरों में सिमटने लगे हैं। खेतों में पानी होने के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में ठँड का कहर ज्यादा है। ठँड का आलम यहां इस कदर है कि सुबह, शाम और रात को भी लोग अलाव के सहारा लेने लगे हैं। कस्बों, बाजारों में भी इन दिनों अलाव ही लोगों का मुख्य सहारा बना हुआ है। लगभग यही स्थिति शहरी क्षेत्र की भी बनी हुई है। इस कारण तापमान में कमी देखने को मिल रही है। बताया गया कि रविवार को दिन का तापमान बीते दिन से 1.8 डि.से. कम 18.8 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह, न्यूनतम तापमान भी गत दिवस की अपेक्षा 0.2 डि.से. की गिरावट के साथ 7.8 डि.से. पर कायम हुआ। मौसम विभाग ने अभी तापमान में कुछ और गिरावट का अंदेशा जताया है।

## आनंद विहार ट्रेन साढ़े 7 घंटे लेट



**रीवा।** जिला समेत देश-प्रदेश में घना कोहरा रविवार को भी रहा। उत्तर भारत में कोहरा अधिक होने से आनंद विहार से चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन साढ़े 7 घंटे देरी से चल रही है। ट्रेन अपने निर्धारित समय सुबह 11.10 बजे के स्थान पर शाम साढ़े 6 बजे के आसपास बजे रीवा स्टेशन पर पहुंच रही है। यह क्रम दिनों से जारी है। झिंझक, कानपुर स्टेशन के बीच कोहरे के कारण ट्रेन की रफ्तार धीमी पड़ी। इस प्रकार, प्रयागराज स्टेशन पहुंचने तक ट्रेन की गति को कोहरे ने प्रभावित कर दिया। इस कारण ट्रेन में सवार मुसाफिरों को भी कड़ी ठंड में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।गौरतलब है कि दिल्ली से रीवा आने वाली इस इकलौती ट्रेन हमेशा ही ठंड के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सीजन में भी अब कोहरे का प्रभाव बढ़ने लगा है, जिसके चलते रीवा को आने वाली इस ट्रेन की रफ्तार धीमी पड़ने लगी है। अब अगले एक महीने तक यह ट्रेन ऐसे ही यात्रियों को रुला सकती है।

# शिक्षा की गुणवत्ता व स्वास्थ्य सुविधाएं जब उत्कृष्ट होंगी तब रीवा का विकास होगा पूर्ण

## शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा उप मुख्यमंत्री का किया गया अभिनंदन

जागरण, रीवा




शिक्षा व स्वास्थ्य समस्त विकास का अंतिम लक्ष्य है। शिक्षा की गुणवत्ता व स्वास्थ्य की सुविधाएं जब रीवा में उत्कृष्ट होंगी तब ही रीवा का विकास पूर्ण होगा। यह बातें उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कही। उन्होंने शिक्षक समुदाय से अपेक्षा की कि विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश द्वारा सम्मान किया गया। श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने में शिक्षक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए सजग करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के गढ़ने का कार्य शिक्षक ही करते हैं। इसलिए युवाओं को नशे जैसी विकृति से दूर रहने की समझाइश शिक्षक ही दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि समन्वित प्रयास से जिले में युवाओं को नशे से दूर रखने के सभी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आर्थिक तौर पर सशक्त हो रहा है। नदियों को जोड़ने के अटल जी के संकल्प को पूरा किए जाने का कार्य प्राथमिकता से जारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भवनों का निर्माण, सीएम राइज व पीएमश्री विद्यालयों की स्थापना सहित अन्य अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। शिक्षकों का दायित्व है कि वह अपने शिक्षकीय कार्य का निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से निर्वहन करें और विकसित व सुसंस्कृत समाज के निर्माण में अपनी भूमिका को निभाएं।

### 392 शिक्षकों को दिया गया क्रमोन्नति आदेश

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने 392 शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी किए। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की विभिन्न मांगो का शासन स्तर से समाधान किए जाने के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने कहा कि रीवा जिला को स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ल का हमेशा ही शिक्षकों की समस्याओं को निराकरण कराने में योगदान रहा है। इस अवसर पर यशपाल शर्मा ने मांग पत्र का वाचन किया। उप मुख्यमंत्री का शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, संगठन के जिलाध्यक्ष चन्द्रोदय मिश्रा सहित संगठन के पदाधिकारी, प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए शिक्षक तथा स्थानीय शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवकाश के दिन बंद कर दिया जाता है अटल पार्क

## गरीब व मध्यमवर्गीय बच्चों के लिए पिकनिक मनाने उपयुक्त है अटल पार्क




**जागरण, रीवा।** शहर में बनाए गए अटल पार्क का आनंद गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के बच्चे नहीं उठा पा रहे। सुबह लगभग 10 बजे के बाद अटल पार्क प्रतिदिन बंद कर दिया जाता है। लेकिन अवकाश के दिन भी पार्क के बंद होने का समय यही है। जिसके चलते अवकाश के दिन बच्चे, उनके अभिभावक यदि पार्क में आना चाहें तो भी नहीं आ पाते। कई बच्चे अटल पार्क में पिकनिक मनाने का प्रोग्राम तो बनाते हैं, लेकिन पार्क बंद रहने के कारण बच्चों की यह मंशा पूर्ण नहीं हो रही।

### अवकाश के दिन तो खुले

अटल पार्क में हरियाली के साथ ही बच्चों के लिए फिसलपट्टी, झूले वगैरह लगाए गए हैं, जिससे बच्चे पार्क में पिकनिक मनाने प्रोत्साहित हैं। लेकिन पार्क खुलने, बंद होने का समय निर्धारित होने से बच्चे पार्क का आनंद नहीं उठा पा रहे। कहने को तो शहर में और भी कई ईको पार्क, रानी तालाब, सफारी टाइगर आदि पिकनिक स्पॉट हैं, लेकिन बच्चों व अभिभावकों के अनुसार अटल पार्क की बात कुछ और है। सबसे पहले तो यह पार्क नजदीक है। ईको पार्क भी शहर के मध्य है लेकिन इसमें प्रवेश करने प्रति सदस्य राशि देना पड़ती है, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार वहन नहीं कर सकता। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के जिद करने पर वे लोग बच्चों को लेकर यहां आते तो हैं, लेकिन 10 बजे के बाद पार्क बंद ही मिलता है। कम से कम अवकाश के दिन इसे पूरे समय खोल के रखना चाहिए, जिससे अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पार्क का आनंद पठा सकें। रही बात सुरक्षा की तो जिस दिन पार्क खोला जाए उस दिन कुछेक कर्मचारी यहां तैनात कर दिए जाएं जो पार्क को नुकसान पहुंचाने वालों को रोक सकें।

### पार्कों में नशाखोरी तो कुछ बने लवर प्वाइंट

शहर के अधिकांश पार्क फिलहाल या तो नशाखोरी के लिए जाने जा रहे हैं या फिर लवर प्वाइंट बन चुके हैं। जिससे आमजनों का पार्क में जाना लगभग बंद सा हो गया है। दोपहर के समय यदि इसी प्रकार अटल पार्क भी बंद रहा तो संभवतः कुछ दिनों में इसकी भी यही दुर्दशा से इंकार नहीं किया जा सकता। अटल पार्क को लवर प्वाइंट व नशाखोरों से बचाने यहां सुरक्षाकर्मी तैनात करने की आवश्यकता है, जिससे पार्क को नुकसानी से तो बचाया जा सकता है, साथ ही शहरवासियों के लिए टहलने व बच्चों को पिकनिक मनाने का अवसर भी मिल सकता है।


## नगर निगम का सामूहिक विवाह समारोह 8 फरवरी को

**रीवा।** मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत आगामी 8 फरवरी को नगर निगम रीवा के तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र जोड़ों को नगर निगम की पेंशन शाखा के कक्ष क्रमांक 22 में आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 01 फरवरी के पूर्व आवेदन कर पात्र हितग्राही इसका लाभ उठा सकते हैं। आवेदन के साथ समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और आयु प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज संलग्न करना होगा। नगर निगम रीवा और जिला प्रशासन ने अपील की है कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक जोड़े समय पर अपने आवेदन जमा कर भागीदारी सुनिश्चित करें । इस सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेने वाले जोड़ों को सरकार द्वारा सभी आवश्यक सहायता और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## नगरीय विकास राज्यमंत्री रीवा होकर जाएंगी सीधी

**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भोपाल से प्रातः 10 बजे वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे रीवा आएंगी। राज्यमंत्री बागरी रीवा सर्किट हाउस से दोपहर 2 बजे सीधी के लिए प्रस्थान करेंगी। सीधी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरांत राज्यमंत्री बागरी रीवा होकर भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

## आमजनों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ




**रीवा।** जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। साथ ही आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में गंगेव विकासखण्ड अंतर्गत पुरवा 310, सर नम्बर एक में शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार बरहा 344, बांसी, तमरा, घुचियारी एवं हर्दी नम्बर दो में आयोजित जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# कांग्रेस संगठन में जान फूंकने एक-एक कार्यकर्ता से मसबिरा

## संगठन प्रभारी ने से एकांत में सभी के विचारों को सुना




**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सह-सचिव, एवं सह-प्रभारी मध्यप्रदेश रणविजय सिंह लोचव का दूसरे दिन के दौरा कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र त्योंथर एवं रीवा में आयोजित हुए। दोनों विधानसभाओं की बैठकों में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, ब्लॉक, मण्डलम, सेक्टर के अध्यक्षगण, मोर्चा संगठन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एन.एस.यू.आई., अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग आई.टी. सेल के अध्यक्षगण तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के एक एक कार्यकर्ता से एकांत में चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान सभी कांग्रेस जनों ने पार्टी की गतिविधियों के संबंध में उन्हें अपने अपने सुझाव दिये। संगठन प्रभारी ने सभी के विचारों को सुना और उन्हें नोट किया तथा सभी को आश्वासन दिया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा बनाई गई रणनीतियों पर शीघ्र ही अमल करने का काम किया जाएगा। साथ ही चर्चा के दौरान सभी से कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का आग्रह किया। त्योंथर एवं रीवा विधानसभा के मुख्यालयों में पहुंचने पर श्री सिंह का गर्मजोशी के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में रणविजय सिंह के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रदेश महामंत्री सुखेन्द्र सिंह बन्ना भी बैठकों में प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरुमीत सिंह मंगू, कविता पाण्डेय, मनीष गुप्ता, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, रमाशंकर सिंह, लक्ष्मीशंकर मिश्रा, रामायण सिंह पटेल, धर्मेश शुक्ला, सौरव मिश्रा, वृन्दा प्रसाद तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, प्रभात वर्मा, लालमणि कोल, विजय शंकर भुर्तिया, राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप सिंह, लालजी मिश्रा, शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, वसीम राजा, मुस्तहाक खान, रफीक अंसारी, अनिल मिश्रा, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, शिवेन्द्र सिंह, विपिन पाण्डेय, सुरेश वर्मा, राजेश नामदेव, अनूप सिंह चंदेल, पंकज उपाध्याय, प्रिंस मिश्रा, आनंद कुशवाहा, नरेश गुप्ता, तारा त्रिपाठी, धनेन्द्र सिंह, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप एनएसयूआई ने फूंका पुतला



**रीवा।** एनएसयूआई द्वारा एमपीपीएससी इंदौर में हुई अनियमितता के विरोध में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला फूंका गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि सरकार द्वारा इंदौर में जब प्रदर्शन हो रहा था तो मुख्यमंत्री द्वारा छात्रों को आश्वस्त किया गया था कि मध्य प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा भर्ती निकाली जाएंगी परंतु वह अपने बयान से पलट रहे हैं। छात्रों को 500 से 700 पदों पर भर्ती की बात कही गई थी लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी करते हुए 158 पदों की अधिसूचना जारी की है, ऊपर से आंदोलन कर रहे हमारे एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष किशन राजवंशी के ऊपर मुकदमा दर्ज कर उनको तीन दिन के लिए जेल भेजा गया जो कि पूर्णता गलत है। एनएसयूआई छात्र संगठन मध्य प्रदेश सरकार से यह मांग करती है की 500 से अधिक पदों पर भर्ती निकाली जाए, अन्यथा छात्रहित में रीवा में ही बड़ा आंदोलन होगा। पुतला दहन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्रा शशिमोल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी महासचिव रॉबिंसन सिंह साकेत,अमन द्विवेदी,जिला सचिव मोहित शुक्ला अभिषेक तिवारी,अजय सिंह, टीआरएस इकाई अध्यक्ष निष्कर्ष मिश्रा,अंशु मिश्रा,निखिल मिश्रा, कृष गुप्ता,प्रियांशु मिश्रा पीयूष सिंह,सिद्धांत शर्मा,प्रिंस चतुर्वेदी,साहिल तिवारी आयुष तिवारी,आदि छात्र नेता उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड पर बसों की अव्यवस्थित पार्किंग

## परिवहन अधिकारी कर चुके हैं कई बसों का परमिट निरस्त



**जागरण, रीवा।** शहर के नए बस स्टैंड स्थित बसों की अव्यवस्थित पार्किंग से बस स्टैंड में साइकिल तक ले जाने की जगह नहीं बची। बस स्टैंड में लगी बसों की भीड़ में ये पता लगा पाना मुश्किल है कि इनमें से कौन सी ऐसी बसें हैं, जिनका परमिट निरस्त हो चुका है। पिछले दिनों ही जिला परिवहन अधिकारी ने एक सैकड़ा से अधिक बसों का परमिट निरस्त किया है। बेतरतीब तरीके से खड़ी की गई बसों के कारण बस स्टैंड में बसों को लगाने व निकालने के लिए जगह ही नहीं बची, यहां तक कि बसों की भीड़ से बीच से साइकिल भी निकाल पाना भी किसी करतब से कम नहीं।

### बस निकालने में चालकों को आ जाता है पसीना

बस चालकों को सवारियां उतारने व लेने बस स्टैंड में आना अनिवार्य है। चालक बसों को बस स्टैंड के अंदर तो ले आते हैं, लेकिन बस को वापस निकालने में कई चालकों को पसीना आ जाता है। आगे-पीछे बगल में बसें लगी होने से बसों को मोड़ने की जगह नहीं मिलती। जिससे कई बसें निर्धारित समय से देरी से यहां से रवाना हो पाती हैं। जिससे यात्रियों को भी परेशानी झेलना पड़ती है। कुछेक बस चालक अपना समय मिलाने के चक्कर में बसों को तेज गति से दौड़ाते हैं, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कुछ बस चालकों ने बताया कि बस स्टैंड में जगह तो काफी है, लेकिन बसें सही तरीके से नहीं लगाई जाती। यदि बसें सही तरीके व एक लाइन से लगवाई जाएं और बस स्टैंड के अंदर आने व वापस जाने के लिए जगह खाली छोड़ी जाए तो बस चालकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े, लेकिन इसकी जिम्मेदारी यहां कोई भी लेने को तैयार नहीं और बस चालक मानने को तैयार नहीं।

# सरदार पटेल संस्थान में हुई शिक्षा पर संगोष्ठी



**रीवा।** रविवार को सरदार पटेल संस्थान की मासिक बैठक एवं नव वर्ष मिलन समारोह एवं शिक्षा पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष इंजी. पुष्पेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजमणि पटेल, समाज के जिला अध्यक्ष वीरभद्र सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी एड. इंद्रमणि सिंह, पूर्व कुलसचिव डॉ शेषमणि पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ गोमती प्रसाद, उपाध्यक्ष हीरालाल पटेल जी सेवानिवृत्ति शिक्षक, सचिव डॉक्टर आर.के सिंह पटेल, सहसचिव एडवोकेट ज्योति सिंह, समाज के युवा अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार सिंह ,महासचिव एड. अभिषेक सिंह, ग्रंथपाल पुष्पेंद्र पटेल, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आर.एन पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष कमांडेंट लक्ष्मण सिंह, राकेश सिंह सेवानिवृत्ति प्राचार्य, प्रदीप पटेल लेक्चरर, संजीव पटेल लेक्चरर, विजयपाल लेक्चरर, मीडिया प्रभारी एड. राजेंद्र पटेल, पूर्व सचिव डॉ उमेश पटेल, छात्रावास प्रबंधक सिद्धेश्वर सिंह, संपत्ति अधिकारी रामनिवास पटेल, सेवानिर्वित शिक्षक कृष्णपाल लगरखा, कालिका प्रसाद पटेल, श्रीकृष्ण वर्मा, मदन पटेल, एस एस पटेल सहित समाज समाज के बहुसंख्या में लोग उपस्थित हुए।




दैनिक जागरण
रीवा, 06 जनवरी 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# रीवा जागरण

03

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 26.0°c | न्यूनतम 11.0°c
आसमान में बादल, हवाएं चलने की आशंका

## न्यूज कार्नर

### युवा दिवस पर आयोजित होगा नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**रीवा।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में युवा दिवस 12 जनवरी को नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से 100 होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के माध्यम से आमजनता को होम्योपैथिक पद्धति से उपचार करने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में होम्योपैथी के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

### नि:शुल्क जांच परीक्षण शिविर आज

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात विकृति कटे.फटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया जाता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 6 जनवरी को जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें कटे-फटे होठ व तालू से ग्रसित बच्चों का परीक्षण व उपचार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वीपी सिंह से मोबाइल नम्बर 9926004216 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में आने वाले मरीजों के रुकने तथा अन्य सुविधाएं नि:शुल्क रहेंगी।

## मऊगंज जिला तो बन गया लेकिन दौड़ नहीं पा रहा, अधिकारी बिना पंगु बन गया

# अधिकारियों में सिर्फ कलेक्टर और एसपी पदस्थ बाकी सब रीवा की मेहरबानी से चल रहा

### सिर्फ बंटवारा हुआ लेकिन काम अब भी पहले जैसा ही चल रहा
### कलेक्ट्रेट में 100 पद स्वीकृत हैं लेकिन कर्मचारी सिर्फ दो ही पदस्थ
### अभी कई विभाग ही नहीं खुले, स्थानीय जनप्रतिनिधि भी नहीं बसा पा रहे अपना जिला




**जागरण, रीवा**

नया जिला मऊगंज बन तो गया लेकिन यहां कार्यालय ही नहीं खुले। अधिकारियों की पदस्थापना नहीं हुई। कुल मिलाकर सिर्फ कलेक्टर और एसपी ही पदस्थ हैं बाकी सब विभाग रीवा के रहमोकरम पर चल रहे हैं। अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर तक यहां नहीं है। जिला पंचायत सीईओ की पदस्थापना नहीं हुई। कलेक्ट्रेट में 100 पद स्वीकृत हैं लेकिन एक कर्मचारी रीवा से मिला। विभाग और अधिकारियों की मांग के लिए कई मर्तबा पत्राचार हुआ लेकिन कोई पहल शासन स्तर से नहीं हुई। अब नए जिले की खुशी तो लोगों को मिल रही लेकिन जो कार्यालयों में पदस्थ हैं, वह जूझ रहे हैं।

रीवा से कट कर नया जिला मऊगंज बनाया गया। उम्मीद थी कि लोगों को राहत मिलेगी। जिन लोगों को हनुमना, मऊगंज से रीवा आना पड़ता था। उन्हें काफी राहत मिलेगी। छोटा जिला होने से विकास भी तेजी से पकड़ेगा लेकिन सब कुछ उलटा हो गया। मऊगंज जिला तो बन गया लेकिन सारे काम लटक गए। लोगों को राहत ही नहीं मिल रही है। इसके पीछे वजह शासन स्तर से चल रही अधिकारियों की पदस्थापना की सुस्त चाल है। कलेक्टर, एसपी कार्यालय कालेज की बिल्डिंग में खोल दिया गया लेकिन कर्मचारी नहीं दिए गए। अन्य विभागों का पता नहीं है। रेग्युलर मॉनीटरिंग नहीं हो पा रही है। रीवा के अधिकारी सिर्फ एक दिन टीएल में पहुंचते हैं इसके बाद फिर जाते ही नहीं। ऐसे में मऊगंज जिला के कार्यों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। मऊगंज जिला में भू अभिलेख कार्यालय और अधिकारी नहीं है। एएसएलआर से काम चल रहा है। जमीन से जुड़े कार्यों की फीडिंग से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की फार्मर रजिस्ट्री का काम जोरों पर है। सारा काम प्रभावित हो रहा है। इसके बाद भी सरकार कार्यालय खोलने और पदस्थापना में समय लगा रही है। जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

**कलेक्ट्रेट में 100 पद हैं स्वीकृति और पदस्थ सिर्फ दो हैं :** मऊगंज कलेक्ट्रेट की हालत ही खराब है। यहां 100 पद स्वीकृत हैं लेकिन कर्मचारी सिर्फ दो ही प्रतिनियुक्ति में मिले हैं। इन्हीं के भरोसे कलेक्ट्रेट चल रहा है। रीवा से कई कर्मचारियों की लिस्ट जारी की गई थी लेकिन सिर्फ एक ही कर्मचारी मऊगंज कलेक्ट्रेट को मिला। कलेक्ट्रेट में कलेक्टर को ही सारे काम करने पड़ते हैं। बाबू का काम भी कलेक्टर को करना पड़ता है। इसके अलावा यहां एडीएम तक का पद रिक्त है। डिप्टी कलेक्टर के तीन पद रिक्त हैं। हनुमना में एसडीएम के पद पर कमलेश पुरी पदस्थ हैं। इनका भी स्थानांतरण हो चुका है। इसके अलावा मऊगंज में बृजेन्द्र पाण्डेय एसडीएम हैं। इनके पास नईगढ़ी का भी प्रभार है।

**बस इतने ही विभाग में है अधिकारी :** मऊगंज में पदस्थ अधिकारियों की संख्या उंगलियों में गिनी जा सकती है। यहां महिला बाल विकास विभाग में जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रवेश मिश्रा पदस्थ हैं। इसी तरह वेटरनरी विभाग में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर डॉ. साकेत पदस्थ हैं। अन्य विभाग सारे प्रभार में चल रहे हैं। पीडब्लूडी और आरईएस विभाग वहां के एसडीओ ही चला रहे हैं। अन्य सारे विभाग और पद रीवा से ही संचालित किए जा रहे हैं।

**कलेक्टर ने सभी को लिखा पत्र, कुछ नहीं हुआ :** मऊगंज जिला बने डेढ़ साल से ऊपर का समय हो चुका है लेकिन अभी भी जिला रीवा से ही चल रहा है। यहां कोई विभाग और अधिकारी ही नहीं है। कलेक्टर रीवा ने कार्यालय खोलने और अधिकारियों की पदस्थापना के लिए कई मर्तबा पत्र पीएस से लेकर मंत्रालय तक को लिखा लेकिन कुछ नहीं हुआ। स्थानीय विधायकों को भी पत्र लिखकर शासन स्तर से पहल कराने की बात कही गई लेकिन कोई पहल नहीं हो पाई। राजस्व अधिकारी तक प्रशासन को नहीं मिल पा रहे हैं।

#### यह कार्यालय नहीं हैं

- होमगार्ड
- डीईओ कार्यालय
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
- पीएचई
- जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय
- जल संसाधन विभाग
- परिवहन विभाग
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
- वन मंडल कार्यालय
- एनआईसी केन्द्र
- जिला ई गवर्नेंस सोसायटी
- पाठ्य पुस्तक निगम
- जिला कोषालय
- पीडब्लूडी
- आरईएस
- पीआईयू
- जिला पंचायत

#### कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय छोड़ सब प्रभार में चल रहे

मऊगंज जिला में कलेक्ट्रेट में ही सारे पद खाली हैं। एडीएम सहित डिप्टी कलेक्टर के 6 पद स्वीकृत हैं। लेकिन यहां भी सिर्फ दो डिप्टी कलेक्टर ही पदस्थ हैं। एक एसडीएम हनुमना हैं तो दूसरे के पास मऊगंज का प्रभार है। इसके अलावा यहां कोई भी अधिकारी नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर पीडब्लूडी ईई, पीएचई ईई, आरईएस, डीपीसी, जिला पंचायत सीईओ तक नहीं हैं। सारा काम रीवा से ही चल रहा है। हालात यह है कि जनपद पंचायत हनुमना और मऊगंज तक में सीईओ नहीं है। कुर्सी खाली चल रही है। इसके अलावा वन विभाग रीवा वन मंडल से संचालित हो रहा है। जिला भू अभिलेख अधिकारी नहीं है। सहायक के भरोसे काम चल रहा है। विभाग तक नहीं खुल पाया है। जिला खनिज कार्यालय नहीं है। यह भी रीवा से ही संचालित हो रहा है। जिला कृषि कार्यालय, उद्यान विभाग, सीएमएचओ कार्यालय भी नहीं है। इसका भी संचालन फिलहाल रीवा से ही हो रहा है।

## हल्का मढ़ी पटवारी के कार्यों से लोग परेशान

**जागरण, रीवा।** राजस्व महा अभियान के अंतर्गत रिकॉर्डों में सुधार कर लोगों के आपसी विवादों को सुलझाने के बजाय पटवारियों द्वारा और उलझाया जा रहा है। यह आरोप ग्राम मढ़ी तहसील रायपुर कर्चुलियान निवासी एस.एन. पाण्डेय ने लगाते हुए बताया कि वर्तमान हल्का पटवारी मढ़ी के पास जमीन का सीमांकन करने का कोई अनुभव एवं जानकारी नहीं है। अपनी अनुभव हीनता के कारण वह अत्यन्त विवादित पटवारी इकबाल को स्वयं की इच्छा से ले जाया करती हैं जो मनमाने ढंग से किसी एक पक्ष से सुविधा शुल्क लेकर मनमानी नाप कर लोगों के मध्य विवाद की स्थिति उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि मो. इकबाल की शिकायत पूर्व में भी जिला प्रशासन से की गई थी। जिसके आधार पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा इसे अन्य हल्के में पदस्थ किया गया था, लेकिन यह पटवारी दुर्भावनावश दूसरे हल्कों में जाकर अनियमित कार्य करता है। उसके द्वारा 14. दिसंबर 24 को ग्राम मढ़ी में जाकर स्वैच्छिक नाप कर विवाद की स्थिति को उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान व अनुविभागीय अधिकारी से अपेक्षा है कि उक्त पटवारी के स्वैच्छिक रूप से किये गये कार्यों की जाँच कर उसके द्वारा किये गये अनैतिक कार्यों को निरस्त कर अविवादित पटवारियों का दल बनाकर सीमांकन कराया जाय।

# सुपर स्पेशलिटी के बाबुओं और अधीक्षक के आने वाले हैं अच्छे दिन, डीडीओ मिलने की सुगबुगाहट शुरू

### डीडीओ मिला तो भर्रेशाही बढ़ जाएगी, मेडिकल कॉलेज पर डिपेंडेंसी कम होगी



**जागरण, रीवा।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की निर्भरता मेडिकल कॉलेज से कम होने वाली है। अधीक्षक को पॉवर फुल बनाने की तैयारी चल रही है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक अब सीधे वित्त से जुड़े फैसले ले सकेंगे और सीधे ट्रेजरी से बिल पास करा सकेंगे। इसके लिए इन्हें डीडीओ कोड जारी करने की कवायद शुरू हो गई है। हालांकि इससे बाबुओं की मनमानी और खरीदी, भुगतान में भर्रेशाही भी शुरू हो जाएगी।

ज्ञात हो कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अधीक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। अभी सारे काम अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल या फिर मेडिकल कॉलेज से ही होते है। डीडीओ भी सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक के पास नहीं थे। दवाइयों की खरीदी संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक के एमपपीएचसीएल की आईडी से होती है। इसके कारण अभी तक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्रेशाही कम थी। अब इसमें थोड़ा बदलाव करने की कवायद शुरू हो गई है। संचालक चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कॉलेज के डीन को पत्र लिखकर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक का डीडीओ कोड आवंटित करने और एमपीपीएचसीएल की आईडी जारी करने के लिए अभिमत मांगा है। डीन से पुरानी व्यवस्था और नई व्यवस्था के लाभ, हानि पर स्पष्ट बहुमत मांगा गया है। इसके बाद ही डीडीओ आवंटन का निर्णय लिया जाएगा।

**डीडीओ मिला तो यह सारे काम यहीं से होंगे :** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक को यदि डीडीओ आवंटित हुआ तो मेडिकल कॉलेज और संजय गांधी अस्पताल पर निर्भरता कम हो जाएगी। अभी जो उपचार में महंगे उपकरणों की खरीदी, दवा खरीदी होती थी। वह सारी खरीदी और भुगतान सुपर स्पेशलिटी से होने लगेगी। कर्मचारियों का वेतन, आफिस खर्च का भुगतान, मेडिकल बिल और कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृति के साथ ही अन्य सारे वित्तीय कार्य सुपर स्पेशलिटी से होने लगेंगे। अभी सारे प्रस्ताव बनाकर डीन मेडिकल कॉलेज के पास भेजना पड़ता है। इसमें समय लगता था। इतना ही नहीं अभी कोई भी प्रस्ताव विभागाध्यक्ष सीधे डीन को भेजते थे। वह सिस्टम बंद हो जाएगा। अधीक्षक के पास भेजना पड़ेगा।

#### यह होगा नुकसान और बढ़ेगा भ्रष्टाचार

सुपर स्पेशलिटी में अभी अधीक्षक का कद विभागाध्यक्षों से डिग्री के मामले में छोटा है। यही वजह है कि विभागाध्यक्ष कोई भी प्रस्ताव सीधे ही डीन को भेज देते हैं। डीडीओ मिलने के बाद विवाद बढ़ेगा। इतना ही नहीं यहां के कर्मचारी और लिपिक अभी कंट्रोल में हैं। डीडीओ मिलने के बाद कर्मचारियों से लूट खसोट बढ़ जाएगी। सुपर स्पेशलिटी में मरीजों को महंगे इक्यूपमेंट लगाए जाते हैं। दवाइयां भी महंगी होती है। इनकी खरीदी में भी हेरफेर तय है। इतना ही नहीं मेडिकल कॉलेज के पास जो प्रस्ताव भेजे जाते थे। वह भी नहीं जाएंगे। इससे डीन और अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल बायपास कर दिए जाएंगे।

## अजाक्स संघ की जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुईं स्नेहलता



**रीवा।** अनुसूचित जाति जनजाति, अधिकारी, कर्मचारी संघ (अजाक्स) का निर्वाचन अजाक्स संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष जे.एन. कांसोटिया के निर्देशानुसार 05 जनवरी को अजाक्स संघ कार्यालय में निर्वाचन मुख्य अधिकारी एस.एन. कोल द्वारा जिलाध्यक्ष का चुनाव शांति पूर्वक पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन अभ्यर्थी अनुराग ठकुरिया, डॉ. गणेश प्रसाद एवं स्नेहलता चौधरी रहे जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त अनुराग ठकुरिया को 04 वोट, डॉ. गणेश प्रसाद को 06 मत एवं स्नेहलता चौधरी को कुल 302 मत प्राप्त हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं उनके टीम द्वारा स्नेहलता चौधरी को विजयी घोषित किया गया। स्नेहलता के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर इंजी. एम.एल. बाडेकर संभागीय अध्यक्ष डी.पी. चौधरी कार्यवाहक संभागीय अध्यक्ष बसंतलाल कोल, रामसुजान साकेत, संभागीय प्रवक्ता सत्यसागर महासचिव जीतेश रावत, एस.बी. रावत, महासचिव रीता रावत, अनीता सागर आर.आर. चौधरी, डी.आर. परिहार, रामबदन कोल, सुखलाल कोल, रामनरेश रावत, अजाद भारतीय रामसुमेर वर्मा, अनिल बौद्ध, आदि समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति एव अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# जटिल हार्ट सर्जरी करने वाले चिकित्सकों को उप मुख्यमंत्री ने दी बधाई

### सुपर स्पेशलिटी में मरीजों से की मुलाकात



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल असाध्य रोगों के इलाज के लिए मील का पत्थर बन रहा है। पहले जो कठिन व जटिल आपरेशन रीवा में नहीं होते थे और इनके इलाज की कोई विशेष सुविधा नहीं थी अब वह दूर हो गई है तथा लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा में गत दिवस साढ़े चार घंटे तक चले जटिल व कठिन ओपन हार्ट आपरेशन करने वाले चिकित्सकों को बधाई दी तथा मरीज से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी व शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में रीवा में बेहतर इलाज के प्रबंध किए गए हैं। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सीवीटीएस सर्जन डॉ.राकेश सोनी ने साढ़े चार घंटे ओपन हार्ट सर्जरी कर मरीज के दिल का इलाज किया। वह और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। उल्लेखनीय है कि डॉ सोनी अब तक 8 बाईपास सर्जरी कर चुके हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में चिकित्सा की सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं ताकि रीवा मेडिकल हब बने और लोगों को इलाज के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ वीडी त्रिपाठी व डॉ एसके त्रिपाठी की सराहना की।

#### कैंसर यूनिट का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया तथा कैंसर इलाज के मशीन स्थापना हेतु बनाए जा रहे यूनिट के निरीक्षण के दौरान कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। इस दौरान कैंसर रोग विभाग के विभागध्यक्ष डॉ.अजीत मार्को सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## ओव्हर ब्रिज के समीप लगाए गए गति अवरोधक



**जागरण, रीवा।** सिरमौर चौराहा स्थित ओव्हर ब्रिज के समीप रविवार को फाईबर के गति अवरोधक लगाए गए। ओव्हर ब्रिज के दोनों ओर तेज रफ्तार वाहन चालकों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही थी। अब तक यहां दर्जनों दुर्घटनाएं घट चुकी हैं, जिसके चलते दैनिक जागरण ने इस समस्या का प्रमुखता से प्रकाशन कर यहां गति अवरोधक की आवश्यकता जताई थी। जिसके चलते प्रशासन द्वारा ओव्हर ब्रिज के समीप दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने रविवार को गति अवरोधक लगाए गए। संभव है गति अवरोधक लग जाने से यहां दुर्घटनाओं के ग्राफ में कमी आएगी।

## जनकल्याण अभियान: आज 12 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 6 जनवरी को अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत नवागांव उन्मूलन तथा पलिया 350 तथा अनुभाग हुजूर में पड़ोखर तथा बैसा में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में बरौली ठकुरान तथा बाबा की बरौली तथा अनुभाग मनगवां में बसौली नम्बर दो तथा पुरवा 310 में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 6 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में अंजोरा तथा राजापुर तथा अनुभाग सिरमौर में मोहरवा 481 और खड्डा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।



# हमारे समाज में काफी गहरी हैं धर्म व आस्था की जड़ें : डीसीएम

## आनंद मेला व नव वर्ष मिलन समारोह में हुए शामिल




**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल केसरवानी वैश्य महिला सभा रीवा द्वारा आयोजित आनंद मेला व नव वर्ष मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जहाँ एक ओर भाईचारे को बढ़ाते हैं वहीं दूसरी ओर आपस में लोगों का मिलना-जुलना भी हो जाता है। समाज के लिए विकास के साथ भाईचारा अत्यंत आवश्यक है।

कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में डीसीएम श्री शुक्ल ने कहा कि वैश्य महिला सभा द्वारा आयोजित यह आयोजन एकजुटता व प्रेम को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन में प्रदर्शनी लगाई गई है तथा विभिन्न स्टालों में स्वनिर्मित स्वादिष्ट व्यंजन भी रखे गए हैं जो महिलाओं की कुशल पाककला के उदाहरण हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे समाज में धर्म व आस्था की जड़ें काफी गहरी हैं। धार्मिक आयोजनों में महिलाएं आस्था के साथ बड़ी संख्या उपस्थित रहती हैं। कर्म, ज्ञान व भक्ति समाज व देश को आगे ले जाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। ज्ञान के अहंकार व अहंकार के ज्ञान में जिसे अंतर समझ आ गया वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन जाता है। श्री शुक्ल ने वैश्य महिला सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रसंशा की तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता सहित वैश्य समाज के प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की सुनी समस्याएं

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत अमहिया स्थित निज निवास में आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जनता दर्शन कार्यक्रम में अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचे लोगों को समस्या का निराकरण कराए जाने के लिए आश्वस्त किया।

# श्रीराम शोभा यात्रा निकालने का धर्मपरिषद ने किया स्वागत

## यात्रा में शामिल होंगे सभी धर्मप्रेरक सदस्य, करेंगे सहयोग

**जागरण, रीवा।** आगामी 10 जनवरी को श्रीराम दरबार समिति के तत्वाधान मे निकाली जा रही श्रीराम शोभा यात्रा का हिन्दू धर्म परिषद ने हर्ष व्यक्त करते हुये घोषणा का स्वागत किया है। ज्ञातव्य है कि आयोध्या मे श्रीराम मन्दिर स्थापना का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रीवा नगर में धूमधाम से मनाने शोभा यात्रा, भंडारा के साथ संगीतमय संकीर्तन कराये जाने की योजना आयोजन समिति द्वारा बनाई गई है, जिसमें शामिल होने श्रीराम भक्तों एवं सनातन प्रेमीजनों मे अत्यधिक उत्साह अभी से नज़र आ रहा है। श्रीराम धर्मप्रेरक सदस्यों से शामिल होने और आगे बढ़कर सहयोग करने परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी ने आग्रह किया है।

श्रीराम दरबार समिति द्वारा आगामी 10 एवं 11 जनवरी को कराये जाने वाले महान धार्मिक अनुष्ठान की परिकल्पना को साकार करने में प्रयासरत सभी लोगों को हिन्दू धर्मपरिषद के आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई संरक्षक, डॉ.सी.बी. शुक्ला, डॉ.के.के. परौहा, डॉ.ज्योति सिंह, डॉ.आदित्य सिंह, डॉ.नरेश बजाज, डॉ.राहुल मिश्रा, उमेश सेन, रामसखा यादव, सुनीलल अग्रवाल एड., शिवेन्द्र मिश्रा एड., महिला शाखा संरक्षक ममता नरेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.गीता शुक्ला 'गीत', वरिष्ठ शाखा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, राकेश तिवारी कपसा, संयोजक सुमित मॉजवानी, अध्यक्ष डॉ.देवेश कुमार सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष मोहित गुप्ता, युवा अध्यक्ष शिव कुशवाहा, उपाध्यक्ष विक्की शर्मा, अमित विश्वकर्मा, महासचिव संजय सेन, सह सचिव विकास मिश्रा, प्रचार सचिव अंशुमान गुप्ता, रामदयाल यादव, विकास सेन आदि ने शुभकामनायें देते हुये साधुवाद ज्ञापित किया है।

# जिले में अब तक 2597151 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 42335 किसानों से अब तक 2597151 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 585 करोड़ 64 लाख 31275 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 54548 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। अब तक 19 लाख 11 हजार 822 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अतिरिक्त वाहन लगाकर खरीदी केन्द्रों में भण्डारित धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 270 करोड़ 13 लाख 23 हजार 464 रुपए जारी किए जा चुके हैं।

# सांसद तथा विधायक ने कदैला तथा टमस समूह जल प्रदाय योजना का किया निरीक्षण



**जागरण, रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्र तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कंदैला और टमस और ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया। सांसद तथा विधायक ने कंदैला में इंटेक वेल और जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण कर जल प्रदाय योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सांसद श्री मिश्र ने बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के ग्राम डबरई झिन्ना में निर्माणाधीन इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम रजहा कोठरा तथा लेडुआ में निर्मित उच्च स्तरीय टंकी तथा ग्राम पन्नी में पाइप लाइन बिछाने के कार्य को भी देखा। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। इसके लिए लगातार कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाकर नल कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल प्रदाय योजना के सभी निर्माण कार्य तेजी से पूरा करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। पाइपलाइन बिछान के बाद खोदे के स्थल का अच्छे से समतलीकरण करें जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। इस अवसर पर जल निगम रीवा के महाप्रबंधक चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जनसहभागिता डॉ नंदकिशोर पचौरी तथा सहायक प्रबंधक रूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# जैव विविधता और पक्षियों के संरक्षण पर हुई चर्चा



**रीवा।** महाविद्यालयीन ईको क्लब के आयोजकत्व में जीडीसी प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में और ईको क्लब संयोजक डॉ. महेंद्र मणि द्विवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पक्षी दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जैव विविधता और पक्षियों के महत्व उनके संरक्षण,संवर्धन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डॉ करुणा शंकर मिश्र द्वारा इफ्को भोपाल द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया। गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतियोगिता में किस प्रकार सहभागिता की जा सकती है। डेमो के माध्यम से समझाया गया और प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में छात्राओं को सहभागिता हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ आर पी गुप्ता , डॉ अनुराधा मिश्रा, डॉ करुणा शंकर मिश्र ,अजय पटेल अन्य ईको क्लब सदस्यों के साथ काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# खंडकाव्य सूर्पनखा का विमोचन संपन्न



**जागरण, रीवा।** लोक भाषा बघेली के विकास के लिए प्रतिबद्ध साहित्यिक संस्था बघेली सेवा मंच रीवा के संयोजन में होटल सेलिब्रेशन के सभागार में श्रवण प्रसाद नामदेव रचित खंडकाव्य शूर्पणखा एवं दक्षिण पठानी कार्तिकेय का विमोचन विगत दिवस संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एन.पी. पाठक, पूर्व कुलपति एपीएसयू ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा, कि लेखक की विशेष दृष्टि श्रीरामचरित मानस के उन पात्रों पर पड़ी है, जिन्हें अन्य पात्रों की अपेक्षा अधिक महत्व नहीं दिया था। निश्चित ही सूर्पनखा एक ऐसी भूमिका में रही, जिसके कारण सत्य की असत्य पर जीत, सुखमय समाज की स्थापना के साथ ही रामराज्य की कल्पना साकार हो सकी। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समालोचक साहित्यकार डॉ चंद्रिका प्रसाद चंद्र ने, सूर्पनखा खंड काव्य को काव्य की नवीन दृष्टि का परिणाम निरूपित करते हुए कहा, कि सूर्पनखा गौरीशंकर श्रीवास्तव पथिक के अभयारण्य काव्य कृति की प्रतिक्रिया में लिखी गई रचना है। किं बहुना तुलसीदास रचित रामचरित मानस से भी असहमति है। सूर्पनखा का क्षण भर में नाक कान काट देना, रघुवंशी का मान घटाना लगता है। इसके पूर्व प्रसिद्ध कथाकार डॉ. लालजी गौतम ने श्रवण नामदेव की इस रचना की सराहना करते हुए पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर गहन समीक्षात्मक दृष्टि डाली। डॉ. रामगरीब पाण्डेय विकल ने सूर्पनखा खंडकाव्य पर अपनी बात रखते हुए कहा कि, व्यक्ति अपनों की मर्यादा भंग होने से आहत होकर ही आत्महंता जैसे कदम उठा सकता है। इस उद्देश्य को लेकर ही सूर्पनखा ने अपना मानहरण का आरोप लक्ष्मण और राम पर लगाकर अपने पति के हंता भाई रावण को आक्रोशित और राम से युद्ध करने को उन्मुख किया। वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल ने श्रवण प्रसाद जी की रचना सूर्पनखा पर अपनी खोजी दृष्टि डालते हुए, रामचरित्र मानस के विभिन्न पात्रों का उल्लेख किया तथा लोक में फैली अराजकता के शमन के लिए, सूर्पनखा की भूमिका को बड़ा कदम निरूपित किया। इस अवसर पर उपस्थित डॉक्टर के.एल.नामदेव ने श्रवण नामदेव के इस सृजन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन बघेली सेवा मंच के अध्यक्ष साहित्यकार भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर ने किया। कार्यक्रम में वरिरूठ पत्रकार डॉ.महेश सिंह, मोहनलाल तिवारी अध्यक्ष खेल संघ रीवा, डॉ रामनरेश पटेल प्राचार्य, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव लोचन तिवारी, कवि नागेंद्र मिश्र मणि, हशमत रीवानी, अमित द्विवेदी, रामकृष्ण द्विवेदी, अनुराधा पांडे, गीता शुक्ला, इंदिरा अग्निहोत्री, डॉ.स्मिता नामदेव, डॉ.राम सरोज द्विवेदी शांतिदूत, अमृता नामदेव, वैद्यनाथ नामदेव, कामता, भगवान दास, लक्ष्मी, विकास नामदेव, नारायण डिगवानी, ओमप्रकाश मिश्रा कथाकार, रमाकांत तिवारी साहित्यकार, कवि शिवानंद तिवारी, आशीष त्रिपाठी, पार्षद मनीष नामदेव, डॉक्टर रत्नेश नामदेव, मनोज, राकेश, रमेश नामदेव के अलावा श्रवण नामदेव के परिजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# एआई से जॉब्स घटेंगी नहीं, नई नौकरियां बढ़ेंगी : सपनेश

## आज इंडस्ट्री में बढ़ रही है स्किल्ड वर्कफोर्स की आवश्यकता : अंजली

## एमसीयू में आईटी प्रोफेशन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**जागरण, रीवा।** आज पूरे आईटी सेक्टर में रिसर्च से जुड़ी जॉब्स बढ़ रही हैं। कंप्यूटर आज सिर्फ कोडिंग और प्रोग्रामिंग तक सीमित नहीं रहा है। नेटवर्किंग, सिक्योरिटी और एआई जैसे फील्ड्स के लिए बहुत बड़ी संख्या में कुशल लोगों की आवश्यकता है। उक्त बातें वरिष्ठ कंप्यूटर आर्किटेक्ट सपनेश अग्निहोत्री ने कहीं। वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में फैकल्टी मेम्बर्स और कंप्यूटर के विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम में उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत में परिसर निदेशक डॉ संदीप भट्ट ने कहा कि कंप्यूटिंग और इन्फरमेशन टेक्नालाजी के सेक्टर्स में अवसरों की भरमार है। अतिथियों के स्वागत के पश्चात कार्यक्रम के आरंभ में विषय की भूमिका कंप्यूटर विभाग के समन्वयक श्री रवि साहू ने रखी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के निर्माण में संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग भी बेहतर तरीके से करें। जर्मनी की प्रतिष्ठित आईटी फर्म सैप लैब्स के सीनियर आर्किटैक्ट श्री अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि आज पूरी दुनिया में कंप्यूटर तकनीक के सेक्टर में बहुत तेजी से बदलाव आ रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते नौकरियों पर खतरे मंडराएंगे और जॉब्स कम होंगी लेकिन ऐसा कतई नहीं है। कंप्यूटर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की डिमांड के हिसाब से खुद को अपडेट करते रहना होगा। इस अवसर पर आईटी कंपनी कैप जैमिनी की मानव संसाधन विभाग से जुड़ी वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती अंजलि तिवारी ने कहा कि आज दुनिया में आईटी इंडस्ट्री में स्किल्ड लोगों की खूब आवश्यकता है। उन्होंने करियर की शुरुआत करने के विषय पर विद्यार्थियों के सवालों के जवाब में कहा कि इंटरव्यू और एक्जाम में अच्छी तैयारी करनी चाहिए। व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देना जरूरी है। परिसर निदेशक डॉ संदीप भट्ट ने कहा कि कंप्यूटिंग और इन्फरमेशन टेक्नालाजी के सेक्टर्स में अवसरों की भरमार है। इस अवसर पर परिसर के प्रशासनिक अधिकारी डॉ बृजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मीडिया के नए दौर में सोशल मीडिया एक प्रभावी भूमिका में सामने आ रहा है, जिसके पीछे कंप्यूटर तकनीक की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं बनी हुई हैं। उन्होंने परिसर में पधारे दोनों ही अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कंप्यूटर विभाग के शिक्षक तरूण त्रिपाठी डॉ. वंदना तिवारी, अपर्णा गोस्वामी सहित बीसीए द्वितीय एवं प्रथम वर्ष पीजीडीसीए तथा डीसीए के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परिसर के कंप्यूटर विज्ञान विषय के शिक्षक प्रदीप शुक्ला ने किया।

# समारोह पूर्वक मनाई गयी माता सावित्री बाई फुले की जयंती




**जागरण, रीवा।** वेंकट भवन के सामने ओबीसी एस टी एस सी अल्पसंख्यक महासंघ के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फुले जयंती समारोह मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा के सामने दीप प्रवलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल रहे, वहीं अध्यक्षता रैगांव पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने की। अतिथियों के स्वागत हेतु स्वागत भाषण रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजी.दीपक सिंह द्वारा करते हुए सावित्री बाई फुले के जीवनी का उल्लेख किया,और महिलाओं को शिक्षित और संगठित होकर देश निर्माण में भागीदारी की बात कही। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल ने जातिगत जनगणना, संविधान बचाओ, जनसंख्या के आधार पर आरक्षण, प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। अध्यक्षता कर रहीं पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की तरह समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने को कहा और जिस तरह महिलाओं की संख्या इस देश में आधी है उस तरह उनकी हर सेक्टर में भागेदारी और हिस्सेदारी भी पचास प्रतिशत होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष रोहिणी प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ नेता इंद्रमणि सिंह, रतनलाल बाथम, एड रामयज्ञ सोधिया, मोहम्मद नसीम खान, एड रामानुज सोधिया, साध्वी राजकुमारी, कुमारी रानी रैकवार, रेनू यादव,जे एल त्यागी, जयप्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र पटेल,पप्पू कनौजिया इत्यादि लोगों ने शासन प्रशासन में जनसंख्या के आधार पर भागेदारी, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय की लडाई पर मजबूती से अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन महासंघ के अध्यक्ष सी एल यादव ने किया। इस अवसर पर आशा सिंह, राजकली पटेल, फुलेल सिंह, डॉक्टर के डी सिंह, हरिहर प्रसाद पटेल,विक्रम भाई पटेल, अजय सिंह अमिलकी, महेंद्र पटेल, एड प्रीति सोधिया, एड सपना वर्मा, पतिराज सिंह,मदन सिंह पटेल, माधव सिंह डायमंड, रोहित पटेल, परिवर्तन पटेल, दीपू बंसल, महेश बंसल,करुणा सिंह,कंचन पटेल, खुशबू साकेत, अच्छेलाल निराला, पुष्पेंद्र पटेल, रामसिया कुशवाहा,सुरेश सेन, राजेंद्र कुशवाहा, तुलसीदास कुशवाहा,रामानुज पटेल, विनोद पटेल, श्याम पटेल, धर्मेंद्र पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सीवर लाइन के लिए काट दिये गये नल कनेक्शन,माह भर बाद भी नहीं जोड़ा

**रीवा।** वार्ड क्रमांक 04 नई बस्ती पड़रा में सीवर लाइन का काम करने वाली कम्पनी द्वारा 130 मीटर प्रकाश स्कूल तक सड़क की खोदाई करते समय सभी की पेय जल सप्लाई कनेक्शन तोड़ दिये गये व टूटे कनेक्शनों को जोड़े बिना सीवर लाइन ठेकेदार द्वारा गड्ढा भाट दिया गया। बस्तीवासियों के द्वारा ठेकेदार से जब पाइपलाइन जोड़े जाने की बात कही गई तो उन्होंने कहा कि पेयजल का मुख्य पाइप लाइन खराब था, नगर निगम रीवा द्वारा नया पाइप लाइन डाल कर कनेक्शन कर दिया जायेगा। नगर निगम द्वारा नई पाइप लाइन डाल दी गयी किन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी कटे हुये कनेक्शन को नये पाइप लाइन से नही जोड़ा गया। वार्ड क्रमांक 04 नई बस्ती पड़रा में पेयजल जनहित की महत्वपूर्ण आपूर्ति है, नगर निगम रीवा के अधिकृत जनों से आग्रह है कि अविलंब पेय जल सप्लाई चालू कराएं अन्यथा जनता आन्दोलन के लिये उद्यत हो जाएगी।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झांसी-इन्जी0- ई-2024-228 **दिनांकः** 01.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झांसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़न :- ललितपुर-खजुराहो सेक्शनः प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग डब्लू मेटल कैटल बैरियर एलोंग दी ट्रैक टू प्रिवेंट सीआरओ इन बिटवीन टेक ऑफ़ पॉइंट ऑफ़ ललितपुर एट किमी. 1038 टू 1053.695 बिरारी एंड किमी. 1172.404 टू 1177.616 इन छतरपुर बसरी सेक्शन ऑफ़ ललितपुर - खजुराहो सेक्शन ऑफ़ ललितपुर - खजुराहो सिंगल लाइन अंडर एडीईएन / महोबा सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत** : ₹ 151142114.70 | **अमानत राशि** : ₹ 905700.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 27/01/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

निविदा दिनांक 27.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **05/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्र सं.-No.JHS/Commercial/e-Auction/25/80** **दिनांक-03.01.2025**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य )- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी** : प्रचार | **केटलोग संख्या** : JHS-ADV- MIX-04

**एसेट्स डिटेल्स**

1. Advertisement Under Miscellaneous Statics policy auction: • BHIMSEN **(BZM)** goods shed canteen. • Gwalior (GWL) Banking promotional KIOSK. • Contract for Installation, Maintenance and operation of Electric Vehicle (EV) Charging stations at 04 Railway stations: **BNDA, ORAI, KURJ, & LAR**
2. Contract Of Supply, Operation & Maintenance Of Atm at 03 Railway Stations Under Atm Policy: **VGLJ, DAA, MBA**
3. Advertidement right through RDN Non-digital LED FLANGE media inside **MRA, LAR, KURJ, TKMG,** stations.
4. Advertidement right through RDN Non-digital media inside **MRPR, NEW, DAA** stations.
5. Advertidement right through RDN Digital media inside **KURJ, BNDA & MBA** stations.
6. Advertidement right through Out of home in the circulating area of **DAA, DBA, MRA, MBA, MRPR & KURJ** stations.
7. Advertisement right on exterior portion (below window) of the coaches of following Train No. (05 TRAINS) 01823/24,01887/88, 01883/84, 04117/18, 22193/94
8. Advertisement right on exterior portion (Full Face) of the coaches of following Train No. (01 TRAIN) **22195/96 - 02199/20-22197/98**

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांकः-20.01.2025 को समयः - 10:45 से**

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांकः-20.01.2025 को समयः - 16:15 तक**

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अतंर्गत उपलब्ध है। **21/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**रजिस्ट्री सं.:** डी.एल.-33004/99 **REGD. No.:** D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-यू.पी.-अ.-29122024-259681
CG-UP-E-29122024-259681
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

**सं. 5146]** **नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 26, 2024/पौष 5, 1946**
**No. 5146]** **NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 26, 2024/PAUSHA 5, 1946**

**रेल मंत्रालय**
**[उत्तर मध्य रेलवे (इंजीनियरिंग विभाग)]**
**अधिसूचना**
प्रयागराज, 19 दिसम्बर, 2024

**का. आ. 5561 (अ).**– केन्द्र सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24 ) एवम रेलवे (संशाधन) अधिनियम (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, वह भूमि, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात मानिकपुर-नैनी रेलवे स्टेशन के मध्य समपार संख्या 413 ग्राम- बरहा, तहसील- त्योंथर पर एल.एच.एस. (सीमित ऊँचाई का सबवे) के निर्माण के बाबत ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन के अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा।

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/तहसील- त्योंथर, रीवा (मध्य प्रदेश) को लिखित में किया जा सकेगा और उसके आधार उपवर्णित किये जायेंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसी आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी जो आवश्यक समझे आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ (3) के अनुसार धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाले भूमि का रेखांकन और अन्य व्योरे सक्षम प्राधिकारी, अर्थात, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/तहसील- त्योंथर, रीवा (मध्य प्रदेश) के कार्यालय में उपलब्ध है और इच्छुक व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**मानिकपुर-नैनी रेलवे स्टेशन के मध्य रामपार संख्या 413 ग्राम- बरहा, तहसील- त्योंथर पर आरयूबी के निर्माण के बाबत आने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

| क्र. सं. | तालूका/ तहसील का नाम | परगना | गाँव का नाम | खसरा सं0 | अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि | भूमि की प्रकृति | भूमि के भाग की यूनिक आई.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | त्योंथर | त्योंथर | बरहा | 983/4 (S) 4.1030 हेक्टेयर | 0.072 हेक्टेयर | कृषि | 1442979178 835J9LDEHF4SH0 |
| 2 | त्योंथर | त्योंथर | बरहा | 980/8 (S) 1.0400 हेक्टेयर | 0.072 हेक्टेयर | कृषि | 1442665181 835KNMDEHY8QH0 |
| 3 | त्योंथर | त्योंथर | बरहा | 987/ 8 (S) 1.0150 हेक्टेयर | 0.164 हेक्टेयर | कृषि | 1443397364 835Z0VDEHYAEH0 |

[ई-फाईल नंबर : NCR फाईल नंबर NCR -HQ0ENGG (CORR)/12/2024-O/o Dy.CE/Br./L/ALD (कंप्यूटर नंबर 115593)]

**06/25(A)** सुखमल चन्द जैन, प्रमुख मुख्य इंजीनियर

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय में लुई ब्रेल दिवस मनाया




**जागरण, रीवा।** नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय में शनिवार को लुई ब्रेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल डॉ. रामविलास दुबे थे। अध्यक्षता विद्यालय संचालक देवेन्द्र शास्त्री ने की। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को लुई ब्रेल के बारे में जानकारी दी। लुई ब्रेल का जन्म 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के पेरिस शहर से 25 किमी दूर कूप्रे नामक गांव में हुआ था एवं निधन 6 जनवरी 1852 को हुआ था। उन्होंने कहा कि लुई ब्रेल को सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि उनके द्वारा किए गए कार्यों का आप लोग भी अपने में आत्म मंथन करें, नशे से दूर रहें एवं ऐसा कुछ करें कि आपका नाम भी अपने जिला, संभाग में हो।

संचालक शास्त्री ने लुई ब्रेल के जीवन में प्रकाश डाला। उन्होंने लुई ब्रेल की आंखों की रोशनी जाने तथा उनके द्वारा दृष्टिहीनों के पढ़ने के लिए लिपि तैयार करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दृष्टिहीनों के बीच उनकी लिपि 1824 में दुनिया के लगभग सभी देशों में उपयोग में लाई जाने लगी। उनके सम्मान में भारत सरकार द्वारा एक डाक टिकट जारी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व शिक्षक रामानंद सोनी द्वारा भी लुईके बारे रचित कविता का पाठ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के समस्त पदाधिकारी, वार्डन शंकर प्रसाद मिश्र, लिपिक राजेश कुमार मिश्र, नितीश सिंह तिवारी, सज्जन देवी वर्मा, अभय तिवारी, पूर्व प्रभारी प्राचार्य ददोली प्रसाद मिश्र सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्राचार्य रामउदय तिवारी ने आगन्तुकों का आभार माना।

# खेल हमें एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं : उप मुख्यमंत्री

## हैण्डबाल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल हमें एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। खेलों के माध्यम से भाईचारे की भावना बढ़ती है तथा यह ऐसी विधा है जिसमें जीतने वाला हारने वाले को आगे बढ़ने के लिए अपनी शुभकामनाएं देता है। उप मुख्यमंत्री रीवा में आयोजित हैण्डबाल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। एनसीसी ग्राउण्ड में आयोजित चार दिवसीय हैण्डबाल प्रीमियर लीग के सीजन 8 के प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उप विजेताओं को आगे के खेलों में पूरी तैयारी के साथ भाग लेने की बात कही ताकि उन्हें सफलता मिल सके। श्री शुक्ल ने खिलाड़ियों का आह्वान किया कि पढ़ाई-लिखाई व खेल के साथ विद्यालयों में आयोजित होने वाली अन्य गतिविधियों में भाग लें तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने नशे की विकृति से दूर रहने की बात इस अवसर पर कही। श्री शुक्ल ने कहा कि आज के युवा ही देश के निर्माता हैं। अतः अपने लक्ष्य का निर्धारण करते हुए पूरे मनोयोग से शिक्षित हों और देश के विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, परमजीत सिंह डंग सहित प्रतियोगिता के आयोजक तथा खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# रीवा से कुम्भ के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

## 12 जनवरी से 27 फरवरी तक होगा संचालन, पमरे ने जारी की सूचना




**जागरण, रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन से प्रयागराज कुम्भ मेला के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन का संचालन आगामी 12 जनवरी से होगा। हालाकि यह ट्रेन रीवा से चलकर मानिकपुर तक जायेगी। इसके आगे का सफर कुम्भ यात्रियों को अपनी सुविधा के अनुसार तय करना होगा। इस बाबत पश्चिम मध्य रेलवे ने सूचना जारी कर दी है। सूचना के मुताबिक यह कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित रहेगी। ट्रेन का संचालन 12 जनवरी से 27 फरवरी तक होगा। उक्त अवधि में यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 6.45 बजे रीवा से रवाना होगी और कैमा, जैतवारा, मझगवां होते हुए सुबह सवा 10 बजे मानिकपुर स्टेशन पहुँचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08247 सुबह सवा 11 बजे मानिकपुर स्टेशन से चलेगी और दोपहर ढाई बजे रीवा स्टेशन पर आयेगी। अनारक्षित ट्रेन होने से इसमें सभी कोच सामान्य श्रेणी के होंगे। अर्थात इस ट्रेन में सफर करने के लिए यात्रियों को पहले से सीट आरक्षित कराने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि प्रयागराज में इस कुम्भ मेला का विशेष महत्व होता है, जिसमें शामिल होने से रीवा जिले से भी अधिकाधिक लोग पहुँचते हैं। इस धर्म यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए पमरे ने यह स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था दी है।

## सुबह 10 बजे के पहले नहीं लगेंगी कक्षाएं

**रीवा।** जिले में भीषण ठँड का प्रभाव बढ़ने लगा है। इस ठँड को देखते हुए कलेक्टर ने आदेश जारी किए हैं कि सुबह 10 बजे के पहले शालाओं का संचालन नहीं किया जाये। कलेक्टर ने यह आदेश मुख्य रूप से नर्सरी से लेकर 8वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए जारी किया किया है। जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल का यह आदेश सभी सरकारी व निजी विद्यालयों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उल्लेखनीय है कि इस भीषण ठँड के मौसम में बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यालय का समय बदलने यह पत्र जारी किया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठकों का आयोजन

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 6 जनवरी को टीएल बैठक के उपरांत जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई है। तदुपरांत तकनीकी (ऋण मान्य) निर्धारण संबंधी बैठक भी आयोजित होगी।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आज

**रीवा।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की मुद्रित कॉपी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निःशुल्क प्रदान की जायेगी। इस संबंध में 6 जनवरी को दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधि से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# जिले में साढ़े 3 वर्ष बाद भी नहीं खुला कन्या विश्वविद्यालय

## धरा रह गया जिले के 4 विधायकों का अशासकीय संकल्प

जागरण, रीवा

जिले में शासकीय कन्या विश्वविद्यालय खुलने की आस बुझने लगी है। जिले के चार विधायकों ने साढ़े 3 वर्ष पहले मप्र विधानसभा में अशासकीय संकल्प पारित कराया था, जिस पर कुछ नहीं हुआ। इधर, नया शैक्षणिक सत्र 2024-25 भी प्रारम्भ हो गया, परंतु रीवा में कन्या विश्वविद्यालय को लेकर विभागीय स्तर पर कोई चर्चा नहीं है और अब चुनाव गुजर जाने के बाद ऐसा कुछ होना भी मुश्किल है। अशासकीय संकल्प को लेकर जो स्थिति है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि प्रदेश सरकार ने अपनी ही पार्टी के विधायकों के इस संकल्प को महत्व नहीं दिया। विदित हो कि गत वर्ष जुलाई 2021 में गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, मऊगंज विधायक प्रदीप सिंह पटेल, तत्कालीन त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी व सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने इस बाबत पत्राचार किया था। इन विधायकों ने विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 117 के अधीन यह संकल्प प्रस्तुत कराया। विधायकों की इस कार्यवाही का उत्तर सदन में 2 अगस्त को दिया गया। उस समय विधायकों की इस पत्राचार कार्यवाही से उच्च शिक्षा विभाग भी सक्रिय हुआ और कन्या विश्वविद्यालय खोलने संबंधी आवश्यक जानकारी संकलित की गई। आखिर में उक्त सारी कार्यवाही रद्दी की टोकरी में चली गई।



**छात्रों की तुलना में 2860 छात्राएं अधिक :** उस समय एडी रीवा ने विभाग को जानकारी दी थी कि जिले के 16 सरकारी व अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में 30 हजार 612 विद्यार्थी हैं। इनमें से 13 हजार 876 छात्र हैं और 16 हजार 736 छात्राएं हैं, जिनकी संख्या छात्रों की तुलना में 2860 अधिक है। अर्थात् जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनत् कुल विद्यार्थियों में से 60 प्रतिशत छात्राओं की संख्या है।

### छात्राओं के अनुपात में कम पद स्वीकृत, पदस्थ शिक्षक उससे भी कम

जिले में इकलौते शासकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना 1961 में हुई थी। चूंकि स्थापना के समय छात्राओं की संख्या 1 हजार से कम थी, लिहाजा महाविद्यालय में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के मिलाकर 60 पद स्वीकृत किए गए। अब महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या 6 हजार 700 से अधिक हैं। यानि छात्राओं की संख्या के अनुपात में महाविद्यालय में नियमित शिक्षक के स्वीकृत पद की संख्या ही बहुत कम है। इस पर भी वर्तमान में महाविद्यालय में केवल 40 के लगभग नियमित शिक्षक ही पदस्थ हैं। बताते हैं कि महाविद्यालय में 4 संकाय के अंतर्गत 16 शैक्षणिक विभाग हैं। गणित विभाग को छोड़कर प्रत्येक विभाग में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित हैं। अब यूजीसी के मापदण्ड के अनुसार बात करें तो प्रत्येक विभाग में 10 नियमित शिक्षक अर्थात् महाविद्यालय में न्यूनतम 160 नियमित शिक्षक के पद स्वीकृत होने चाहिए। हालांकि अभी हाल ही में राज्य शासन ने नियमित शिक्षक के 5 नये पद स्वीकृत करने का उपकार जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय पर किया है।

### वर्षों से उठ रही है मांग

विधायकों के पत्राचार और एडी रीवा द्वारा दिए गए जवाब से जिले में कन्या विश्वविद्यालय खुलने की उम्मीद जगी, लेकिन कार्यवाही न होने से अब छात्राएं फिर निराश होने लगी हैं। बताते चलें कि करीब 6 साल पहले कांग्रेस की सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री ने नवीन कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी कर दी थी, जो सरकार बदलने के बाद पूरी नहीं हो सकी। विभाग ने उस समय भी कन्या महाविद्यालय खोलने संबंधी प्रस्ताव की जानकारी मांगी थी।

## ट्रॉयल में पहुंचे 70 खिलाड़ी, 15 शार्टलिस्ट



**जागरण,रीवा।** मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा मान्यता प्राप्त मप्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) में भाग लेने वाली रीवा जैगुआर की टीम के खिलाड़ियों के चयन के उद्देश्य से रविवार को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में सुबह 11 बजे से ट्रायल आयोजित किया गया। रीवा जैगुआर टीम के कोऑर्डिनेटर व पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वर पाण्डेय ने बताया कि इस ट्रायल में करीब 70 खिलाड़ियों ने रीवा संभाग के अलग-अलग जिलो से प्रतिभाग किया। जिसमें से 15 खिलाड़ियों को शार्टलिस्ट किया गया है वहीं 6 खिलाड़ी स्टैंडबाई हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रॉयल को कराने का एकमात्र उद्देश्य यह रहा कि कोई प्रतिभा छूट न सके व सभी को अपने क्रिकेट कौशल को दिखाने का अवसर मिले। 19 वर्ष से 23 वर्ष की आयु के बीच वाले खिलाड़ी ही ट्रॉयल शामिल किए गए।

### इनको किया शार्टलिस्ट

ट्रॉयल में 15 खिलाड़ियों की सूची में स्वप्निल शुक्ला, जयदेव सिंह, शिवांशु पांडेय, विकास शर्मा, नवीन सिंह, आदर्श मिश्रा, साहिल सिंह, रितेश सिंह, स्वभव सोनी, सौरभ पांडेय, आकाश शुक्ला, प्रजय सिंह, शिवशक्ति शुक्ला, मनीष पटेल, राधाकृष्ण द्विवेदी शामिल हैं। वहीं 6 स्टैंडबाई में अमित पाल, रिषभ पांडेय, अमित मिश्रा, अविनाश पांडेय, सत्यम सिंह, विपिन गौड़ शामिल है। चयनित सभी खिलाड़ी रीवा, मऊगंज व सिंगरौली जिले के हैं। बताया गया कि सतना और शहडोल द्वारा अपनी अलग टीम एमपीएल के लिए तैयार की जा रही है।

# 6 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

## टीआरएस कॉलेज में आयोजित होगा रोजागार मेला

**जागरण,रीवा।** स्थानीय शासकीय टीआरएस महाविद्यालय रीवा में आज सुबह 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा शैक्षणिक योग्यता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

### यह कंपनियां आएंगी

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में आईशर ट्रक एंड बस पीथमपुर धार इंदौर, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा.लि.(आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रालि जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# समय-सारिणी के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित रहेंगे शिक्षक

## उच्च शिक्षा आयुक्त ने नियमित कक्षा संचालन संबंधी जारी किए निर्देश

**रीवा।** शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को नियमित कक्षाओं में जाना होगा। प्राचार्य किसी भी शिक्षक को उसके कक्षा समय में कोई दूसरा काम नहीं सौंपेंगे। ताकि किसी भी परिस्थिति में शिक्षक कार्य प्रभावित न हो। उक्त आदेश उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने दिए हैं। इस बाबत आयुक्त, उच्च शिक्षा ने सभी प्राचार्यों को विगत माह पत्र जारी किया है। पत्र में विभाग आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि सभी शिक्षक समय-सारिणी के अनुसार अपनी कक्षाओं में नियत समय पर अनिवार्यतः उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय प्रबंधन को कक्षा समय-सारिणी सूचना पटल पर चस्पा करनी होगी। सूचना पटल पर इस प्रकार समय-सारिणी लगानी होगी, जिससे छात्रों, अभिभावकों एवं अन्य आगंतुकों को वह आसानी से दिखाई दे। पत्र में विभाग आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया है कि अगर किसी टीएल बैठक, समीक्षा बैठक आदि, जिसमें प्राचार्य को जाना होता है, वह एडी रीवा की बिना अनुमति अपने प्रतिनिधि के तौर पर किसी शिक्षक नहीं भेजेंगे, जिससे विद्यार्थियों की कक्षाएं प्रभावित न हों। विभाग आयुक्त ने एडी रीवा को नियमित महाविद्यालयों का निरीक्षण करने की हिदायत भी दी है। एडी रीवा जब निरीक्षण में होंगे, उस समय एडी रीवा कार्यालय के ओएसडी महाविद्यालयों में कक्षा संचालन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

# सितंबर में एमबीबीएस परीक्षा, एक अक्टूबर से प्रारंभ होगा सेकेंड बैच

## मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने जारी किया एकेडमिक कैलेंडर




**जागरण,रीवा।** मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें सत्र 2024-2025 के लिए मेडिकल, डेंटल, आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी (नर्सिंग-पैरामेडिकल को छोड़कर) के एकेडमिक कैलेंडर शामिल हैं। मेडिकल संकाय में एमबीबीएस के लिए इस सत्र की पढ़ाई 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हो चुकी है। परीक्षाएँ इसी वर्ष सितंबर माह में शेड्यूल की गई हैं। इसके बाद 1 अक्टूबर से सेकेंड प्रोफेशनल बैच की पढ़ाई शुरू होगी। विवि से सम्बद्ध कॉलेजों को इसी कैलेंडर के अनुरूप अकादमिक गतिविधियाँ संचालित करनी होंगी। कैलेण्डर में कोर्स के संचालन, असेसमेंट, समर वैकेशन, विंटर वैकेशन, प्री-यूनिवर्सिटी टेस्ट से लेकर फाइनल एग्जाम और रिजल्ट तक की तिथि और समय को बताया गया है। प्रबंधन का कहना है कि एकेडमिक कैलेण्डर होने से स्टूडेंट्स को परीक्षा की संभावित तिथियों की जानकारी पहले से होगी। जिससे वे तैयारी कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार विवि और सम्बद्ध कॉलेज इसी के मुताबिक कार्य करेंगे। सभी गतिविधियों की प्लानिंग इसी कैलेंडर के हिसाब से होगी।

### अन्य पाठ्यक्रमों का कैलेण्डर

- एमडी-एमएस और एमडीएस 2024-25 बैच की शुरूआत 20 दिसंबर 2024 से हो चुकी है, जिसकी परीक्षा विवि ने नवंबर-दिसंबर 2027 में कराने का निर्णय लिया है।
- डेंटल संकाय स्नातक 2024-25 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सत्र गत 1 दिसंबर से शुरू हो चुका है, जिसकी परीक्षाएँ इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में होंगी।
- आयुष संकाय में स्नातक के लिए 1 नवंबर 2024 से सत्र शुरू हो चुका है, जिसकी परीक्षाएँ मार्च 2026 में तय की गई हैं।
- होम्योपैथी संकाय में स्नातक के लिए 1 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अगले वर्ष 2026 के मार्च-अप्रैल में परीक्षाओं के साथ समाप्त होगा

# छात्रों के लिए पढ़ाई को ज्यादा रोचक बनायेगा ऑडियो पॉडकास्ट

## सीबीएसई ने अपनाई नई तकनीक, वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे रोचक संदेश

**रीवा।** परीक्षा का तनाव कम करने और पढ़ाई को ज्यादा रोचक बनाने के लिए सीबीएसई ने पहली बार ऑडियो पॉडकास्ट जारी किए हैं। ये पॉडकास्ट छात्रों को जीवन जीने का सलीका सिखाने के साथ ही खुद को अवसाद से बचाने का रास्ता बताएगा। माता-पिता बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करें, इसके लिए भी अलग से पॉडकास्ट तैयार किया गया है। इसके लिए सीबीएसई की वेबसाइट पर 25 मिनिट 16 सेकेंड की ऑडियो लाइब्रेरी मौजूद है। सीबीएसई ने कुछ पॉडकास्ट करियर गाइड के लिए भी तैयार किये हैं। इन्हें सुनकर 10वीं और 12वीं की पढ़ाई के बाद छात्र क्या करें, इसमें पॉडकास्ट उनकी मदद करेगा। छात्र-छात्राएं और अभिभावक ये पॉडकास्ट सीबीएसई की वेबसाइट पर मीडिया एंड पीआर सेक्शन में जाकर पॉडकास्ट का विकल्प चुनकर सुन सकते हैं। इन पॉडकॉस्ट में किस तरह से छात्र अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित कर सकते हैं, इसके उपाय बताए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा के पहले उसकी तैयारी की चिंता और परीक्षा हो जाने के बाद परीक्षाफल की चिंता से छात्र खुद को कैसे उबार सकते हैं, इसके बारे में भी बताया गया है। परीक्षा और उसके परीक्षाफल को लेकर अपने बच्चों के साथ माता-पिता का व्यवहार कैसा होना चाहिए, इसको लेकर अभिभावकों के लिए अलग से पॉडकास्ट तैयार किया गया है।

### हिंदी और इंग्लिश में है पॉडकास्ट

सीबीएसई ने हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं में पॉडकास्ट बनाए हैं, ताकि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इन्हें समझने में दिक्कत न आए। इनमें 5 विषयों के पॉडकास्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध है। हिंदी के पॉडकास्ट में 9.03 मिनिट और इंग्लिश के पॉडकास्ट के लिए 8.81 मिनिट की ऑडियो लाइब्रेरी है। सीबीएसई ने कुल 14 पॉडकास्ट अब तक जारी कर दिए हैं।

### इन विषयों पर उपलब्ध है पॉडकास्ट

● टिप्स फॉर पैरेंट्स और टिप्स फॉर स्टूडेंट। ● वाट टू डू ऑन एग्जाम डे। ● नो अबाउट दोस्त फॉर लाइफ ऐप। ● नो अबाउट सीबीएसई करियर गाइडेंस पोर्टल। ● टैकलिंग डिप्रेशन, सीबीएसई एग्जाम रेप ● क्विक टिप्स फॉर एग्जाम प्रिपरेशन। ● स्ट्रेस बिल्डर एंड स्ट्रेस बस्टर्स।

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 12 जनवरी रविवार को रीवा में**



रीवा-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 12 जनवरी रविवार 2025 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -advt.

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 13 जनवरी तक





**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल एपीएस भुल्लर ने बताया कि कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र इग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन/एआईएसएसईई में शाम 5 बजे तक दर्ज किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 में 125 प्रश्न 300 अंकों के होंगे। जबकि कक्षा 9 में 150 प्रश्न 400 अंकों के होंगे। कक्षा 6 में लगभग 80 तथा कक्षा 9 में 8 स्थान प्रवेश के लिए रिक्त हैं। कुल स्थानों में 67 प्रतिशत स्थान राज्य के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए हैं। शेष स्थानों में अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

### स्व.एमएम जगदाले अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# पहली पारी में रीवा 99 रनों में ढेर, जबलपुर ने बनाए 53 रन

## संभागीय अंडर-15 ग्रुप 'सी' का पहला मुकाबला

**जागरण, रीवा।** डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में मप्र क्रिकेट एसोसिएशन की 15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली स्व.एमएम जगदाले अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप 'सी' के तहत रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं जबलपुर संभाग की टीमों के बीच रविवार से पहले राउंड का 3 दिवसीय क्रिकेट मैच शुरु हुआ। टॉस जीतकर रीवा की टीम ने पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया लेकिन रीवा टीम की शुरुआत से लड़खड़ाई पारी अंत तक नहीं संभल सकी और परिणाम यह रहा कि रीवा की पूरी टीम मात्र 99 रनों के अल्प स्कोर में अपनी पहली परी में ऑलआऊट हो गई। रीवा के 4 बल्लेबाज जीरो रनों के स्कोर पर आऊट हुए और अधिकतम 19 रनों की पारी दक्ष मौर्य ने खेली। कोई भी बल्लेबाज इसके ऊपर का आंकड़ा नहीं पूरा कर सका। जबलपुर की ओर से सभी गेंदबाजों ने सराहनीय गेंदबाजी की और अथर्व शर्मा, यर्थात, अभ्युदय वर्मा व यश तिवारी ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जलबपुर की टीम ने शुरुआत से धुंआधार प्रदर्शन किया और दोनो सलामी बल्लेबाजों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली पारी में 53 रनों का स्कोर बना लिया है। जिसमें यश तिवारी ने 33 रनों और आर्यन पटेल ने 17 रनों की पारी खेली और मैदान में टिके हुए हैं। इस मैच के अंपायर सागर के शांतनु पित्रे एवं शहडोल के व्योमकेश त्रिपाठी हैं। जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी रीवा के स्टेट पैनल स्कोरर पवन तिवारी द्वारा उठाई जा रही है। मैच ऑब्जर्वर के रूप में बैतूल के अनिल दीक्षित को नियुक्त किया गया है। वहीं खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखने के लिये मप्र जूनियर चयन समिति के सदस्य व पूर्व रणजी खिलाड़ी भोपाल के अंकित श्रीवास्तव बतौर चयनकर्ता उपस्थित रहे।



# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

रीवा 06 जनवरी 2025 पौष शुक्ल 7 संवत 2081

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त




**॥गीता॥**

**त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।**
**वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप।**

**भावार्थ :** अर्जुन बोले- हे महात्मन्! आप ही आदिदेव और पुराण पुरुष हैं तथा आप ही इस संसार के परम आश्रय हैं। आप ही सबको जानने वाले, जानने योग्य और परमधाम हैं। हे अनन्त रूप! आपसे ही संपूर्ण संसार व्याप्त है।

# संवाद की कमी से लड़खड़ा रही टीम इंडिया

किसी भी खेल के मामले में परस्पर सहयोग की रणनीति और बेहतर संवाद से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। पिछले कुछ समय से जिस तरह भारतीय क्रिकेट में उतार-चढ़ाव दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ नहीं मैदान में नहीं उतर रहे। उन पर कहीं न कहीं कोई दबाव या निराशा है। टीम को सहेजने-संवारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में कप्तान के साथ कोच की भी भूमिका बेहद अहम होती है। यह दुखद है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर जिस तरह की तल्खी का प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे टीम के मनोबल तक पर असर पड़ सकता है। मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद गंभीर ने पूरी टीम के लिए जिस तरह कुछ कड़े शब्द कहे, उससे ड्रेसिंग रूम का तनाव बाहर आ गया। अगर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गंभीर नाखुश हैं, तो उन्हें इसकी तह में जाना चाहिए। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता।

**खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। भारतीय टीम एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता।**

सवाल है कि अगर ड्रेसिंग रूम में अशांति रहेगी और कड़वी भाषा में संवाद होगा, तो खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। गौतम गंभीर अपने दौर में आक्रामक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका मुखर व्यक्तित्व है। मगर कभी-कभी उनका गुस्सा सभी का ध्यान खींच लेता है। वे राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें जनता से संवाद करने और सभी को साथ लेकर चलने की अहमियत का अंदाजा होगा।

यह बताने की जरूरत नहीं कि फिलहाल उन्हें इसी कौशल को अपनाने की जरूरत है। कोच के तल्ख तेवर से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार की भूमिका नहीं बनेगी। इसके लिए खेल की तकनीकों पर ध्यान देने के साथ-साथ खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहना भी जरूरी होता है।

मुख्य कोच की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह खेल के साथ-साथ सौहार्द और संवाद का एक बेहतर माहौल भी तैयार करें, ताकि खिलाड़ियों के भीतर उत्साह का संचार हो, क्योंकि इसका असर प्रदर्शन पर भी पड़ता है।

**प्रसंगवश**

## कमजोर समूहों तक शिक्षा की पहुंच संतोषजनक नहीं

किसी भी देश में अगर शिक्षा की पहुंच समाज के सबसे कमजोर समूहों तक नहीं हो पाती है तो वहां का विकास सवालों के कठघरे में खड़ा होगा। भारत में आजादी के बाद से लेकर अब तक सरकार की ओर से शिक्षा के प्रसार के लिए जो भी प्रयास



किए गए, उससे वंचित सामाजिक समूहों के बीच साक्षरता की तस्वीर में कुछ सुधार आया। विडंबना यह है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के बीच देश में शिक्षा के मोर्चे पर अब भी जो स्थिति है, उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। उच्च शिक्षा के दरवाजे तक पहुंचना तो दूर, आज भी लाखों बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हैं और अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की एक रपट में ये तथ्य सामने आए हैं कि वर्ष 2022-23 में स्कूलों में कुल 25.17 करोड़ विद्यार्थी नामांकित थे, जबकि 2023-24 में यह संख्या घट कर 24.80 करोड़ रह गई। रपट के मुताबिक, स्कूलों में विद्यार्थियों में 37.45 लाख की गिरावट आई है। शिक्षा के दायरे से बाहर होने वालों में ज्यादा संख्या समाज के कमजोर और वंचित तबकों के बच्चों की है।

**जिस दौर में शिक्षा के प्रसार और सब तक इसकी पहुंच के लिए सरकार हर स्तर पर कदम उठाने के दावे कर रही है, उसमें स्कूलों में बच्चों की संख्या में इतनी बड़ी गिरावट कैसे दर्ज की जा रही है। निश्चित तौर पर अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर मजबूती देश के लिए जरूरी है, लेकिन अगर कमजोर समुदायों के बच्चे पढ़ाई-लिखाई से दूर हो रहे हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय होगी?**

**स्कूल में एडमिशन की संख्या में गिरावट :** शिक्षा मंत्रालय की रपट के ही मुताबिक, देश में केवल सत्तावन फीसद स्कूलों में कंप्यूटर है, जबकि तिरपन फीसद में इंटरनेट की सुविधा है। वहीं पिछले कुछ समय से स्कूलों में आनलाइन या डिजिटल पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। जबकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ऐसे तमाम बच्चे हैं, जिनके परिवारों में कंप्यूटर या स्मार्टफोन की सुविधा अभी भी एक सपना है। सवाल है कि वंचित तबकों के अनुकूल नीतियां जमीन पर कब उतरेंगी? स्कूली शिक्षा की तस्वीर में सुधार सिर्फ सरकारी आश्वासनों और दावों तक क्यों सीमित है और जमीनी हकीकत एक निराशाजनक तस्वीर क्यों दिखाती है?

**प्राइवेट स्कूलों में जा रहे बच्चे :** आबादी के जिस हिस्से के पास आर्थिक सामर्थ्य है, वह अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेज कर उनका भविष्य बेहतर बना सकता है। मगर समाज के उन तबकों के बच्चों को गुणवत्ता आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए क्या किया जा रहा है, जो लगातार अभाव की जद्दोजहद से गुजरते रहते हैं। निश्चित तौर पर अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर मजबूती देश के लिए जरूरी है, लेकिन अगर यहां के कमजोर सामाजिक समुदायों के बच्चे किसी भी वजह से पढ़ाई-लिखाई से दूर हो रहे हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय होगी? शिक्षा का अधिकार और सामाजिक कल्याण के अन्य कार्यक्रमों के बावजूद गरीबी या संसाधनों के अभाव के कारण अगर बहुत सारे बच्चे स्कूल के दरवाजे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं या किसी वजह से बीच में ही उनके सामने स्कूल छोड़ देने की नौबत आ रही है तो यह स्थिति दशकों से क्यों बनी हुई है?

# बहुभाषिकता प्रबंधन में सरकार की सक्रिय भागीदारी जरूरी

**राष्ट्रीय**

**भाषा के प्रबंधन का एक सच यह है कि किसी बहुभाषिकता में सभी भाषाओं पर समान ध्यान नहीं दिया जाता। लेकिन यह स्थिति जब किसी राष्ट्र के निर्माण से जुड़ी हो, तो शासन को एक स्पष्ट दृष्टि मिल जाती है। ध्यान रहे कि भाषा का मूल कर्म ही लोगों को जोड़ना होता है और इस जुड़ाव का भी उद्देश्य देश से परे नहीं है। भारतीय भाषाओं की सूची 2024 तक कुल ग्यारह भाषाओं की हो गई है। सरकार ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने लायक नहीं समझा, लेकिन गूगल ने इसमें मशीनी अनुवाद को विकसित कर दिया है।**

**- अरिमर्दन कुमार त्रिपाठी-**

भारतीय बहुभाषिकता का धरातल बहुत गहन और विस्तृत है, इसकी शुरुआत आजादी के बाद भाषा के आधार पर राज्यों के बंटवारे के साथ हो गई थी। मगर अब यह मुखर हो चली है। एक दौर था, जब प्रायः प्रशासन में अंग्रेजी, परंपरा में संस्कृत और बाजार में हिंदी रहती थी। मगर आज भारतीय बहुभाषिकता का एक सिरा शास्त्रीय भाषाई दर्जे से जुड़ता जा रहा है, जिसमें वर्ष 2004 से तमिल के साथ शुरू हुई यह सूची 2024 तक कुल ग्यारह भाषाओं की हो गई है। इसमें तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, उड़िया, मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला शामिल हैं। दूसरी तरफ, आठवीं अनुसूची में भी बाईस भाषाएं हैं और इसमें विस्तार की संभावना लगातार बनी हुई है।

इतिहास में भाषाओं के आधार पर बनी अस्मिताएं और उनको तुष्ट करने की परंपरा रही है, जिससे इन सूचियों को कई बार शक की दृष्टि से देखा जाता है।

यह भारत में उपराष्ट्रीयताओं के संदर्भ में भी सटीक बैठता है, जिसमें तेलुगु के नाम पर सर्वप्रथम आंध्र प्रदेश का गठन हुआ, लेकिन आज उसी आंध्र प्रदेश से कट कर, तेलुगु के बावजूद, अलग राज्य तेलंगाना बन चुका है।

**डिजिटल संसार नई चुनौती :** भारतीय प्रशासनिक तंत्र ने भाषाओं के आधार पर भूगोल और समाज बांटने का काम किया। यहां तक कि वर्ष 2009–10 में भारतीय भाषाओं के सर्वेक्षण के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज किया कि इससे देश की एकता को खतरा होगा। बहुभाषिकता एक प्रबंधन की चीज है और किसी लोकतंत्र में यह अधिक संवेदनशील हो जाती है, उसे महज चलताऊ ढंग से टाला नहीं जा सकता। इसमें मातृभाषा से लेकर राजभाषा तक और मनोरंजन की भाषा से लेकर ज्ञान की भाषा तक भूमिका में सरकारों की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। इस क्रम में नई चुनौती डिजिटल संसार भी है, जो एक माध्यम भी है और बाजार भी। इस क्रम में उचित है कि भाषाओं को लेकर बाजार भी सक्रिय है और सरकार भी। दोनों के अपने तरीके हैं, लेकिन दोनों अपनी अभूतपूर्व भूमिका में हैं। एक तरफ कृत्रिम मेधा से लेकर गूगल सहित अनेक कंपनियां सक्रिय हैं, तो वहीं 'भाषिनी' नामक मशीनी अनुवाद टूल के साथ सरकार भी अपनी बहुभाषिकता को गंभीरता से देख रही है।





**जनजातीय भाषाओं पर खतरा :** जनजातीय और अल्पसंख्यक भाषाओं पर खतरे की चिंता एक दशक पुरानी है। इनके संरक्षण की व्यवस्थागत पहल भी देश में जो प्रयास हुए वे अच्छे माने गए हैं, बल्कि एनसीईआरटी द्वारा जनसंख्या आंकड़ों में दर्ज सभी अल्पसंख्यक/ गैर–अनुसूचित भाषाओं, वर्णमाला की पुस्तकें तैयार की जा रहीं हैं। मगर भारतीय भाषा संस्थान के भाषा सर्वेक्षण के प्रस्ताव को तब यानी 2009–10 में मान लिया गया होता, तो आज बहुभाषिकता और बेहतर ढंग से प्रबंधित होती। इधर भोजपुरी का जो उभार सतह पर दिख रहा है, वह अनेक भाषाओं के प्रबंधन के लिए अनुकरणीय हो सकती है। वर्ष 2012 में तत्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री ने जब प्रदेश, दल और विचारधारा से ऊपर उठकर संसद में सभी भोजपुरीभाषी सांसदों ने अपनी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग रखी, तो जवाब उन्होंने इसी भाषा के एक वाक्य– 'हम रउआ सबके भावना समझतानी' से दिया। मगर उन्होंने उस मांग पर किया कुछ नहीं।

**पांच करोड़ से ज्यादा भोजपुरी :** वर्ष 2011 में जनसंख्या के आंकड़ों में भोजपुरी भाषियों की संख्या पांच करोड़ से ऊपर है, जो न सिर्फ हिंदी के अंतर्गत दर्ज किसी भी बोली/ भाषा से ऊपर है, बल्कि यह संख्या देश की अनेक उन भाषाओं से ऊपर है, जो सरकारी आंकड़ों में सम्मान पा रही हैं और इधर भोजपुरी को वांछित सम्मान नहीं मिला है। मगर इस स्थिति में बदलाव डिजिटल संसार में बड़ी तेजी से हो रहा है। सरकार ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने लायक नहीं समझा, लेकिन गूगल ने इसमें मशीनी अनुवाद को विकसित कर दिया है।

इधर डिजिटल मीडिया को लेकर फिक्की द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि वर्ष 2023 में टीवी दर्शक के रूप में भोजपुरीभाषी न सिर्फ अंग्रेजी, बांग्ला, उड़िया, मलयालम से कई गुना आगे हैं, बल्कि पंजाबी, तेलुगु, मराठी और तमिल के बराबर हैं। इसका संगीत, फिल्म उद्योग डिजिटल मीडिया के माध्यम से लगातार आगे बढ़ रहा है, जिसमें देश के सभी भाषा–भाषियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

इसके आगे बढ़ने का एक कारण यह भी है कि संख्या के मामले में आगे है और तमाम शास्त्रीय और संवैधानिक भाषाओं से ऊपर है, इसलिए मौजूदा सरकार से यह उम्मीद स्वाभाविक है कि दूसरी योग्य भाषाओं के साथ इसे भी आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाए।

भाषा के प्रबंधन का एक सच यह है कि किसी बहुभाषिकता में सभी भाषाओं पर समान ध्यान नहीं दिया जाता। लेकिन यह स्थिति जब किसी राष्ट्र के निर्माण से जुड़ी हो, तो शासन को एक स्पष्ट दृष्टि मिल जाती है। ध्यान रहे कि भाषा का मूल कर्म ही लोगों को जोड़ना होता है और इस जुड़ाव का भी उद्देश्य देश से परे नहीं है। लेकिन यह भी जरूरी है कि सभी भाषाओं के साथ एक न्यायपूर्ण व्यवहार हो और कोई भाषा या संस्कृति को अकेला न छोड़ दिया जाए।

# पर्यटन प्रबंधन के लिए स्थानीय निकाय मजबूत हों

**पर्यटन**

**हिल स्टेशन पर इतने अधिक लोग जाने लगे हैं कि वहां बारह महीने जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का काम पर और बच्चों का स्कूल जाना दूभर है। सैलानियों के लिए पहाड़ों पर बेतरतीब निर्माण हो रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन का फलना-फूलना अच्छी बात है, लेकिन जब इसकी अति हो जाए तो फायदे से ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है।**

**-अक्षय शुक्ला -**

नया साल आने से पहले ही पहाड़ों पर हुई ज़बरदस्त बर्फबारी ने वहां सैलानियों का तूफान ला दिया। कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश इतनी भीड़ पहुंच गई कि सभी मशहूर हिल स्टेशनों में लंबा जाम लग गया। मनाली में सोलांग वैली से अटल टनल के रास्ते में दो हज़ार से अधिक गाड़ियां फंस गईं। बर्फीली सड़क पर जाम में फंसे एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर फोटो डाल लोगों को चेताया कि इस तरफ आने का सोचना भी मत। फोटो में दिख रहा है कि रात के अंधेरे में बर्फ से पूरी तरह ढक चुकी गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है।

कई घंटों से वहां इसी तरह फंसे लोगों की यह तस्वीर डराने वाली थी। इसके बावजूद वहां जाने वाले लोगों का सैलाब रुका नहीं। न्यूज़ चैनलों पर बर्फ में मस्ती करते लोगों के विडियो देखकर जिसने न भी सोचा हो, बैग उठाकर पहाड़ की ओर निकल गया, इस खबर को अनदेखा कर कि हिमाचल में तीन सौ से अधिक सड़कों को बंद कर दिया गया है।

ऐसी हालत में टूरिस्ट तो परेशान हुए ही, स्थानीय लोगों की मुसीबतें भी कई गुना बढ़ गईं। उन बेचारों की दिनचर्या तो पर्यटकों की भीड़ की वजह से पूरे साल प्रभावित रहती है। शिमला, मसूरी, मनाली, नैनीताल जैसे हिल स्टेशन इतने अधिक लोग जाने लगे हैं कि वहां बारह महीने जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का अपने काम पर और बच्चों का स्कूल आना–जाना दूभर हो जाता है। सैलानियों के ठहरने की व्यवस्था के लिए पहाड़ों पर बेतरतीब निर्माण हो रहा है।

जल्द ही खुलने वाले दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे से ढाई घंटे में सफर पूरा करने का दावा किया जा रहा है। ढाई घंटे तो दिल्ली में एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने में लग जाते हैं। इतने समय में देहरादून पहुंचने का सुनकर तो वीकेंड पर सारी दिल्ली मसूरी का प्लान बनाने लगेगी। पहले से क्राउडेड उस हिल स्टेशन का क्या हाल होगा, ज़रा सोचिए।



दुनिया के तमाम मशहूर पर्यटन स्थलों का यही हाल हो चुका है। कई जगहों पर तो अब पर्यटकों के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। पिछले साल बार्सिलोना के सिटी स्क्वायर में घूम रहे पर्यटकों का स्थानीय लोगों ने टमाटर फेंककर विरोध किया। अपने घर जाओ लिखे बैनर लिए हज़ारों स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। पिछले साल स्पेन में 8 करोड़ से भी अधिक पर्यटक पहुंचे। वहीं, मात्र 22 लाख की आबादी वाले कैनरी द्वीप समूह में एक करोड़ 60 लाख टूरिस्ट आए। यानी आबादी से सात गुना ज्यादा तो पर्यटक पहुंच गए।

इसमें कोई शक नहीं कि किसी भी जगह की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन का फलना–फूलना अच्छी बात है, लेकिन जब इसकी अति हो जाए तो फायदे से ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है। अभी तीन महीने पहले मनाए गए विश्व पर्यटन दिवस की थीम थी पर्यटन और शांति। इसमें ज़ोर दिया गया कि पर्यटन कैसे शांति को बढ़ावा दे सकता है और सांस्कृतिक समझ में सुधार ला सकता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब सैलानियों की संख्या नियंत्रित करने के साथ ही स्थानीय लोगों के हितों का भी ख्याल रखा जाए।

जिस प्रदेश की आबादी 70 लाख हो और पौने दो करोड़ के करीब पर्यटक आ रहे हों, वहां स्थानीय प्रशासन के हवाले से सुविधाएं–सेवाएं दे पाना इतना आसान नहीं। पर्यटन स्थलों पर आ रहे तकरीबन ढाई गुना से भी अधिक सैलानियों की संख्या का स्थानीय निकायों पर दबाव महसूस किया जा सकता है। कहने को हमारा लक्ष्य पांच करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करना है, लेकिन इसके लिए हमारा स्थानीय स्वशासन क्या इस हालत में है? ऐसे में जब हम पर्यटक को भीड़ बनते देखते हैं, तो स्थानीय जनता असहाय व अल्पसंख्यक बनी नजर आती है।

सरकार को पर्यटन स्थलों पर हर विभाग में पर्यटन विंग बनाने होंगे और स्थानीय निकायों की क्षमता में सैलानियों की शुमारी के अनुरूप वित्तीय व ढांचागत व्यवस्था करनी होगी।

हिमाचल के होटल, रेस्तरां व टैक्सी–ट्रैवल संगठनों के अलावा व्यापार मंडलों को अगर अपनी आर्थिकी बढ़ानी है, तो सैलानियों के सामर्थ्य में कम खर्चीले पर्यटन की खूबियां व दरें कामयाब करनी होंगी, वरना हिमाचल से कहीं सस्ता वियतनाम घूमना साबित हो रहा है।

## SUDOKU 06

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 1 | 8 | | | | 3 |
| 2 | 5 | | 9 | | | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 6 | 2 |
| | | 5 | 6 | | 8 | 4 | | |
| 8 | 6 | | | 7 | | | 9 | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | 9 | | 7 | 8 |
| 9 | | | | 2 | 3 | | 1 | |

## SOLUTIONS 05

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी संयत रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

**वृषभ :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परिवार में शांति बनाए रखने के प्रयास करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कुटुंब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा, परंतु सेहत के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पिता के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। उपहार में वस्त्र मिल सकते हैं।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। सेहत का ध्यान रखें। पिता का सान्निध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व वाद–विवाद से बचें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। किसी पैतृक संपत्ति से धन मिल सकता है।

**तुला :** मन परेशान हो सकता है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का सान्निध्य मिलेगा। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में निवेश कर सकते हैं। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन तो प्रसन्न रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कला या संगीत के प्रति रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन :** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। वाहन सुख में कमी आ सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 06 जनवरी 2025 दिन सोमवार पौष मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य धनु राशि में चंद्र मीन राशि में मंगल कर्क राशि में बुध धनु राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र और शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मीन राशि का नक्षत्र उत्तर भाद्रपद का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा प्रातः 10.00 बजे मीन राशि का नक्षत्र उत्तर भाद्रपद का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा दोपहर 3.00 बजे मीन राशि का नक्षत्र उत्तर भाद्रपद का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 10.00 बजे मीन राशि का नक्षत्र रेवती का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा।

**योग :** पारिघ। **करण :** गर।

**चौघड़िया, सोमवार**

सुबह 6.00 से 7.30........अमृत
सुबह 7.30 से 9.00........काल
सुबह 9.00 से 10.30........शुभ
सुबह 10.30 से 12.00........रोग
दोपहर 12.00 से 1.30........उद्वेग
दोपहर 1.30 से 3.00........चर
दोपहर 3.00 से 4.30........लाभ
शाम 4.30 से 6.00........अमृत

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | उ.भाद्रपद | द्वितीय | तांबा | मीन | थ |
| प्रातः 10.00 | उ.भाद्रपद | तृतीय | तांबा | मीन | झ |
| दोपहर 3:00 | उ.भाद्रपद | चतुर्थ | तांबा | मीन | ञ |
| रात्रि 10.00 | रेवती | प्रथम | स्वर्ण | मीन | दे |

**राहुकाल :** प्रातः 7.30 से 9.00 तक रहेगा।
**दिशाशूल :** पूरब दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 तक।
**आराधना का मंत्र :** ऊं पिनाकिने नमः।।

**पं. अरविंद तिवारी**

**जीवन दर्शन**

## जीवन स्तर को ऊपर उठाता है अध्यात्म

अध्यात्म जीवन के स्तर को ऊपर उठाता है और इसे अपने जीवन में शामिल करने के लिए किसी उम्र की आवश्यकता नहीं होती। बच्चों में अध्यात्म की आदतें डालना उन्हें न केवल जीवन के मूल्यों को समझने में मदद करता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास, और नैतिकता को भी विकसित करता है। बच्चों को अध्यात्म की आदतें डालने से उनमें अनुशासन और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। आभार व्यक्त करने की आदत बच्चों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती है। प्रार्थना और ध्यान बच्चों को मानसिक शांति और आत्मनियंत्रण सिखाते हैं। सेवा और दान की भावना बच्चों में सहानुभूति और करुणा का विकास करती है। धार्मिक और प्रेरणादायक किताबें पढ़ने से बच्चों को जीवन के मूल्य समझने में मदद मिलती है। अध्यात्म ऐसी चीज है,



जिसका अभ्यास बच्चों में अनुशासन तो खुद-ब-खुद लेकर आयेगा ही, लेकिन साथ ही उन्हें भावनात्मक और मानसिक गुणवत्ता भी प्रदान करेगा। उन्हें एक अलग दृष्टिकोण देगा, जिससे वो एक अलग और बेहतर नजरिये के साथ बड़े होंगे। आजकल मानसिक दवाब और प्रताड़ना से हर उम्र के व्यक्ति को गुजरना पड़ता है और अध्यात्म उसमें काफी मदद करता है। अगर आपका बच्चा अध्यात्म के सतह पर बड़ा होता है, तो जिन्दगी में हर चीज का मूल्य समझेगा और अपनी जिन्दगी को खूबसूरत बनाने की हर संभव कोशिश करेगा। उसमें एक संतुलन विकसित होगा और उसका ये संतुलन उसकी जिन्दगी को आसान बनाएगा। आभार व्यक्त करना, प्रार्थना और ध्यान, करुणा और दान की भावना, प्रकृति से जुड़ाव ये ऐसी बातें हैं, जिन्हे बच्चों को सिखाकर उनका जीवनस्तर बढ़ा सकते हैं।

**-चंदा कुमारी -**

## संक्षिप्त खबरें

### उच्च शिक्षा मंत्री ने इंटेलेक्ट क्रॉनिकल्स का किया विमोचन



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की व्यावसायिक पाठ्यक्रम (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) प्रकोष्ठ द्वारा लिखित एवं संपादित पुस्तक इंटेलेक्ट क्रॉनिकल्स अकादमी इंडस्ट्री इंटरफेस का विमोचन उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा किया गया। मंत्री परमार ने कहा कि यह एक व्यापक व सुव्यवस्थित प्रयास है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह आयोजन नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, जो अत्यंत सराहनीय है। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने इस आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई एवं उनकी दूरदृष्टि और मार्गदर्शन ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इंटेलेक्ट क्रॉनिकल्स की संपादक और नोडल अधिकारी डॉ. रुचिरा चौधरी के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं समिति के सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से पुस्तक का लेखन व विमोचन संभव हो पाया। समिति सदस्य डॉ. महेंद्र सिंघई एवं डॉ. अंजलि आचार्य भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थी प्रतिनिधियों में अनुश्री खरे, अनुज श्रीवास्तव और गौरी माथुर ने भी विशेष योगदान दिया।

### मुख्यमंत्री आज 66 मेडिकल मोबाइल यूनिट को करेंगे रवाना

**विसं, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के अनुक्रम में प्रदेश के दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 'पीएम जनमन' के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा की शुरुआत की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 6 जनवरी को पीएम जनमन योजना के तहत 21 जिलों के 87 विकासखंडों के लिए 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री निवास श्यामला हिल्स में कार्यक्रम होगा। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट से प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम प्रदायगी सुनिश्चित होगी। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट की लागत 33 लाख 86 हजार रुपये है। इस यूनिट से अनूपपुर, अशोक नगर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, डिंडोरी, गुना, ग्वालियर, कटनी, मंडला, मुरैना, नरसिंहपुर, सतना, शहडोल, श्योपुर, सीधी, शिवपुरी, जबलपुर, रायसेन, उमरिया एवं विदिशा जिले के 87 विकासखंड के 1268 गांव की लगभग 3 लाख 12 हजार से अधिक की आबादी को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। जीपीएस से लैस इन यूनिट में सक्शन मशीन, कान जांच की आटो स्कोप, एक्स-रे मशीन, स्ट्रेक्चर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि उपकरण होंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट माह में 24 दिन गांवों का भ्रमण करेंगी और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी। ये यूनिट दिन में 2 गांव तथा 50 मरीजों को देखेगी। इस यूनिट में एक-एक डॉक्टर, नर्स, एएनएम/एमपी डब्ल्यू, लैब टेक्नीशियन और फीजियोथेरेपिस्ट मरीजों को सेवाएं प्रदान करेंगे। मरीजों को 65 प्रकार की दवाईयां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहेंगे।

# गांव-शहरों के नाम जन-भावनाओं के अनुरूप रखेंगेः सीएम

## सीएम राइज स्कूल शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे, शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बड़नगर में जिस स्कूल को सीएम राइज के रूप में विकसित कर लोकार्पण किया गया है, इसी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने भी शिक्षा प्राप्त की थी। उनकी स्मृति में बड़नगर के सीएम राइज स्कूल का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब गांव और शहरों के नाम जन-भावनाओं के अनुरूप रखे जायेंगे। गजनीखेड़ी पंचायत को अब चामुंडा माता के नाम से जाना जायेगा। इसी तरह जहांगीरपुर अब जगदीशपुर और मौलाना गांव विक्रम नगर के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन जिले के बड़नगर में 40 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नव-निर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण कर समारोह को संबोधित कर रहे थे। लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कृषि उपज मंडी परिसर बड़नगर में 466.27 लाख रुपए की लागत से हुए नवनिर्माण कार्यों के भूमि-पूजन के साथ बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में 343.80 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित 7 उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण कर नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने बड़नगरवासियों को नए साल में मिली इस नई उपलब्धि के लिए बधाई भी दी।

### औद्योगिकीकरण के लिए 4 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिये वर्ष 2024 में 4 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिकीकरण के प्रयासों से बड़नगर में भी बड़े औद्योगिक समूह द्वारा 3500 करोड़ रुपये की लागत से फैक्ट्री स्थापित की जायेगी। उन्होंने कहा कि बड़नगर में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना भी शीघ्र होगी। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना का भूमिपूजन हो चुका है। इसका सीधा लाभ प्रदेश के 13 जिलों को मिलेगा। इस परियोजना के पूरा होने पर बड़नगर क्षेत्र के खेत भी बारह महीने फसलों से लहलहाएंगे।



### राहगीरी आनंद उत्सव का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान कोठी रोड पर राहगीरी आनंद उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को नियमित योग और व्यायाम करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन कर राहगीरी आनंद उत्सव का शुभारंभ कर संस्कृति मंचों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंच से गंगा तेरा पानी अमृत, मां क्षिप्रा तेरा पानी अमृत भजन भी गाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनता से आह्वान किया कि बच्चों के साथ परिवार के युवा भी इस राहगीरी में निकलें और प्रतिदिन इसका अनुसरण करें। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उज्जैन के नागरिकों में उत्साह दिखाई दिया, सभी ने मुख्यमंत्री के साथ फोटो भी खिंचवाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घुड़सवारी करते हुए उपस्थित नागरिकों का अभिवादन किया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया।

### महिदपुर को भव्य तीर्थ का रूप दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित प्रदेश के उज्जैन सांदीपनि आश्रम, जानापाव, अमझेरा आदि स्थानों को तीर्थ क्षेत्र बनाया जा रहा है। इसी प्रकार उज्जैन के महिदपुर को भी भव्य तीर्थ का रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ का होगा। प्रदेश में लगातार नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इस वर्ष 14 और नवीन मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर 20 प्रतिशत किया जाएगा, अब शासन दुग्ध क्रय पर बोनस भी देगा। प्रदेश में गोवंश संरक्षण-संवर्धनके लिये 10 से अधिक गौ-पालन करने वालों को अनुदान दिया जायेगा।

### मध्यप्रदेश का शैक्षणिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा हैः जोशी

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जामंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल की अवधारणा पर काम करके बहुत बड़ा काम किया है। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए इतना निवेश और किसी प्रदेश में देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निर्माण हुआ है, जो अद्भुत है। इससे मध्यप्रदेश पावर सरप्लस स्टेट बनने जा रहा है। मध्यप्रदेश में ऊर्जा की प्रति यूनिट उत्पादन दर सबसे कम है, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द ही हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान बेहद अहम होगा।

# मोबाइल संस्कृति ने पुस्तकें पढ़ने लिखने को प्रभावित किया : भूरिया

## महिला बाल विकास मंत्री ने साहित्यकार सम्मेलन को किया संबोधित

**विसं, भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आज के दौर में जब मोबाइल संस्कृति ने पुस्तकों के पढ़ने और लिखने को कुछ हद तक प्रभावित किया है, तब भी हमारे साहित्य, हमारी संस्कृति को आत्मसात कराने में अहम भूमिका का निर्वाहन कर रहे हैं। मंत्री सुश्री भूरिया रविवार को भोपाल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय महिला साहित्यकार सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमें भारत जैसे महान देश का निवासी होने और भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने का गर्व है। भारतीय साहित्य में धार्मिक, सांस्कृतिक, और दार्शनिक विचारों का विशेष महत्व है। भारतीय साहित्य केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि यह जीवन शैली को भी बदल देता है। भारतीय साहित्य में राष्ट्र का स्वर उद्घाटित होता है। राष्ट्र गौरव का भाव भारतीय दृष्टि की विशेषता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश सांस्कृतिक विविधता लिए हुए हैं इसलिए साहित्य को किसी एक भाषा में चिन्हित नहीं किया जा सकता। हमारे साहित्यकारों ने संस्कृत, हिन्दी, मराठी, तमिल, बंगाली, उर्दू, गुजराती, और अन्य भारतीय भाषाओं में साहित्य रचा है और लगभग हर भाषा में महिला साहित्यभकारों ने अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य में विश्व बंधुत्व, सामाजिक न्याय और समानता का स्वर है।



इसे लोगों तक पहुचाने में धार्मिक, ऐतिहासिक और राजनीतिक साहित्य का योगदान रहा है। रचनाकारों ने साहित्य को हमारे समक्ष अनेक विधाओं में प्रस्तुत किया है। सभी तरह की शैली गद्य, पद्य और कविताओं के माध्यम से जटिल से जटिल विषयों को समझाने का प्रयास किया जाता है यही साहित्य की खूबसूरती है। आदिकाल से ही विदुषियों की पद्य, सूक्तियां आदि हमारे वेद पुराणों में है। अगर हम ऋग्वेद देखें तो सत्ताइस महिला रचनाकार थी जिन्होंने सुंदर सूक्तों की रचनाएं की हैं। ऐसा कोई भी प्राचीन ग्रंथ नहीं है, जिसमें महिला साहित्यकार का उल्लेख न हो। साहित्य रचना में बाजारवाद के प्रभाव को समझना भी एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि साहित्य को समझने में युवा पीढ़ी का रुझान कम है। इसलिए बाजार में साहित्यिक विषयों की किताबों की डिमांड कम होती है। आज के युग में युवाओं की सोच को समझते हुए हमारे साहित्यकार रचना को लिपिबद्ध करेंगे तो यही युवा इन किताबों को हाथों-हाथ लेंगे।

# नया फॉर्मूला, उलझन वाले जिलों में बनाए जा सकते हैं दो-दो जिलाध्यक्ष

## नेताओं की खींचतान से परेशान भाजपा ने नया रास्ता निकाला

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेताओं की आपसी खींचतान से परेशान मध्यप्रदेश भाजपा ने नया रास्ता निकाल लिया है। जिन जिलों ने ज्यादा उलझन है वहां दो-दो जिलाध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। प्रदेश में संगठनात्मक जिलों की संख्या में इजाफा हो सकता है। गौरतलब है कि नेताओं की आपसी राजनीतिक लड़ाई ने मप्र भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची अटका दी है। सूत्रों की मानें तो भाजपा ने इसके लिए नया रास्ता खोज लिया है। जिन पांच जिलों में ज्यादा विवाद है वहां एक की जगह दो-दो जिलाध्यक्ष होंगे। बताया गया है कि इसी फार्मूले के तहत अब सागर और धार जिले में दो जिलाध्यक्ष होंगे। बताया गया है कि सागर, खुरई, बीना, नरियावली, बीना और सुरखी विधानसभा को लेकर एक जिलाध्यक्ष रहली, देवरी व बंड़ा विधानसभा से सागर जिले का दूसरा जिलाध्यक्ष होगा। इसी तरह धार, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़ और मुरैना जिलों में भी दो-दो जिलाध्यक्ष हो सकते हैं। बताया गया है कि इस मामले में पिछले दिनों राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश की मौजूदगी में इस फार्मूले पर मंथन हुआ और फिर रणनीति पर अमल किया गया। अभी है 60 संगठनात्मक जिले मौजूदा समय में प्रदेश भाजपा के 60 संगठनात्मक जिले हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर में दो-दो जिलाध्यक्ष हैं। अब पांच नए जिलों में दो-दो जिलाध्यक्ष बनाए हैं तो मध्यप्रदेश में 65 संगठनात्मक जिले ही जाएंगे।




### आदिवासी जिलों में गैर एसटी अध्यक्ष

जानकारों की मानें तो प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में गैर आदिवासी जिलाध्यक्ष बनाया जाएगा। यानि कि इन जिलों में दूसरे वर्ग के नेताओं को भी राजनीतिक तौर पर मजबूत बनाया जाएगा। क्योंकि आरक्षण की वजह से वे चुनावी राजनीति से वंचित रहते है। चर्चा यह भी है कि जिन जिलों में पार्टी के सांसद और महापौर महिला हैं, उन जिलों में महिला नेत्रियों को जिलाध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा जिलों की कमान महिला नेत्रियों को मिल सकती हैं।

# सौरभ शर्मा मामले में कांग्रेसियों ने घेरा मंत्री का बंगला, गोविंद राजपूत का मांगा इस्तीफा

**केंद्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग, मंत्री के बंगले में पहुंचे कांग्रेसी**

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और आयकर विभाग द्वारा इंदौर, ग्वालियर और भोपाल सहित अन्य दर्जनों ठिकानों पर की गई छापेमारी मामले में मंत्री गोविंद राजपूत की बर्खास्तगी एवं सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने नेतृत्व मे राजधानी भोपाल के मंत्री गोंविद राजपूत के बंगले तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसीपी को सौंपा।



अहिरवार ने बताया कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के यहां छापे में मिली करोड़ों रूपयों की संपत्ति शामिल है। लोकायुक्त छापे के बाद आयकर विभाग द्वारा सौरभ शर्मा के विरूद्व की गई जांच में भी नये खुलासे हुए जिसमें सौरभ शर्मा की डायरी में अनेकों लोगों के नाम मिले, जिसमें पूर्व परिवहन मंत्री गोविंद राजपूत के सौरभ शर्मा से करीबी संबंध उजागर हुए हैं। राजधानी भोपाल से सटे मेंडोरी गांव के एक फार्म हाउस में एक इनोवा गाड़ी में करीब 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए की नगद राषि पकड़ी गई।

### अधिकारियों और कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका

अहिरवार ने कहा कि इन दोनों मामलों में सामने आ रही स्थितियों में लोकायुक्त और आयकर विभाग के कमिश्नर और अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका प्रतीत होती है। लोकायुक्त और आयकर की जांच के बाद ईडी की जांच प्रारंभ होने पर और भी बड़े-बड़े खुलासे सामने आ रहे है। सौरभ शर्मा भ्रष्टाचार कांड में हजारों करोड़ रुपयों का भ्रष्टाचार सामने आया है। प्रदेश की भाजपा सरकार में जहां एक ओर भूमाफिया, शिक्षा माफिया, खनिज माफिया संरक्षित हो रहे थे अब सोना-चांदी माफिया भी उभरकर सामने आ गए हैं। जिससे प्रदेश शर्मसार हुआ है। अहिरवार ने कहा कि इस मामले को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनड्डसूचित विभाग ने ज्ञापन में शामिल बिंदुओं पर मांग की है कि तत्कालीन परिवहन एवं वर्तमान खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से मंत्रीमंडल से बर्खास्त किया जाए। साथ ही मंत्री गोविंद राजपूत और सौरभ शर्मा की कॉल डिटेल, डायरी एवं दोनों के निवास के सीसीटीवी कैमरों की डिटेल उजागर की जाए। डायरी में मिली जानकारी और उसमें संलिप्त लोगों के नामों, अकूत चल-अचल संपत्ति का खुलासा कर उसे उजागर किया जाए। सौरभ शर्मा की 2016 में परिवहन विभाग में आरक्षक पद पर नियम विरूद्व अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी।

# गुना में आदिवासी युवक के साथ सीधी जैसी दबंगता, पेशाब पिलाने का आरोप

**जागरण, गुना।** गुना के सहरिया आदिवासी परिवार के युवक ने अपने साथ सीधी जैसी अमानवीयता का आरोप लगाया है। करीली में रहने वाले सहरिया परिवार ने पूर्व सरपंच, उसके बेटों और डेढ़ दर्जन रिश्तेदारों द्वारा दबंगई कर घर व फसल उजाड़ने की शिकायत पुलिस में की है। आदिवासी युवक ने दबंगों द्वारा उसके ऊपर पेशाब करने का आरोप भी लगाया है, जिसे पुलिस नकार रही है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज किया है। जिले के सिरसी थाना इलाके के करीली गांव में सहरिया परिवार के साथ दबंगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक करीली में हरिसिंह सहरिया कर परिवार रहता है। प्रेमबाई पत्नी हरिसिंह सहरिया ने बताया कि बरखेड़ा नहर के पास बनी झोपड़ी में वह और पति हरि सिंह, बेटा सोनू, देवर ज्ञानी सिंह, भतीजा राजू, देवरानी विद्दी बाई सो रहे थे। इसी बीच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दो बजे गांव के पूर्व सरपंच, उसके दो बेटे और 15-20 रिश्तेदार दो ट्रैक्टरों से आए। उन्होंने ट्रैक्टरों से हमारी 10 बीघा गेहूं की फसल को उजाड़ दिया। झोपड़ी पर भी ट्रैक्टर चढ़ा दिया। दबंग लोग हमें बिजली करंट से मारने के लिए डीपी के पास ले गए, लेकिन बिजली चली जाने से हम लोग बच गए। सर्दी भरी रात में हमारे परिवार के सदस्यों को खेत में घेरकर मारपीट की गई। प्रेमबाई के अनुसार रविवार सुबह पुलिस आई। इसके बाद हरि सिंह, ज्ञानी सिंह और राजू को थाने ले गई। हालांकि पुलिस ने इस मामले में पेशाब पिलाने जैसी घटना से इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि मारपीट हुई है, प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। एक पक्ष के ज्ञानी सिंह सहरिया और दूसरे पक्ष के इंद्र भान सिंह यादव की शिकायत पर दोनों तरफ से प्रकरण दर्ज किया है। दोनों के बीच जमीन का विवाद है। इंद्रभान महू का निवासी है। उसकी पट्टे की जमीन बरखेड़ा में है। रात में 2 बजे दोनों पक्ष में झगड़ा होने के बाद कार्रवाई की है। ट्रैक्टर से फसल उजाड़ने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने विवाद को सुलझाने के लिए तहसीलदार को भी पत्र लिखा था, लेकिन अभी तक निराकरण नहीं हुआ है। वहीं पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। साथ ही घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कहासुनी के बाद छत से सीमेंट ब्लॉक फेंककर युवक की हत्या

**जागरण, इंदौर।** शहर के सदर बाजार इलाके में दो आरोपियों ने कहासुनी के बाद एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। पड़ोसियों के बीच कहासुनी के बाद आरोपियों ने युवक के सिर पर सीमेंट के ब्लॉक से हमला कर दिया। पुलिस ने तुरंत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक बब्बर मोरले सिंकदराबाद कॉलोनी में रहता था, उसका बिट्टू उर्फ साबिर और अल्फास उर्फ अल्लू से विवाद हुआ था। यह विवाद बढ़ा तो आरोपियों ने छत से सीमेंट का ब्लॉक फेंककर बब्बर के सिर पर वार किया। घटना के दौरान बब्बर गंभीर रूप से घायल हो गया। यहां मौजूद सुनील ने घायल बब्बर को एमवाय अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को सुनील ने बताया कि शनिवार शाम चार बजे बब्बर पानी पतासे की दुकान पर खड़ा था और किसी महिला से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आरोपियों की बब्बर से कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

**आयोजन** | राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में महाकुंभ के समय निर्धारण को लेकर नेशनल कुंभ घड़ी का प्रदर्शन

# बृहस्पति ग्रह निर्धारित करता है किस साल होगा कुंभ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ के समय निर्धारण को लेकर नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने कुंभ घड़ी का प्रदर्शन रविंद्र भवन में मैपकास्ट द्वारा आयोजित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तीसरे दिन किया गया। सारिका ने बताया कि आकाश एक यूनिवर्सल घड़ी की तरह कार्य करता है। इसमें सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति यह निर्धारित करता है कि कुंभ किस साल होगा, जबकि सूर्य यह बताता है कि कुंभ किस माह में होगा। सारिका ने बताया उक्त मॉडल में आकाश में दिखने वाले 12 तारामंडलों को घड़ी के 12 अंकों के स्थान पर दर्शाया गया है। मिनट के कांटे को सूर्य के साथ जोड़ा गया है, जबकि घंटे के कांटे को बृहस्पति के साथ जोड़ा गया है। पृथ्वी से देखने पर, जब सूर्य आकाश के 12 तारामंडलों में एक पूरा चक्कर पूरा करता है, तब बृहस्पति अपनी राशि से बढ़कर अगली राशि में प्रवेश कर जाता है। यह पूरी घड़ी पुष्प घड़ी के रूप में बनाई गई है।



### मोटर तार से समझें विज्ञान और गणित

आइसर पुणे के प्राध्यापक डॉ चैतन्य पुरी ने बताया कि विज्ञान और गणित को समझाने के लिए महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने मोटर, तार, शीशे, और अन्य पुराने सामानों का उपयोग करके उपयोगी मॉडल और उपकरण बनाने का तरीका समझाया। उनका मानना है कि रोजमर्रा की चीजों का उपयोग करके नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारी सोच तक सीमित

बंगलुरु के शैक्षिक रणनीतिकार राज किशोर ने शिक्षकों और छात्रों को तकनीक के महत्व पर प्रेरित किया। सत्र का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को चैटजीपीटी, फिल्टर बबल और तकनीकी नवाचार के प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। राज किशोर ने फिल्टर बबल की अवधारणा को समझाते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारी सोच को सीमित कर सकते हैं।

### क्रिएटिव लर्निंग सेंटर ने सिखाईं बारीकियां

मेपकास्ट के क्रिएटिव लर्निंग सेंटर ने विज्ञान की बारीकियां बताईं। इस सेंटर के विशेषज्ञ पंकज, बजरंग एवं करण सिंह ने विभिन्न प्रयोगों लेफ्ट राइट साइकिल, फ्रंट बैक साइकिल, 360 डिग्री साइकिल, 625 रूबिक क्यूब से बनी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पोर्ट्रेट, स्टर्लिंग इंजन ,एयरक्राफ्ट, साउथ पॉइंटिंग चैरियट, स्ट्रा से सीटी बनाना, आदमी की तरह चलने वाला रोबोट, फ्रॉग की तरह चलने वाला रोबोट, जायरोस्कोप, स्ट्रोबोस्कोपिक इफ़ेक्ट, सेंटर ऑफ मास के ऊपर आयरन मैन, फ्रोजन शैडो, कलर शैडो, 10 से ज़्यादा पल्स, 50 से ज़्यादा गणित और विज्ञान को रुचिकर बनाने वाले मॉडल्स के जरिये विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सिद्धांत बताये।

### मैपकास्ट विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ाने कृत संकल्पित

मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ अनिल कोठारी ने कहा कि प्रदेश में वैज्ञानिक रोचकता बढाने, शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए देश के किसी भी भाग से आये वैज्ञानिक और विशेषज्ञ का प्रदेश में स्वागत है। उन्होंने कहा कि मप्र भी प्रदेश में विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार को आगे बढाने के लिए देश में विभिन्न प्रदेशों के बीच साझा कार्यक्रमों की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनसीएसटीसी, डीएसटी की प्रमुख डॉ रश्मि शर्मा और उनकी वैज्ञानिक टीम भी उपस्थित थी।

## पेज एक की खबरों का शेष

### सेंट्रल पार्क...

विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन प्रॉपर्टी को छह महीने के लिए अटैच किया गया है।

नेता, अफसर, भू-माफिया का गठजोड़!: सेंट्रल पार्क आवासीय प्रोजेक्ट में कुणाल बिल्डर्स डेवलपर्स के डायरेक्टर विजय कुमार अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, रीतेश हरवानी, संगीता हरवानी, राधिका पत्नी राजेश शर्मा, कृष्णा बंसल, मीनू गोयल पत्नी युवराज गोयल के नाम पर जमीनें हैं। वहीं, कनिका कल्याणी पत्नी सुमित कल्याणी, गौरव जैन वैभव गोयल, रिशु कटारिया पत्नी आलोक कटारिया, अलोक कटारिया, सैयद विकार हुसैन, सुदेश राय, हर्ष देवड़ा पुत्र जगदीश देवड़ा, दीपक भावसार, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मीना पांडेय पत्नी एके पांडेय, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर के नाम जमीनों और प्लॉट की जानकारी सामने आई है।

### सर्दियों के...

फॉर डिजीज कंट्रोल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर), इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन और एम्स-दिल्ली के एक्सपर्ट शामिल हुए। चीन में कुछ होता है, तो दुनिया इसलिए डरती है, क्योंकि कोविड-19 चीन के वुहान शहर से ही फैला था, जिसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था। चीन में अब एचएमपीवी की शुरुआत हुई। दावा किया जा रहा है कि वहां इसके मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

स्कूली कोर्स ...

सुबह माथा टेकने पहुंचे सीएम का सिख समाज ने तलवार भेंट कर सम्मान किया। सीएम ने कहा कि सिख पंथ के सभी गुरुओं ने जीवन में अच्छे काम करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने पुरुषार्थ, पराक्रम से दुश्मनों दांत खट्टे करते हुए भारत के मान सम्मान की लड़ाई लड़ी। गुरुद्वारे के संरक्षक इकबाल सिंह गांधी ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी का सारा संघर्ष पीड़ित-शोषित मानवता के लिए था। उन्होंने गरीबों और मजलूमों की रक्षा एवं जुल्म का विरोध करने के लिए शस्त्र धारण किए। दूध तलाई गुरुद्वारे में प्रकाश पर्व पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ रविवार को प्रभात फेरी के साथ हुआ।

### जॉर्ज सोरोस ...

किया है, जो लोकतंत्र, मानवाधिकार, शिक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करते हैं। बता दें कि सोरोस अमेरिकी अरबपति और वामपंथी विचारक हैं। उन पर भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए विपक्ष के साथ साजिश रचने का आरोप लग चुका है।

### ई-स्कूटर...

कर सो गए थे। चार्जिंग पूरी होने के बाद स्कूटर से चिंगारियां निकलीं और धमाका हो गया। देखते ही देखते घर आग की चपेट में आ गया। परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और घर के सदस्यों को जैसे-तैसे बाहर निकाला, लेकिन 11 साल की बच्ची अंतरा चौधरी अंदर ही रह गई। उसे तत्काल बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बच्ची झुलस गई थी। मेडिकल कॉलेज ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। अंतरा अपनी मां सोनाली के साथ गुजरात के वड़ोदरा से नाना के घर जन्मदिन समारोह में आई थी। सुबह वापस लौटने से ढाई घंटे पहले ही बच्ची हादसे का शिकार हो गई।

### अनमैरिड कपल्स ...

कंपनी ने फिलहाल ये नियम उत्तर प्रदेश के मेरठ में लागू किया है। मेरठ में ट्रायल के बाद इसे देश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जाएगा। बता दें कि देशभर में 10 हजार से ज्यादा होटल्स ओयो के साथ पार्टनरशिप में बुकिंग करते हैं। दरअसल, कुछ सामाजिक संगठनों ने ओयो के खिलाफ याचिका दायर की है। इसको देखते हुए कंपनी ने अपनी पॉलिसी में बदलाव करने का फैसला लिया है। आयो ने कहा कि ओयो ने अपने पार्टनर होटल्स को सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर कपल्स की बुकिंग को रिजेक्ट करने का भी अधिकार दे दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर दिखा संदिग्ध ड्रोन



**भुवनेश्वर, जेएनएन।** रविवार की सुबह पुरी में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। ड्रोन को सुबह करीब 4.10 बजे मंदिर के ऊपर देखा गया और यह करीब आधे घंटे तक मंदिर के ऊपर मंडराता रहा। इससे मंदिर की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा हो गए। जगन्नाथ मंदिर और इसके आसपास का इलाका नो-फ्लाइंग जोन है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार मंगला अलति अनुष्ठान के दौरान ड्रोन श्रीमंदिर के ऊपर से उड़ता हुआ दिखा।

### सात घंटे तक विमान के अंदर बैठे रहे 200 यात्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ठंड के इस मौसम में कोहरा और उड़ानों की देरी अब आम बात हो गई है, लेकिन शुक्रवार रात दिल्ली से पुणे जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1176) में तो गजब ही हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सात घंटे खड़ा रखा गया। उसमें 200 यात्री सवार थे। सात घंटे बाद यात्रियों को उतारा गया और जब उड़ान तैयार हुई, तो उन्हें दोबारा सुरक्षा जांच से गुजारा गया। बताया गया है कि दिल्ली-पुणे फ्लाइट शुक्रवार रात 9.40 बजे उड़ान भरने वाली थी और रात 11.50 बजे पुणे पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन कोहरे के कारण फ्लाइट रातभर उड़ान नहीं भर सकी। यात्रियों को रात 10 बजे फ्लाइट में बैठा दिया गया और शनिवार सुबह पांच बजे उन्हें फ्लाइट से बाहर निकाला गया।

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 की पाबंदियां खत्म

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-3 हटा दिया गया है। दो दिन पहले ही दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 को लागू किया गया था। राजधानी में हवा में सुधार आने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला लिया है। ऐसे में सभी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, गैर-जरूरी प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों का प्रवेश और पांचवीं कक्षा तक हाइब्रिड मोड पर से भी रोक हट गई है। साथ ही, एनसीआर से आने वाली अंतरराज्य बसों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड बीएस-4 या डीजल के कमर्शियल वाहनों पर लगी रोक हट गई है। बता दें शुक्रवार को ग्रेप-तीन को लागू किया गया था।

**प्रदूषण बढ़ने पर लगी थी पाबंदियां**

### 2 भगोड़े पूर्व सैनिक 19 साल बाद गिरफ्तार

**नईदिल्ली, जेएनएन।** 10 फरवरी 2006 को केरल के कोल्लम जिले में अंचल के पास येरम में एक अविवाहित महिला और उसकी 17 दिन की जुड़वां बेटियों की हत्या हुई थी। हत्या करने वाला अंचल का ही रहने वाला दिबिल कुमार बी था, जो 2006 में भारतीय सेना की 45 ए.डी. रेजिमेंट में था। इस हत्या में उसकी रेजिमेंट के ही एक और साथी पी राजेश ने मदद की थी। हत्या के बाद दोनों आरोपी रेजिमेंट में वापस न जाकर भाग गए थे। मार्च 2006 में सेना ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। हत्या के 19 साल बाद खबर मिली कि कुमार और राजेश पुडुचेरी में पहचान बदलकर रह रहे हैं। सर्चिंग के बाद 3 जनवरी को चेन्नई सीबीआई दोनों को गिरफ्तार करके कोच्चि ले आई। दोनों ने शादी कर ली थी। एर्नाकुलम चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 18 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

# कार्तिकेय की धर्म ध्वजा लेकर पंचायती निरंजनी अखाड़े ने किया छावनी में प्रवेश




**लखनऊ, जेएनएन।** सनातन धर्म और संस्कृति के महापर्व, महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में संगम तट पर होने जा रहा है। महाकुंभ के सबसे बड़े आकर्षण साधु-संन्यासियों के अखाड़ों का प्रवेश मेला क्षेत्र में होने लगा है। परंपरा अनुसार धर्म की रक्षा के लिए आदि शंकराचार्य की प्रेरणा से बने 13 अखाड़े अपने-अपने क्रम से छावनी प्रवेश कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी का महाकुंभ में दिव्य भव्य छावनी प्रवेश हुआ। निरंजनी अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा को देखने हजारों की संख्या में प्रयागराजवासी सड़कों पर मौजूद थे। अखाड़े के साधु-संतों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। आदि शंकराचार्य की प्रेरणा से 726 ईस्वी में स्थापित हुए श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े की महाकुंभ में छावनी प्रवेश यात्रा का शुभारंभ प्रयागराज के बाघम्बरी गद्दी मठ से हुआ। छावनी प्रवेश यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा, अखाड़े का प्रतिनिधित्व करती हुई चल रही थी। उसके पीछे नागा संन्यासियों की टोली हाथों में चांदी के छत्र, छड़िया, भाले और तलवार लेकर ईष्ट देव भगवान कार्तिकेय की सवारी के साथ अगुवाई कर रही थी। ईष्ट देव की सवारी के पीछे ढोल-ताशे, लाव-लश्कर के साथ हाथी, घोड़ों और ऊंट पर सवार नागा संन्यासियों का जत्था चल रहा था। जो सभी नगरवासियों के लिए दुर्लभ दर्शन और आकर्षण का केंद्र बना।

### एकता और समरसता है निरंजनी अखाड़े का संदेश

छावनी प्रवेश यात्रा मठ बाघम्बरी गद्दी से निकल कर भरद्वाजपुरम् के लेबर चौहारे से मटियारा रोड होते हुए अलोपी देवी मंदिर तक पहुंची। यहां पर प्रवेश यात्रा के स्वागत के लिए प्रयागराज नगर निगम की ओर रंगोली बनाई गई थी और पुष्प वर्षा की जा रही थी। नागा संन्यासियों की टोली के साथ ही अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री रविंद्र पुरी साधु-संतों के साथ चल रहे थे। उन्होंने बताया कि एकता और समरसता निरंजनी अखाड़े का मूल मंत्र है। महाकुंभ की छावनी साधु-संन्यासियों के लिए शिक्षा-दीक्षा का केंद्र होती है। इस महाकुंभ के अवसर पर निरंजनी अखाड़ा हजारों की संख्या में नए नागा संन्यासियों को दीक्षा देगा, जो आने वाले वर्षों में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देंगे।

### प्रवेश यात्रा मठ बाघम्बरी गद्दी से अलोपी देवी मंदिर तक पहुंची

छावनी प्रवेश यात्रा मठ बाघम्बरी गद्दी से निकल कर भरद्वाजपुरम् के लेबर चौहारे से मटियारा रोड होते हुए अलोपी देवी मंदिर तक पहुंची। यहां पर प्रवेश यात्रा के स्वागत के लिए प्रयागराज नगर निगम की ओर रंगोली बनाई गई थी और पुष्प वर्षा की जा रही थी। नागा संन्यासियों की टोली के साथ ही अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री रविंद्र पुरी साधु-संतों के साथ चल रहे थे। उन्होंने बताया कि एकता और समरसता निरंजनी अखाड़े का मूल मंत्र है। महाकुंभ की छावनी साधु-संन्यासियों के लिए शिक्षा-दीक्षा का केंद्र होती है। इस महाकुंभ के अवसर पर निरंजनी अखाड़ा हजारों की संख्या में नए नागा संन्यासियों को दीक्षा देगा, जो आने वाले वर्षों में सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देंगे।

# चीन की चुनौती से निपटने पर रहेगा डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति का फोकस

## एनएससी की वरिष्ठ निदेशक रहीं लिसा कर्टिस ने कहा कि भारत से संबंध होंगे मजबूत



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** एक प्रभावशाली अमेरिकी विशेषज्ञ ने कहा है कि बतौर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति का फोकस चीन की चुनौती से निपटना रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ रणनीतिक संबंध मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति की उप-सहायक और दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के लिए एनएससी की वरिष्ठ निदेशक रहीं लिसा कर्टिस का कहना है कि आने वाले समय में भी क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच बना रहेगा। लिसा कर्टिस वर्तमान में सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी थिंक-टैंक में इंडो-पैसिफिक सिक्योरिटी प्रोग्राम की वरिष्ठ फेलो और निदेशक हैं। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। साल 1892 में ग्रोवर क्लीवलैंड के बाद ट्रंप अमेरिकी इतिहास के दूसरे राष्ट्रपति बन जाएंगे, जो अंतराल के बाद दूसरे कार्यकाल के लिए चुने गए हैं। ट्रंप 2017-2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे। कर्टिस ने कहा कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की विदेश नीति का मुख्य फोकस चीन की चुनौती पर होगा, चाहे वह आर्थिक हो और सैन्य प्रतिस्पर्धा। प्रौद्योगिकी की दौड़ हो या हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र पर हावी होने की चीन की रणनीति का मुकाबला। ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द रह सकती है।

### अमेरिकी उच्च प्रौद्योगिकी के चीन निर्यात पर रह सकता है प्रतिबंध

कर्टिस को उम्मीद है कि अमेरिकी उच्च प्रौद्योगिकी के चीन निर्यात पर बाइडन सरकार के दौरान जो प्रतिबंध थे, वे ट्रंप सरकार में भी जारी रह सकते हैं। हालांकि द्विपक्षीय व्यापार सौदों में अमेरिकी उपभोक्ताओं के हितों का भी ट्रंप पूरा ध्यान रखेंगे। चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के चलते ट्रंप सरकार भी अमेरिकी रक्षा क्षमताओं में निवेश को बढ़ावा दे सकती है और वे हिंद प्रशांत महासागर में अमेरिकी रक्षा परिसंपत्तियों की स्थिति पर अधिक ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ट्रंप सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किए गए माइकल वाल्ट्ज और विदेश मंत्री मार्को रुबियो का रुख भी चीन विरोधी रहा है और ये दोनों नेता चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### क्वाड भी जुड़ाव के लिए महत्वपूर्ण मंच बना रहेगा

कर्टिस के अनुसार, ट्रंप सरकार के दूसरे कार्यकाल में हिंद प्रशांत महासागर में अमेरिकी रणनीति में भारत के साथ मजबूत रणनीतिक संबंधों पर भी जोर रहेगा। हालांकि दोनों देशों में व्यापार मुद्दों पर टकराव की भी आशंका है, लेकिन इसके चलते चीन की चुनौती से निपटने के लिए भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंध प्रभावित होने की आशंका कम ही है। कर्टिस ने कहा कि क्वाड भी जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना रहेगा। हालांकि यह कोई सैन्य समझौता नहीं है, लेकिन क्वाड के तहत चार शक्तिशाली लोकतंत्रों का क्षेत्र को लेकर साझा दृष्टिकोण है और क्षेत्र की शांति, स्थिरता, समृद्धि और मुक्त व्यापार के लिए ये अहम है।

# आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से राहुल गांधी ने की मुलाकात

## छात्रों से बातचीत में कहा- भाजपा विकास को लेकर आक्रामक, हम संसाधनों को बराबर बांटना चाहते हैं



**राहुल बोले- एजुकेशन में प्राइवेटाइजेशन सही नहीं**

**नईदिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से मुलाकात की। एक्स पर स्टूडेंट से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि सरकारों को एजुकेशन सेक्टर में खर्च बढ़ाना चाहिए। निजीकरण और वित्तीय सहायता के जरिए क्वालिटी एजुकेशन हासिल नहीं किया जा सकता है। राहुल से एक स्टूडेंट ने पूछा कि कांग्रेस और भाजपा की वर्किंग में क्या अंतर है। इस पर राहुल ने कहा कि कांग्रेस और यूपीए का आम तौर पर मानना है कि संसाधन निष्पक्ष तरीके से सभी में बंटने चाहिए। विकास सबके लिए बराबर होना चाहिए। समाज का कोई वर्ग इससे न छूटे। वहीं, भाजपा वाले ग्रोथ को लेकर अधिक आक्रामक रहते हैं। उनका मानना है कि संसाधनों पर फोकस करना चाहिए। वे आर्थिक रूप से इसे ट्रिकल डाउन कहते हैं। सामाजिक मामलों पर कांग्रेस का मानना है कि समाज जितना सौहार्द से भरा होगा। उतने कम लोग लड़ेंगे। राहुल ने स्टूडेंट से कहा कि आप सफलता को कैसे परिभाषित करते हैं? इस पर स्टूडेंट ने कहा कि यह एक यात्रा। इसमें कोई रुकावट नहीं होती है। इसका एक शब्द में उत्तर है खुशी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मेरी नजर में जो सफलता उसे कहते है कि जो अपने आसपास के माहौल को सही तरीके से देखता है। डर का सामना करना। लालसा को समझना। मेरी नजर में यही सफलता है।

# पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया

## हम कूटनीतिक तौर पर कश्मीरियों का करते रहेंगे समर्थन



**इस्लामाबाद, जेएनन।** पाकिस्तान में रविवार यानी 5 जनवरी को कश्मीर के लोगों के लिए आत्मनिर्णय दिवस मनाया गया। इस मौके पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा जम्मू और कश्मीर के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा कि हम आगे भी राजनीतिक और कूटनीतिक तौर पर कश्मीरियों का समर्थन करते रहेंगे। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा आज (5 जनवरी) के दिन ही 1949 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने उस ऐतिहासिक प्रस्ताव को अपनाया था, जो जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र और निष्पक्ष जनमत संग्रह की गारंटी देता है। शहबाज ने इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्णय का अधिकार संयुक्त राष्ट्र चार्टर का एक मुख्य सिद्धांत है और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) हर साल आत्मनिर्णय के कानूनी अधिकार की वकालत करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करती है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कश्मीर के लोग सात दशकों से इस अधिकार का इस्तेमाल नहीं पाए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तानी पीएम की अपील

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपने वादों पर खरा उतरे और ऐसा कदम उठाए, जिससे जम्मू-कश्मीर के लोग आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का प्रयोग कर सके। पाकिस्तानी पीएम ने मानवाधिकारों के उल्लंघन को तत्काल रोकने, राजनीतिक कैदियों की रिहाई और कश्मीरी लोगों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता की बहाली करने को लेकर वैश्विक समुदाय से अपील की।

### पाक प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 का किया जिक्र

शरीफ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पर अपने कब्जे को मजबूत करने के लिए भारत कई मजबूत कदम उठा रहा है। इसकी शुरुआत 5 अगस्त, 2019 को भारत सरकार के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से हुई। भारत का मकसद बहुसंख्यक कश्मीरी लोगों को उनकी मातृभूमि में ही एक अल्पसंख्यक समुदाय में बदलना है। वहां के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी दोहराया कि उनका देश कश्मीरी लोगों को राजनीतिक, कूटनीतिक और नैतिक समर्थन देना जारी रखेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सात दशकों से अधिक समय से अवैध रूप से कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अधिकार से वंचित कर रहा है।

# 1984 सिख दंगों के पीड़ितों को मिली भर्ती मानदंडों में छूट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 1984 में हुए सिख दंगों के पीड़ितों को शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा में छूट को मंजूरी दी। इस फैसले के बाद 88 आवेदकों को फायदा होगा। यह छूट एमटीएस के पद पर सरकारी सेवा में उनकी नियुक्ति के लिए दी गई है। छूट की मांग के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों और पीड़ितों के समूहों ने एलजी से मुलाकात कर अपनी मांग रखी। मांग पर संज्ञान लेते हुए एलजी ने सिख दंगों के पीड़ितों के लिए 16 जनवरी 2006 को गृह मंत्रालय की नौकरियों के प्रावधान सहित पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी। राजस्व विभाग को बाद में एक विशेष अभियान में 72 आवेदन मिले। इसमें 22 आवेदकों को तत्कालीन एलजी से आयु में छूट प्राप्त करके नियुक्ति दी गई।

# भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी बोले- प्रियंका के गालों जैसी सड़कें बनवाएंगे, बाद में वापस लिए शब्द

## ये घटिया मानसिकता आरएसएस के संस्कार : कांग्रेस



**नईदिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली से भाजपा कैंडिडेट रमेश बिधूड़ी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक कमेंट किया। बयान का वीडियो कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर शेयर किया। रमेश बिधूड़ी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। पवन खेड़ा ने इस बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बदतमीजी सिर्फ इस घटिया आदमी की ही मानसिकता नहीं दिखाती, यह है इसके मालिकों की असलियत। ऊपर से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्कार आपको भाजपा के इन ओछे नेताओं में दिख जाएंगे। हालांकि, विवाद बढ़ने पर बिधूड़ी ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने यह बात लालू यादव की कही बातों के संदर्भ में कही है। कांग्रेस उस समय भी चुप रही जब लालू यादव उनकी सरकार में मंत्री थे।

### बिधूड़ी ने कहा कि कांग्रेस लालू से कहे माफी मांगें

कांग्रेस के विरोध पर रमेश बिधूड़ी ने कहा कि मैंने कोई विवादित बयान नहीं दिया है। कांग्रेस को बयान पर ऐतराज है तो पहले लालू यादव से कहे कि वह हेमा मालिनी से माफी मांगें, क्योंकि उन्होंने भी इस तरह का बयान दिया था। कालकाजी से आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी चुनाव लड़ेंगे दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी। इसमें 29 नाम हैं। इनमें से 7 नेता हाल में आप और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे।

# गुजरात के पोरबंदर में कोस्टगार्ड हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत



**पोरबंदर, जेएनएन।** गुजरात के पोरबंदर में रविवार दोपहर 12 बजे इंडियन कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कोस्टगार्ड का हेलिकॉप्टर ध्रुव नियमित उड़ान पर था। पोरबंदर एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर के गिरते ही उसमें आग लग गई। इंडियन कोस्टगार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में 2 पायलट समेत 3 लोग सवार थे। हादसे में तीनों की जान चली गई, जिनकी पहचान सुधीरकुमार यादव, मनोजकुमार और सौरभ कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही तटरक्षक बल के डीआईजी पंकज अग्रवाल और जिला पुलिस प्रमुख भागीरथ सिंह जाडेजा समेत पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे।

# नागपुर में बर्ड फ्लू से 3 बाघ और एक तेंदुए की मौत

**नागपुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में तीन बाघ और एक तेंदुए की बर्ड फ्लू वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई है। ये मौतें दिसंबर महीने में हुई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने पूरे महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी किया गया। इन जानवरों को दिसंबर में चंद्रपुर से गोरेवाड़ा ट्रांसफर किया गया था, जहां वे बर्ड फ्लू से संक्रमित पाए गए थे। बताया जा रहा है कि एक बाघ की मौत 20 दिसंबर को हुई थी, जबकि दो अन्य की मौत 23 दिसंबर को हुई। उनकी मौतों के बाद उनके सैंपल्स आईसीएआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज को भेजा गया था, जहां सैंपल्स की जांच की गई जो कि बर्ड फ्लू के लिए पॉजिटिव पाए गए।

### वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे अधिकारी

लैब्स में सैंपल की जांच रिपोर्ट 1 जनवरी को सामने आई, जिससे पता चला कि जानवरों की मौत बर्ड फ्लू वायरस से हुई थी। इसके बाद सभी रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर को अलर्ट जारी किया गया। फिलहाल अधिकारी इन जानवरों में पाए गए वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे हैं। तीन बाघों और तेंदुए के सैंपल की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सेंटर में मौजूद अन्य 26 तेंदुए और 12 बाघों की भी जांच की गई, लेकिन वे स्वस्थ पाए गए। हालांकि, जानकार बताते हैं कि इन जानवरों में बर्ड फ्लू की शिकायत संक्रमित या खराब मांस खाने की वजह से होती है।

**उपलब्धि** | बेड़े में शामिल हुए स्वदेशी निर्मित दो और फास्ट पैट्रोल वेसल

# भारतीय तटरक्षक बल की बढ़ी ताकत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित दो फास्ट पैट्रोल वेसल (एफपीवी) लॉन्च किए। इससे पहले जीएसएल ने अक्टूबर 2024 के महीने में इसी श्रृंखला के दो और जहाजों को लॉन्च किया था। जीएसएल भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ एफपीवी का बेड़ा बना रहा है, जो रक्षा उत्पादन में 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने में शिपयार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। यह लॉन्च तकनीकी और परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में जीएसएल की महत्वाकांक्षी यात्रा में एक ऐतिहासिक अध्याय है। सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार की उपस्थिति में अमूल्य और अक्षय को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस दौरान आयोजित विशिष्ट सभा में आईजी एचके शर्मा, टीएम, डीडीजी (एमएंडएम), साथ ही रक्षा और समुद्री समुदायों के प्रमुख हितधारक शामिल थे।



### पैट्रोलिंग शिप की खासियत

इन अत्याधुनिक एफपीवी को भारतीय तटरक्षक बल की विशिष्ट परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जीएसएल द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया है। 52 मीटर की लंबाई, 8 मीटर की चौड़ाई और 320 टन के विस्थापन के साथ, ये जहाज अपतटीय संपत्तियों, द्वीप क्षेत्रों की रक्षा करने और निगरानी अभियान चलाने के लिए अनुकूलित हैं।

### शिप-लिफ्ट सिस्टम के इस्तेमाल से जहाज किए लॉन्च

जीएसएल के इतिहास में पहली बार, शिपयार्ड के अत्याधुनिक शिप-लिफ्ट सिस्टम का उपयोग करके एक साथ दो जहाजों को लॉन्च किया गया, जो एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है जो जीएसएल के आधुनिकीकरण प्रयासों को रेखांकित करती है। अमूल्य और अक्षय का लॉन्च भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने वाले उन्नत, स्वदेशी रूप से निर्मित जहाजों को वितरित करने के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के अटूट समर्पण को दर्शाता है। यह परियोजना स्थानीय आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो एमएसएमई और जीएसएल का समर्थन करने वाले स्थानीय उद्योगों के पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर रोजगार और विकास को बढ़ावा देती है। रक्षा उत्पादन सचिव ने भारतीय तटरक्षक बल और जीएसएल के बीच स्थायी सहयोग की सराहना की।

## स्पीड के साथ मेट्रो कोच का ट्रैक पर ट्रायल, ट्रेन के नौ सेट तैयार

# इंदौर में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से जल्द दौड़ेगी मेट्रो

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में अब मेट्रो कोच का ट्रैक पर ट्रायल शुरू हो गया है। 40 से 50 किलोमीटर की स्पीड के साथ ट्रेन चलाकर ट्रायल लिया जा रहा है, ताकि ट्रैक में कोई समस्या हो तो उसे समय रहते ठीक किया जा सके। अब तक 30 से ज्यादा कोच आ चुके हैं। एक इंजन के साथ तीन कोच जुड़कर एक ट्रेन बनती है। इंदौर में कुल 75 से ज्यादा कोच आने हैं। अभी ट्रेन के नौ सेट तैयार हो चुके हैं। इनका ट्रायल चल रहा है। कमर्शियल रन तक कुछ और कोच आ सकते हैं। गांधी नगर और सुपर कॉरिडोर की तरफ जाने वाले शहरवासियों को आजकल ट्रैक पर मेट्रो ट्रेन चलती नजर आ रही है। विशेषज्ञ ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल रन कर देख रहे हैं, जब कमर्शियल रन शुरू होगा, तब मेट्रो ट्रेन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी। वैसे इस साल गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक कमर्शियल रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन अभी तक 17 किलोमीटर वाले इस हिस्से में ट्रायल रन भी नहीं हो पाया है, क्योंकि अभी तक मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार नहीं हुए हैं। अभी मेट्रो रेल कार्पोरेशन छह किलोमीटर हिस्से में ही मेट्रो का संचालन करेगी, लेकिन अभी इस हिस्से में मेट्रो को ज्यादा यात्री नहीं मिलेंगे, क्योंकि गांधी नगर से बांगड़दा चौराहा तक आबादी क्षेत्र नहीं है।



# बांग्लादेशियों को पैसा लेकर भारत में घुसाते हैं एजेंट

## जोखिम के हिसाब से लगता है रेट, मुंबई क्राइम ब्रांच ने किया खुलासा

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एक अभियान के तहत घाटकोपर पुलिस ने 13 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया, जबकि क्राइम ब्रांच ने रविवार को देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में सात और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों की जांच से महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। जांच के दौरान अधिकारियों को एक रेट चार्ट मिला, जिसमें बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारत में अवैध प्रवेश के लिए एजेंटों को भुगतान की गई राशि का विवरण था। बांग्लादेशी अवैध प्रवेश के लिए एजेंटों को मोटी रकम देते हैं। क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेशी नागरिक आमतौर पर बंगाल के मालदा, 24 परगना, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर और चपई नवाबगंज जैसे क्षेत्रों से भारत में प्रवेश करते हैं। रेट चार्ट में मार्ग और संबंधित जोखिमों के आधार पर अलग-अलग कीमतें तय की गई है। इसमें पर्वतीय मार्ग काफी जोखिम है और प्रति व्यक्ति अवैध प्रवेश के लिए सात से आठ हजार रुपये तय है। अवैध प्रवेश के लिए जल मार्ग सस्ता विकल्प है।



इसके लिए प्रति व्यक्ति दो से चार हजार रुपये देने पड़ते हैं, लेकिन मगरमच्छों और बंगाल टाइगरों जैसे खतरों के कारण यह अत्यधिक खतरनाक है। एक अधिकारी ने बताया कि कई मामलों में इस रास्ते से सीमा पार करने की कोशिश करते समय अवैध अप्रवासियों पर वन्यजीवों ने हमला किया है। नतीजतन, अब इस रास्ते से आने से बचा जा रहा है, क्योंकि इसमें जोखिम बहुत ज्यादा है। अवैध अप्रवासियों के लिए समतल भूमि मार्ग सबसे सुरक्षित माना जाता है, लेकिन यह महंगा है। इसके लिए एजेंटों को 12,000-15,000 रुपये का भुगतान करना पड़ता है। ये एजेंट अक्सर बांग्लादेश राइफल्स के सदस्यों की मिलीभगत से सीमा पार कराते हैं।


### दो हजार रुपए में मिल जाता है आधारकार्ड

भारत में अवैध प्रवेश के बाद बांग्लादेशी नागरिक एजेंटों की मदद से दो हजार रुपये भुगतान कर फर्जी आधार कार्ड प्राप्त कर लेते हैं। ये दस्तावेज उन्हें देश के किसी भी हिस्से में बसने के योग्य माना जाता है। इसके अतिरिक्त, एजेंट उन्हें नौकरी दिलाने में सहायता करते हैं, जिसके लिए अप्रवासियों को कमीशन देना पड़ता है। एक अधिकारी ने कहा कि इन अवैध अप्रवासियों को भारत में बसने में मदद करने के लिए एक विशाल नेटवर्क काम कर रहा है। बांग्लादेशी नागरिक अपने खिलाफ केस दर्ज किए जाने से डरते नहीं हैं, क्योंकि इससे उनके लंबे समय तक रहने की गारंटी होती है। जब तक मामले में फैसला नहीं आ जाता, तब तक उन्हें निर्वासित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा वे कुछ ही दिनों में जमानत पा लेते हैं और सामान्य रूप से यहां रहते हैं।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोपी की सजा की कम, कहा-

# लड़की को एक बार फॉलो करना अपराध नहीं, लगातार पीछा करना ही अपराध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की को एक बार फॉलो करना आईपीसी की धारा 354(डी) के तहत पीछा करने की श्रेणी में नहीं आता है। कानूनी रूप से लगातार किसी को फॉलो करने को ही अपराध माना जाएगा। जस्टिस जीए सनप ने सेक्सुअल हैरेसमेंट के दो 19 साल के आरोपियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। दोनों पर 14 साल की लड़की का यौन उत्पीड़न करने और जबरन घर में दाखिल होने का आरोप लगा था। जस्टिस सनप ने कहा कि किसी लड़की को फॉलो करने की इकलौती घटना को आईपीसी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता है।




### जनवरी 2020 में लड़की के घर जबरन घुसा था आरोपी

मामला 2020 जनवरी का है, जब मुख्य आरोपी ने नाबालिग लड़की का पीछा किया था और उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। लड़की के मना करने के बाद भी आरोपी नहीं माना। यहां तक की लड़की की मां ने लड़के के परिवार से भी इस बारे में बात की, फिर भी आरोपी ने लड़की को परेशान करना जारी रखा। 26 अगस्त 2020 को आरोपी ने लड़की के घर में घुसकर उसे मुंह दबाया और उसे गलत तरीके से छुआ। इस दौरान दूसरा आरोपी घर के बाहर पहरा देता रहा। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर आईपीसी और पीओसीएसओ एक्ट के तहत कई मामले दर्ज किए।

### आरोपी का दोष बरकरार रखा, सजा की कम

इस केस का रिव्यू करने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि पीछा करने का केस सिर्फ एक वाकिए के आधार पर दर्ज किया गया है, जब आरोपी ने लड़की का नदी तक पीछा किया था। जस्टिस सनप ने साफ किया कि सेक्शन 354(डी) के तहत यह जरूरी है कि आरोपी ने लगातार विक्टिम का पीछा किया हो, उसे लगातार देखा हो या फिजिकल या डिजिटल तरीके से उससे कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की हो। कोर्ट ने दूसरे आरोपी को सभी आरोपों से बरी करते हुए कहा कि उसने खिलाफ घर के बाहर खड़े होकर पहरा देने के अलावा कुछ नहीं किया था। इसके साथ ही कोर्ट ने आईपीसी के सेक्शन 354(ए) और पीओसीएसओ के सेक्शन 8 के तहत मुख्य आरोपी का दोष बरकरार रखा। हालांकि हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी की सजा कम कर दी। इसके पीछे कोर्ट ने तर्क दिया कि उसकी उम्र कम है और वह पहले ही कस्टडी में ढाई साल सजा काट चुका है।

# नीट पीजी: एनआरआई कोटा की सीटें होल्ड पर, दूसरे राउंड में नहीं हुईं प्रदर्शित

## अब कोटे की 152 सीटों का क्या होगा, फिलहाल कुछ तय नहीं

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में दूसरा राउंड चल रहा है। संचालक चिकित्सा शिक्षा ने रिक्त सीटों की जानकारी डीएमई की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इस रिक्त सीटों के चार्ट में एनआरआई कोटा की सीटों की जानकारी नहीं है। जबकि 152 सीटें एनआरआई कोटा के लिए आरक्षित हैं। पहले राउंड में इन सीटों की जानकारी वेबसाइट में दी गई थी। लेकिन हाइकोर्ट द्वारा सीट आवंटन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है। जिस कारण न तो पहले राउंड में इनका आवंटन हो सका और न अब दूसरे राउंड में आवंटन होगा। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश के भोपाल निवासी डॉ. ओजस यादव ने एनआरआई कोटा की सीटों के आरक्षण को चुनौती दी है। जिसमें कोर्ट को बताया गया है कि एनआरआई कोटा में अधिकतर सीटें क्लीनिकल विषय की आरक्षित कर दी गई हैं, जो कि रोस्टर का उल्लंघन है। हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद एनआरआई कोटा की सीटों के आवंटन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।



### कोर्ट में यह दी गईं दलील

- चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 के विरुद्ध तैयार किया गया चार्ट।
- नियमानुसार अनेक ब्रांचों में 40 से 50 प्रतिशत आरक्षित कर दी गई हैं।
- अनेक ब्रांचों में अनारक्षित कैटेगरी में एक भी सीट उपलब्ध नहीं है।

### इन सर्विस कोटा का मामला भी विचाराधीन

काउंसलिंग हर बार की तरह अदालतों के चक्कर में उलझ गई है। एक मामला एनआरआई कोटा की सीटों है तो दूसरा इन सर्विस कोटा का। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा इन सर्विस कोटा के उम्मीदवारों की जो मैरिट सूची बनाई गई, उसमें कुछ तकनीकी कमियां रह गईं। जिससे इन सर्विस कोटा के उम्मीदवारों की रैंक नीचे हो गई। उम्मीदवारों ने इसे हाइकोर्ट में चुनौती थी। हाइकोर्ट ने सुनवाई करते हुए मैरिट सूची को रदद करने का फैसला सुना दिया। हाइकोर्ट के फैसले के विरुद्ध नेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड सुप्रीम कोर्ट चला गया। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग को आगे बढ़ाने का निर्णय तो दे दिया, लेकिन मामले को खत्म नहीं किया। अगली सुनवाई इस मामले में 19 जनवरी को तय की गई है।

# अभी कम नहीं हुई फिल्म पुष्पा-2 की दीवानगी

**मुंबई, जेएनएन।** पुष्पा-2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के एक महीने बाद भी धमाल मचा रखा है। पहले पार्ट पुष्पा ने भी कमाई के मामले में बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़े थे, लेकिन पुष्पा-2 के सामने तो किसी मूवी का थिएटर में टिक पाना भी मुश्किल हो गया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की पिक्चर की दीवानगी समय के साथ बढ़ती जा रही है। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी अहम किरदार की भूमिका में हैं। भारत में फिल्म ने 1200 करोड़ का आंकड़ा सभी भाषाओं में मिलाकर पार कर लिया है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी मूवी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। पुष्पा-2 ने शुक्रवार को पांचवें सप्ताह में प्रवेश किया था। जहां कुछ फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस पर टिक पाना मुश्किल होता है, वहीं यह फिल्म रिलीज के 32वें दिन भी रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है। शनिवार को फिल्म ने 5.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को कमाई बढ़ने की ही उम्मीद है।



# वतन लौटे भारत के 95 मछुआरे, 90 को बांग्लादेश भेजा गया

**कोलकाता, जेएनएन।** कई महीनों से एक-दूसरे देश में बंद भारत और बांग्लादेश के मछुआरे रविवार को अपने-अपने वतन लौटे। रविवार को बंगाल की खाड़ी में इनका आदान-प्रदान हुआ। बांग्लादेश ने जहां 95 भारतीय मछुआरों को छोड़ा। वहीं भारत ने 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश को सौंपे। उल्लेखनीय है कि पूरी प्रक्रिया पर भारत और बांग्लादेश की कोस्ट गार्ड की निगरानी में हुई एक बयान के मुताबिक, भारतीय तटरक्षक बल और बांग्लादेश तटरक्षक बल के बीच समन्वित मछुआरों के आदान-प्रदान में, आईसीजी जहाज वरद और अमृत कौर ने 95 भारतीय मछुआरों और चार भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को सुरक्षित रूप से भारत वापस भेजा, जबकि 90 बांग्लादेशी मछुआरों, जिनमें डूबे हुए मछली पकड़ने वाली नाव कौशिक से बचाए गए 12 मछुआरे भी शामिल हैं, को बांग्लादेश तटरक्षक बल को सौंपा गया। हाल के महीनों में कई भारतीय मछुआरों को बांग्लादेशी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। जब वे अनजाने में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार कर बांग्लादेशी जल क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। इसी तरह के हालात में कई बांग्लादेशी मछुआरों को भारतीय अधिकारियों ने भी गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक, जो भारतीय मछुआरे वापस लौट रहे हैं उनमें अधिकांश दक्षिण 24 परगना के काकदीप और नामखाना के निवासी हैं। सूत्रों के मुताबिक इन सभी को सोमवार को गंगासागर लाया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहेंगी।

**कोस्ट गार्ड की निगरानी में हुआ समझौता**

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस पर आतंकी हमला 6 की मौत

## 25 से ज्यादा घायल, बलूच आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के तुरबत शहर में शनिवार को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने एक बस में बम ब्लास्ट कर दिया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 25 अन्य घायल हैं। इनमें से 5 घायलों की हालत गंभीर है। हमले में एक एसएसपी रैंक के सीनियर पुलिस अधिकारी और उनका परिवार भी घायल हुआ है। पुलिस ने आशंका जताई है कि विद्रोहियों ने एसएसपी को निशाना बनाने के मकसद से ही बस पर हमला किया था। फिलहाल घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। हमले के बाद बीएलए के एक प्रवक्ता ने वीडियो जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। इससे पहले पिछले महीने भी यहां एक बम ब्लास्ट में 2 लोगों की मौत हो गई थी।

**दावा- रूस की केजीबी ने दी ट्रेनिंग:** बलूच आर्मी में हजारों लड़ाके हैं। 2006 के बाद बीएलए पाकिस्तान की फौज और सरकार के लिए बहुत मुश्किल चुनौती बन गई है। इसके हमलों में सैकड़ों पाकिस्तानी फौजी मारे जा चुके हैं।



### क्या है बलूच लिबरेशन आर्मी

डायचे वेले के अनुसार बीएलए पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत का सबसे बड़ा बलूच उग्रवादी समूह है। यह दशकों से पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है। यह ग्रुप बलूचिस्तान की आजादी और अपने इलाकों से चीन को बाहर निकालने की मांग कर रहा है। बीएलए ने पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज और चीन की सीपीईसी परियोजना को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं। बलूचिस्तान में रहने वाले ज्यादातर बलूच लोग पाकिस्तानी सरकार से नाराज हैं।

# मणिपुर में गोला-बारूद के साथ 42 हथियार बरामद

**इंफाल, जेएनएन।** भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर हथियारों और गोला-बारूद की बरामदी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। कुल 42 हथियार, साथ ही एक बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और युद्ध जैसे सामान को मणिपुर के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में हुए अभियानों के दौरान जब्त किया गया। यह बरामदगी कई जिलों में की गई, जिसमें इंफाल पश्चिम, चंदेल, थौबल, कंगपोकपी और चुराचंदपुर शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कोहिमा में बताया कि सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे से बचाने के लिए सुरक्षा बल इस तरह के ऑपरेशन चला रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में ऑपरेशनों को तेज किया है, खोज अभियानों का संचालन कर रहे हैं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय दबदबा सुनिश्चित कर रहे हैं। इससे पहले मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करके राज्य में व्यापक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

# गुंटूर से आजमगढ़ के बीच चलेगी महाकुंभ स्पेशल ट्रेन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के लिए महाकुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। गाड़ी संख्या 07081/07082 गुंटूर - आजमगढ़ - विजयवाड़ा महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 1-1 ट्रिप चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 07081 गुंटूर-आजमगढ़ महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन (1 ट्रिप) गाड़ी संख्या 07081 गुंटूर-आजमगढ़ महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 14 फरवरी को गुंटूर स्टेशन से रात 11 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन शाम 5.40 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन शाम 5.15 बजे आजमगढ़ स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07082 आजमगढ़-विजयवाड़ा महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन (1 ट्रिप) गाड़ी संख्या 07082 आजमगढ़-विजयवाड़ा महाकुंभ मेला विशेष ट्रेन 16 फरवरी को रात 7.45 बजे आजमगढ़ स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन 3.40 बजे इटारसी होते हुए तीसरे दिन सुबह 07.30 बजे विजयवाड़ा स्टेशन पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में 9 शयनयान श्रेणी, 2 सामान्य श्रेणी, 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

# स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग का आईपीओ आज ओपन होगा

**मुंबई, जेएनएन।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 6 जनवरी को ओपन हो रहा है। निवेशक 8 जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 13 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज आईपीओ और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 410.05 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 210 करोड़ रुपए के 1.50 करोड़ शेयर्स इश्यू करेगी। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी ह्रस्रस् के जरिए 200.05 करोड़ रुपए के 1.43 करोड़ शेयर बेच रहे हैं। कंपनी ने 133-140 तक किया आईपीओ का प्राइस बैंड स्टैंडर्ड ग्लास ने अपने आईपीओ का प्राइस बैंड 133 रुपए से 140 रुपए प्रति शेयर तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 107 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 140 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,980 रुपए इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 1391 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइस बैंड के हिसाब से 1,94,740 रुपए इन्वेस्ट करने होंगे।




### इश्यू का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए

कंपनी ने इश्यू का 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा करीब 35 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

### फार्मास्यूटिकल के लिए इंजीनियरिंग इक्विपमेंट बनाती है कंपनी

स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड भारत में फार्मास्यूटिकल और केमिकल सेक्टर के लिए इंजीनियरिंग इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी है। इसकी स्थापना 2012 में हुई थी। कंपनी के पास अपने सारे प्रोडक्ट्स के लिएइन-हाउस प्रोडक्शन कैपेसिटी है। कंपनी फार्मास्यूटिकल और केमिकल प्रोड्यूसर्स के लिए टर्नकी, डिजाइन, इंजिनियरिंग, मैन्यूफै. रिंग, असेंबलिंग, इंस्टॉलेशन और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर जैसी सॉल्यूशंस प्रोवाइड करती है।

# 15 जनवरी तक जमा करना होगा टैक्स इन्वेस्टमेंट प्रूफ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गर आप सैलरीड कर्मचारी हैं और आपने टैक्स बचाने के लिए टैक्स सेविंग्स स्कीम में इन्वेस्टमेंट किया है। या घर के लिए लोन लिया है तो इसका प्रूफ जल्द से जल्द अपने दफ्तर के फाइनेंस डिपार्टमेंट में जमा कराएं। दरअसल, देश में ज्यादातर कंपनियों ने टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट का प्रूफ जमा करने के लिए अपने कर्मचारियों को 15 जनवरी तक की डेडलाइन दी है। कंपनियां क्यों मांगती हैं प्रूफ? दरअसल,कंपनियां कर्मचारियों की सैलरी से हर महीने टीडीएस काटती हैं। कर्मचारी हर वित्त वर्ष की शुरुआत में अपनी कंपनी को बताता है कि वे टैक्स बचाने के लिए किन योजनाओं में निवेश कर रहे हैं या करने वाले हैं। कंपनियां उसी हिसाब से उनकी सैलरी से टैक्स काटती हैं। जनवरी में कंपनियां निवेश का सबूत मांगती हैं। इसके आधार पर कर्मचारी के पूरे वित्त वर्ष के टैक्स का कैलकुलेशन होता है। फिर कंपनियां उसी हिसाब से सैलरी से पैसा काटकर वित्त वर्ष खत्म होने से पहले यानी 31 मार्च तक इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पास जमा करती हैं।

# अमेरिकी राजदूत छत्तीसगढ़ के सीएम से मिले, निवेश संभावनाओं पर चर्चा की

**रायपुर, जेएनएन।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने रविवार को यहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने राज्य में रक्षा, लॉजिस्टिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री और अमेरिकी राजदूत ने बैठक के दौरान राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक पहलुओं और आर्थिक संभावनाओं पर गहन चर्चा की। बयान के अनुसार, साय ने उन्हें राज्य में किए जा रहे विकास कार्यों और नई औद्योगिक नीति के लागू होने से निवेशकों के लिए बने अनुकूल माहौल के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए खुला है और हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हो रहा है। गार्सेटी ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में अधिशेष राज्य है और यहां ऊर्जा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। बयान में शीर्ष राजनयिक के हवाले से कहा गया, हम छत्तीसगढ़ में विभिन्न अमेरिकी कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य बन सकता है। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने गार्सेटी को छत्तीसगढ़ के विकास के दृष्टिकोण और उसके समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। छत्तीसगढ़ कई दुर्लभ धातुओं सहित खनिज संपदा के प्रचुर भंडार वाला एक अग्रणी राज्य है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### स्व.रिज़वान अहमद स्मृति टे.टे. प्रतियोगिता का समापन

**भोपाल।** भोपाल जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्व.रिज़वान अहमद ओपन भोपाल टे टे स्पर्धा के अंतिम दिन वीआन ओर हर्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल खिताब अर्जित किए। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण स्व.रिज़वान अहमद की पत्नी श्रीमती गुल पुत्र आर्यन पुत्री मिहा द्वारा किया गया उक्त अवसर पर श्रीमती शहाना एवं सचिव जिला संघ साबिर अली विवेकांन्द पंकज पाठक उपस्थित थे । आज खेले गए फ़ाइनल मुक़ाबलों के नतीजे इस प्रकार रहे। 9आयु वर्ग (11) में सूर्यांश ने हिमांश को 2-0,आयु वर्ग (13) में वीआन ने सूर्यांश को 2-1 से वर्ग (15) में हर्षित ने आरव को 3-0से आयु वर्ग(17) में वीआन ने सूर्यांश को 3-0 आयु वर्ग(19)में हर्षित ने आरव को 3-1 से पुरुष वर्ग में शिवम् सोलंकी ने रितेश को 3-0 से वेटरन आयु वर्ग 40+ में कुणाल ने शैलेश को 3-0 से आयु वर्ग 55+) में नवनीत ने आर पी मालवीय को 3-0 से ओर महिला वर्ग में खुशी ने के.वी.पद्मजा को 3-0 से पराजित कर ख़िताब जीते। समापन समारोह का संचालन बँटी द्वारा किया गया ।

### राइफल शूटिंग में महाराष्ट्र ने बाजी मारी, मप्र ने जीते चार कांस्य पदक

**भोपाल।** मप्र शूटिंग अकादमी में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय शूटिंग चैंपियनशिप में महाराष्ट्र का दबदबा रहा। वहीं मेजबान भोपाल के खाते में चार कांस्य पदक आए। सीबीएसई तीसरे स्थान पर रहा। रविवार को फाइनल मुकाबले खेले गए। पीपी साइट एयर राइफल अंडर 19 बालिका वर्ग में डीएवी की भूमि ने स्वर्ण, सीबीएसई की अनन्या ने रजत व मप्र की श्रीवल्ली श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता। इस इवेंट के टीम इवेंट में सीबीएसई ने स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र ने रजत व मध्य प्रदेश ने कांस्य पदक जीता। मप्र टीम में श्रीवल्ली श्रीवास्तव, मानवी यादव व सिद्धि थापा शामिल थी। पीपी साइट एयर राइफल अंडर 19 बालक में महाराष्ट्र के पार्थ पहले, राजस्थान के दक्षवीर सिंह दूसरे व केवीएस के मानस कानोजे तीसरे स्थान पर रहे। टीम इवेंट में महाराष्ट्र ने स्वर्ण, पंजाब ने रजत व हिरयाणा कने कांस्य पदक जीता। पीपी साइट एयर राइफल अंडर 14 बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की एवी सारंक ने स्वर्ण, कर्नाटक की महालक्ष्मी ने रजत व मप्र की रितुर्पणा देशमुख ने कांस्य पदक जीता। एयर पिस्टल अंडर 19 बालक वर्ग के टीम इवेंट में दिल्ली ने स्वर्ण, उप्र ने रजत व मप्र ने कांस्य पदक जीता। मप्र टीम में युग प्रताप सिंह, पार्थ अग्रवाल व सूरज शर्मा शामिल थे। रविवार को नगर निगम अध्यक्ष किशान सूर्यवंशी, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के सहसचिव रामकुमार खिलरानी, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा कनक प्रसाद उपस्थित थे। शूटिंग स्पर्धा में महाराष्ट्र ने 5 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य, सीबीएसई ने 3 स्वर्ण, 1 रजत, दिल्ली ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य , पंजाब ने 1 स्वर्ण, 2 रजत, कर्नाटक ने भी 1 स्वर्ण, 1 रजत, राजस्थान ने 1 स्वर्ण, 4 रजत, डीएवी ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य, बंगाल ने 1 रजत 1 कांस्य, सीआईएसई ने 1 रजत, 1 कांस्य , हरियाणा ने 1 रजत, 2 कांस्य, उतरप्रदेश 1 रजत, मध्यप्रदेश 4 कांस्य, केवीएस और सीबीएसई डब्लू ने 1-1 कांस्य प्राप्त किया।




### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी कोलार रोड, भोपाल में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंब (महिला -पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री जय नारायण चौकसे कुलाधिपति एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल, श्रीमती पूनम चौकसे वाइस चेयरपर्सन के द्वारा पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप, आर के शर्मा खेल अधिकारी एवं भारत वर्ष के मलखंभ रेफरी कोच मैनेजर खेल की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर सभी खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी तनवंत सिंह एवं एवं स्पर्धा सहसचिव महेश सोधिया ने बताया कि मध्य प्रदेश के राजकीय खेल मलखंब की झीलों की नगरी भोपाल में पहली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंब प्रतियोगिता है। 05 से 08 जनवरी 2025 तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों 70 विश्वविद्यालयो के 600 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर इस ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मलखंब प्रतियोगिता में हिस्सा लें रहे है। जिसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पखवाड़ा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मुंबई, स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय, आरटीएम नागपुर, एमजीएसयू बीकानेर, डॉ. अंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी, डीएवीवी इंदौर, आरजीपीवी विश्वविद्यालय, भोपाल, बीयु भोपाल, एलएनआईपी ग्वालियर, जीवाजी एवं अन्य विश्वविद्यालय सम्मिलित है। एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रतियोगिता से पूर्व साउथ बेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला जूडो, एवं करते पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 का सफल आयोजन किया गया।



### सिविल सेवा बैंडमिंटन में मप्र के खिलाड़ियों की जीत



**भोपाल, जेएनएन।** नई दिल्ली में चल रही अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में आज मध्यप्रदेश सिविल सेवा बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग के मुकाबलों में विजयी शुरुआत की। ओपन एकल मैच में भगवान सिंह गौतम ने बिहार के जयंत को 2-0 से, पुरुष 45+ वर्ग में रूपेश ने पुद्दुचेरी के जयसुंदरम को 2-0 से, विवेक घारू ने दिल्ली के ओमपाल को 2-0 से, पुरुष 55+ वर्ग में नरेश बागड़े ने कानपुर के विवेक को 2-0 से, महिला एकल में नलिनी शिंदे ने गोवा की दिव्या को 2-0 से तथा पुरुष 45+ युगल में राजनीश मारन और राजबीर सिंह की जोड़ी ने दिल्ली के दीपक ओर नेपाल सिंह को 2-0 से हरा कर प्रतियोगिता के अगले चक्र में प्रवेश किया।

# एक्सीडेंटल स्पॉट बन चुका है गड्ढों में तब्दील राष्ट्रीय राजमार्ग

## मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति के प्रयासों का भी नहीं निकला कोई नतीजा

### एनएच-27 अपनी दुर्दशा के कारण चर्चा में



**जागरण, गढ़।** रीवा जिले के मनगवां तहसील के ग्राम पंचायत गढ़ से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-27 आज अपनी दुर्दशा के कारण चर्चा में है। जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर जर्जर हालत में होने के कारण राजमार्ग दुर्घटनाओं का गढ़ बन चुका है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को प्रतिदिन जानलेवा जोखिम उठाना पड़ रहा है। इस मार्ग का उपयोग बाजार, स्कूल, और अन्य जरूरतों के लिए ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता है। खासकर रविवार और बुधवार के साप्ताहिक बाजार में आवागमन बढ़ जाता है। इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभागों की लापरवाही से यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। गड्ढों से भरी इस सड़क पर यात्रा करना अब जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों में वाहन कूदने से आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। महिलाएं अक्सर वाहन से गिरकर चोटिल हो जाती हैं। बच्चे स्कूल जाते समय गड्ढों और कीचड़ में गिरकर परेशान होते हैं। यह सड़क वर्ष 2020 में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित की गई है। इसके बाद से इसकी मरम्मत की उम्मीदें बढ़ गई थीं। लेकिन, तीन साल बीत जाने के बावजूद मरम्मत का कोई काम शुरू नहीं हुआ। मनगवां क्षेत्र के विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति द्वारा इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से कई बार चर्चा की गई। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सड़क की मरम्मत का निर्देश दिया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति ने हाल ही में यह भी कहा कि वे अब इस मुद्दे को संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर के सामने उठाएंगे। इसके साथ ही विधानसभा में प्रश्न उठाकर इस सड़क के निर्माण में हो रही देरी का जवाब मांगेंगे।

### विपक्ष की भूमिका पर भी सवाल

विपक्षी दल भी इस गंभीर समस्या को लेकर निष्क्रिय दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रीय नेताओं ने न तो इसे जिला स्तर पर उठाया और न ही राज्य स्तर पर। जनता का कहना है कि विपक्ष को जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना चाहिए था, लेकिन ऐसा न होने से उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र की जनता अब सब्र खो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। क्षेत्रीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता में बढ़ती नाराजगी सरकार के लिए भी चुनौती बन सकती है।

### मनगवां विधानसभा से है 5 विधायकों का संबंध

मनगवां विधानसभा क्षेत्र के लिए यह स्थिति और भी निराशाजनक है कि जिले के कुल 8 विधायकों में से 5 विधायकों का सीधा संबंध है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल एवं त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी का पैतृक गांव मनगवां विधानसभा क्षेत्र में ही है। जबकि इंजी. नरेंद्र प्रजापति का पैतृक गांव भले ही मऊगंज विधानसभा है लेकिन वे मनगवां विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इन तीनों का पैतृक गांव मनगवां विधानसभा क्षेत्र में ही है। जनता का कहना है कि क्षेत्र से जुड़े इतने वरिष्ठ नेताओं के बावजूद सड़क जैसी बुनियादी समस्या का हल न होना चिंताजनक है।

# विभाग ने दिया सड़क पूरी होने का सर्टिफिकेट लेकिन आज तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा

**जागरण, नईगढी।** मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा अंतर्गत देवतालाब से नईगढ़ी पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई 16.80 किमी है।इसका टेंडर वर्ष 2021 में किया गया था। जिसका कार्य शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन निर्माण एजेंसी को 2939.42 लाख में मिला था, जिसका कार्य 21 मार्च 2023 से शुरू हुआ । कार्य पूर्ण होने की अवधि 20 सितंबर 2024 थी। जबकि विभाग द्वारा अनुबंध अनुसार अवधि पूर्णता के पूर्व ही 31 मार्च 2024 को कार्य पूर्ण का सर्टिफिकेट देकर कार्य होना बताया गया है। उक्त कार्य की परफॉर्मेंस गारंटी भी 5 वर्ष के लिए अनुबंधित की गई है। परंतु किसी भी निर्माण विभाग के अधिकारी को नही दिख रहा है कि आज दिनांक तक देवतालाब- नईगढ़ी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नही हुआ है। लोक निर्माण विभाग की अनदेखी एवं शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन एवं पेटी कॉन्ट्रैक्टर के. के .सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा की गई मनमानी का परिणाम यह रहा है कि शासन की जनकल्याणकारी सड़क निर्माण कार्य की योजना लोगों के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है और आए दिन आधी अधूरी सड़क में लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पेटी ठिकेदार के. के .सोहगौरा द्वारा नईगढ़ी नगर में सड़क आधी अधूरी और कम चौड़ाई की बनाकर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों एवं नगरवासियो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कार्य का प्राक्कलन कई बार परिवर्तित किया गया एवं उक्त कार्य को प्राक्कलन के अनुसार नही कराया गया है। कार्य के दौरान लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 रीवा के कोई भी अधिकारी मौजूद नही रहते थे। जिसके कारण ठेकेदार और उनके गुर्गों द्वारा अपने मनमानी तरीके और घटिया सामग्री से सड़क और नाली का आधा अधूरा निर्माण किया गया है। जिसकी शिकायत और जांच के लिए नगर वासियों द्वारा और नईगढ़ी नगरपरिषद के वार्ड 5 की पार्षद अजीता पटेल ने अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग और प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल को उक्त कार्य की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर जांच कराए जाने के लिए कई बार पत्र भी लिखा है। उक्त कार्य आज भी अपूर्ण है उक्त कार्य को शासन द्वारा दिए गए मापदंडों और प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया गया है। शासन द्वारा तकनीकी स्वीकृति दी गई। उसमें नगर परिषद नईगढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत 1 किलोमीटर लंबाई में सड़क के मध्य से 7-7 मीटर की चौड़ाई और दोनों तरफ सीवर लाइन कार्य करना था। इसके साथ नगर में वाटर सप्लाई की पाइपलाइन भी डालना था पर उक्त ठेकेदार द्वारा कार्य को नहीं कराया गया है। पार्षद अजीता पटेल द्वारा उक्त कार्य की जांच अन्य निर्माण एजेंसी से कराने की मांग भी की गई है ।दोषियों के खिलाफ शासन द्वारा स्वीकृत मापदंडों के अनुसार कार्य न कराने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। सड़क निर्माण में मापदंडों की अनदेखी की गई। स्थानीय निवासी अनुसुइया भुजवा, घनश्याम गुप्ता प्रेमलाल बहेलिया और पार्षद अजीता पटेल ने चर्चा के दौरान नईगढ़ी जागरण प्रतिनिधि को बताया कि जो भी कार्य कराया गया है उसमें भारी गलतियां की गई हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा नईगढ़ी नगर के नाली निर्माण और सड़क के कार्य में बालू की जगह डस्ट का प्रयोग किया गया। एक सड़क के दोनों तरफ पेवर वर्क का कार्य भी नहीं कराया गया, जिसकी वजह से पैदल चलने वालों को कई प्रकार के खतरे का सामना करना पड़ता है । लोगों ने कहा घटिया निर्माण कार्य का सबसे बड़ा कारण जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग रीवा के अधिकारी हैं जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने कभी पहुंचते ही नहीं थे। इसके चलते एक तरफ जहां आधे अधूरे हुए निर्माण कार्य में निर्माण विभाग द्वारा दिए गए मापदंडों का ध्यान नहीं दिया गया वहीं नईगढ़ी नगर में बाकी सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही कराया जा सका।

## पासबुक प्रिंटर खराब, सुनवाई नहीं

**चाकघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चाकघाट में पासबुक प्रिंटर खराब हुए 6 माह से ऊपर होने वाला है । इस आशय की जानकारी चाकघाट ब्रांच द्वारा दी जा चुकी है लेकिन आज तक चाकघाट शाखा में पासबुक प्रिंटर की न तो रिपेयरिंग कराई गई और न ही नया प्रिंटर लगाने की जरूरत समझी गई । जिला कलेक्टर एवं सहकारिता मंत्री का उक्त समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की गयी है कि उक्त समस्या का समुचित समाधान अविलंब कराया जाए, जिससे इस शाखा से संबंधित खातेदारों को व कृषक बंधुओं को अपने खाते की जानकारी पासबुक के माध्यम से सहजता पूर्वक मिल सके ।

## न्यूज कार्नर

### पत्रकार राकेश मिश्रा की माता के निधन पर जताया शोक



**गुढ़ (नि.प्र)।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार राकेश मिश्रा की माताजी का शनिवार दोपहर दुखद निधन हो गया। उन्होंने अपने गृह ग्राम अमिलिया स्थित घर में अंतिम सांसें लीं। उनके निधन पर विधायक नागेंद्र सिंह नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता,भाजपा नेता विश्वंभर नाथ पटेल,जिला महामंत्री अशोक सिंह गहरवार,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोविंदगढ़ राजेश कुमार गुप्ता,भाजपा नेत्री अंजू मिश्रा,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बी एल मिश्रा,नारायण मिश्रा,माया सिंह पटेल,लक्ष्मी कांत शुक्ला,राजगोपाल मिश्रा चारी,बालेंद्र शुक्ला,जितेन्द्र मिश्रा,पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र अवधिया,अरुण सिंह, डॉ.ज्ञानेश्वर द्विवेदी,अनिल सिंह, डॉ.ओम प्रकाश मिश्रा,बी के पाण्डेय,काशी नाथ पटेल,कपिल पयासी,रावेंद्र मिश्रा,नीलमणि मिश्रा, विष्णु प्रताप सिंह रवींद्र तिवारी, राशिद खान कुरैशी,गीता मुंद्रिका तिवारी,ओम त्रिपाठी,बालेंद्र त्रिपाठी,बबिता आनंद यादव,अशोक कचेर,श्रीकान्त त्रिपाठी,आलेश पयासी,विपुल प्रकाश मिश्रा, दीनदयाल उपाध्याय, दामोदर प्रसाद नामदेव, विमला रावत, रामरक्षा गुप्ता, दिलीप दुबे, डॉ.आर बी प्रजापति, मुकेश राजीव मिश्रा, हीरालाल नामदेव, एड.जे डी सिंह, सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, इंद्रेश मिश्रा, कैलाश सोनी, सनत कुमार शुक्ला, भृगुनाथ पाण्डेय, प्रद्युम्न प्रसाद तिवारी सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### परिजनों ने निष्पक्ष जांच कराने दिया ज्ञापन

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में जहां निबिहा दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझने के बाद मृतक के बेटे सुभाष यादव ने मऊगंज पुलिस अधीक्षक से केस की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है । दर्जन भर लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन देकर मांग उठाई है। बता दें कि बीते दिनों मऊगंज जिले के ग्राम उमरी निबिहा में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महज चार दिन में अंधी हत्या का खुलासा करके मऊगंज पुलिस अपने सक्रियता का परिचय तो दे दिया लेकिन अन्य अपराधों का वर्षों तक खुलासा न हो पाना पुलिस की ईमानदारी और कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। मृतक दंपति के बेटे द्वारा उच्च अधिकारियों से केस की जांच कराए जाने की मांग ने जांचकर्ता मऊगंज को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। मृतक दंपति के बेटे ने मऊगंज पुलिस अधीक्षक को इस केस की उच्च अधिकारियों से जांच करने का ज्ञापन देकर जांच अधिकारी की ईमानदारी को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना होगा की मऊगंज पुलिस अधीक्षक का इस आरोप पर अगला कदम क्या होगा।

### क्षतिग्रस्त नाली का निर्माण न होने पर हो रहीं दुर्घटनाएं

**हनुमना।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में कुछ दिन पूर्व नगर परिषद के द्वारा जनता के सुविधा हेतु धर्मशाला प्रांगण हनुमना नगर में नाली बनाई गयी जिस पर नगर में सराहना भी हो रही थी। कुछ दिन बाद नाली क्षतिग्रस्त होने पर सामाजिक लोगों द्वारा नगर परिषद हनुमना में बताया गया कि नाली सुधार नहीं हुआ एवं नाली सफाई व्यवस्था न होने पर नाली जाम हो चुकी है। स्थानीय लोगों को नाली क्षतिग्रस्त की जानकारी होती है किंतु बाहर से आने वाले लोगों को जिनको क्षतिग्रस्त नाली की जानकारी नहीं होने से दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसमें मोटर साइकिल, कार, वाले अधिकांश चोटिल हुए हैं। अतः जिला प्रशासन मऊगंज नगर परिषद अधिकारी हनुमना से रितेश केसरी, लवकुश गुप्ता, एवं नगर के लोगों ने अतिशीघ्र नाली क्षतिग्रस्त सुधार एवं सफाई व्यवस्था कराने की मांग की है ताकि आमजन के साथ कोई दुर्घटना ना हो।



# भुनढ्हा और शारदपुरम के बीच खेला गया क्रिकेट मैच



**गुढ़(नि.प्र)।** भुनढ्हा हाई स्कूल प्रागंण में सरपंच कोष्टा रामनाथ कोरी के द्वारा आयोजित स्व. कुंवर प्रसाद स्मृति कप क्रिकेट मैच 5 जनवरी 25 को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उक्त फाइनल मैच भूनढ्हा और शारदापुरम के बीच खेला गया। जिसमें भुनढ्हा की टीम विजयी हुई। विजेता टीम को दस हजार रुपए एवं उप विजेता को पांच हजार रुपए का पुरस्कार मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। मैच बहुत ही रोमांचक रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक और स्थानीय और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत पकरा में लगा मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर




**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत पकरा मे मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मऊगंज डॉक्टर राजेश पटेल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच ललिता कुशवाहा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य श्रीनिवास पांडे तथा समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बरहटा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमानिवास पांडे द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी विभागों के काउंटर में आवेदन लिए गए। उनका रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन किया गया। कुछ आवेदन तुरंत स्वीकृत किये गये। जिसमें से कई पेंशन एवं लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें प्रमुख रूप से पेंशन भैया लाल विश्वकर्मा महंगू साहू श्यामकली पांडे कौशल्या पांडे संतोषिया यादव कलई यादव ऊषा यादव तथा लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत मानवी कुशवाहा प्राजंलि मिश्रा को स्वीकृति प्रमाण पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार मिश्र बरहटा ने बैंक से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्ष ग्राम पंचायत की सरपंच ने अपने पंचायत में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष डॉ राजेश पटेल ने अधूरी सड़क को पूर्ण करने तथा पानी की सप्लाई सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वचन दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीएफटी प्रभारी नवीन पांडे मुस्कान फातिमा राम बहादुर तिवारी पटवारी सुनील गर्ग अरुण इंगला सचिव विजय शंकर मिश्रा मधुकर पांडे सुपरवाइजर श्वेता सोनी रोजगार सहायक कमलेश प्रजापति विजयकांत पांडे रविकांत पांडे प्रदीप कुशवाहा काशी साहू राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संचालक श्रीनिवास पांडे द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# हर पात्र हितग्राही को मिले शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ : दिव्यराज



### नगर परिषद डभौरा की समीक्षा बैठक संपन्न

**डभौरा नि प्र।** नगर परिषद डभौरा में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में मुख्य अतिथि सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह एवं अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष माया देवी गुप्ता ने की। नगर परिषद डभौरा सीएमओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं नगर परिषद अध्यक्ष का स्वागत करते हुए नगर परिषद में चल रहे निर्माण कार्यों सहित पीएम आवास सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के बारे में आवश्यक जानकारी दी गइ। अपने उद्बोधन में विधायक दिव्यराज सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर परिषद डभौरा का समुचित विकास हो सके, जिससे जिससे आम जनमानस को समुचित सुविधा मिल सके। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य का निर्देश देते हुए कहा कि हर पत्र हितग्राही को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर उपयंत्री पीयूष सिंह सेक्शन प्रभारी योगेंद्र सिंह पार्षद रावेंद्र राय दीक्षित राहुल भैया उपाध्याय छोटेलाल सहित सहित समस्त पार्षद उपस्थित रहे।

# शिविर लगाकर महिलाओं को दी गयी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**जवा ब्यूरो।** आई सी टी एम सोशल फाउंडेशन मोड़ी द्वारा लगातार कई गांव में एक साथ महिलाओं के स्वस्थ की जांच कर उनको संबंधित कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन और पौष्टिक आहार समय समय पर दिए जा रहे हैं। संस्था के सुपरवाइजर संदीप मिश्रा ने बताया कि पिछले कई महीनों से रीवा जिले के ब्लॉक जवा में अनआईसीएसआई का प्रोजेक्ट आईसीटीएम सोशल ग्रूप मोड़ी द्वारा स्तनपान महिलाओं एवं लड़कियों के लिए स्वस्थ संबंधित शिविर लगाकर उनको जागरूक किया जा रहा है व जरूरतमंद मेडिसिन प्रदान की जा रही है। जवा ब्लाक के गांव गाढ़ा 137 खरपटा , गोह्टा नंबर 1, गोह्टा नंबर 2, पथरोडा, भखरवार , चकनंदी भौजी पूरवा मे सिविल लगाकर महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। साथ में महिलाओं को स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया ताकि वह स्वस्थ रहें। गांव वासियों ने अपने स्वास्थ्य के प्रति संकल्प लिया। कुछ जगहों पर कंबल और गर्म कपड़े वितरण किए गए। इस मौके पर नैंसी तिवारी, पुष्पा तिवारी, संजय तिवारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भखरवार, नम्रता, महेंद्र तिवारी, और गांवों की महिलाएं मौजूद रहीं।

# भाजपा नेता एड.विजय द्विवेदी का निधन



**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता एड.विजय द्विवेदी का निधन गत दिवस हो गया। वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर गुढ़ श्रेत्र के अधिवक्ताओं और भाजपा नेताओं द्वारा गहरा दुख व्यक्त किया है जिनमें प्रमुख रूप से गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता, गोविंदगढ़ अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, रायपुर कर्चुलियान अध्यक्ष अभिषेक सिंह, भाजपा नेता विश्वंभर नाथ पटेल, नारायण मिश्रा,जिला महामंत्री अशोक सिंह गहरवार,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोविंदगढ़ राजेश कुमार गुप्ता,एड.के टी निवास मिश्रा,वीरेंद्र मिश्रा,भाजपा नेत्री अंजू मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बी एल मिश्रा,माया सिंह पटेल,लक्ष्मी कांत शुक्ला,राजगोपाल मिश्रा चारी,बालेंद्र शुक्ला,जितेन्द्र मिश्रा,विमलेश मिश्रा, अनिता मिश्रा, तुलसी दास कोल,कपूरचंद्र अवधिया, मोती लाल मिश्रा,अरुण सिंह, डॉ.ज्ञानेश्वर द्विवेदी,अनिल सिंह, डॉ.ओम प्रकाश मिश्रा,भूपेंद्र सिंह,बी के पाण्डेय, काशी नाथ पटेल,कपिल पयासी, रावेंद्र मिश्रा,नीलमणि मिश्रा, बिष्णु प्रताप सिंह, रवींद्र तिवारी, राशिद खान कुरैशी,गीता मुंद्रिका तिवारी,ओम त्रिपाठी,बालेंद्र त्रिपाठी,बबिता आनंद यादव,अशोक कचेर,श्रीकान्त त्रिपाठी,आलेश पयासी,विपुल प्रकाश मिश्रा,दीनदयाल उपाध्याय,दामोदर प्रसाद नामदेव, यजगदीश गौटिया, विमला रावत,रामरक्षा गुप्ता,दिलीप दुबे, डॉ.आर बी प्रजापति,मुकेश राजीव मिश्रा,हीरालाल नामदेव,एड. जे डी सिंह,सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, इंद्रेश मिश्रा,कैलाश सोनी, सनत कुमार शुक्ला,भृगुनाथ पाण्डेय,प्रद्युवन प्रसाद तिवारी सहित कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

# पीडीए लायेगा नया सबेरा : केके यादव



**सिरमौर।** लखनऊ प्रवास के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव कमलाकांत यादव ने आत्मीय मुलाकात कर नववर्ष की बधाई दी। के के यादव न कहा कि पीडीए की सरकार से ही देश और प्रदेश मे खुशहाली आयेगी। प्रदेश की मौजूदा सरकार को न किसानों की चिंता है नौजवानों की चिंता। आज पूरा देश कड़ाके की ठंड के दौर से गुजर रहा है। खरीदी केन्द्रों में किसान अपनी फसल लिए खुले आसमान के नीचे कई रातों से पड़े हैं। आवारा जानवरों के आतंक से किसानों की फसल चौपट हो रही है। प्रदेश का नौजवान नौकरी रोजगार के लिए दर दर भटक रहा है। नौकरी मांगने पर उनके ऊपर लाठियां भांजी जा रही हैं। महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर है अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार ही देश की इन प्रमुख समस्याओं से निजात दिला सकेगी।

# कब मिलेगा भवन और उप तहसील की सुविधा

### किसान, पक्षकार अधिवक्ता कर रहे बेसब्री से इंतजार




**बैकुंठपुर निप्र.।** जिला मुख्यालय के तहसील कार्यालय सिरमौर के उप तहसील बैकुंठपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के लोगों को राहत दिलाने ढाई साल पूर्व लोकार्पित की गई बैकुंठपुर उप तहसील कार्यालय को खुद भवन और बैठने वाले अफसर को नियुक्ति सुविधा नसीब नहीं हो पा रही है। जिसके कारण उप तहसील क्षेत्र से सम्बंधित राजस्व के सारे प्रकरण निराकरण के लिए आज भी ग्रामीण सिरमौर तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उप तहसील बैकुंठपुर का 20 अक्टूबर 2022 को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में उद्घाटन किया गया पर लोकार्पण दिन के बाद कोई सुनवाई नहीं हुई बल्कि ताले तक नही खुले। इसके बैकुंठपुर नगर समेत लगभग 80 गांव के क्षेत्रों को राजस्व सम्बंधित मामलों के निराकरण के लिए 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। लोकार्पण के दौरान स्थानीय कृषकों में भी इस बात की खुशी थी कि अब उन्हें छोटे-छोटे भूमि से संबंधित समस्याओं के लिए सिरमौर तहसील कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। वे कम खर्च और कम समय में अपनी समस्याओं का निराकरण कर घर वापस लौट सकेंगे। जिस जगह पर उप तहसील के भवन में लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया पर वह उप तहसील के लिए चयनित नहीं हो सकी। अभी तक भवन की दूर की बात, उप तहसील के लिए जगह तक चिन्हित नहीं हो सकी ।

UMANG SPEECH & HEARING
सुनने-बोलने से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान
जगह एक हल अनेक
Inaugural Offer
सभी हियरिंग एड पर पायें आकर्षक डिस्काउंट
Rechargeable HEARING AID मात्र 19990/- से शुरु
DIGITAL HEARING AID मात्र 9999/- से शुरु
FREE • सुनने की जांच • कॉकलियर इंप्लांट परामर्श • सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी • 5 साल तक के बच्चों को विशेष शासकीय योजनाएं
Umang Speech and Hearing Clinic
Jabalpur: In Front of Dr Himanshu Gupta Mohan Paramedical College Madan Mahal 9009909082, 9893457312
Bhopal: S-7, 2nd Floor, Metro Plaza, Bittan Market 9770057312, 0755-4221596

# भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हुआ आस्ट्रेलिया ने जीती बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

**सिडनी, जेएनएन।** शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा।

## बुमराह पर टीम इंडिया की आत्मनिर्भरता जाहिर हुई

बुमराह की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा (65 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (69 रन पर एक विकेट) मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे जबकि कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा। कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। इसके साथ ही बुमराह पर भारत की अति निर्भरता भी उजागर हुई। सुबह के वार्म-अप सत्र के दौरान बुमराह ने गेंदबाजी का प्रयास किया लेकिन वह सहज महसूस नहीं कर रहे थे और उनकी अनुपलब्धता से तय हो गया था कि भारत के लिए छोटे लक्ष्य का बचाव करना असंभव होगा।



## टीम इंडिया ने सीजन में 10 में 6 टेस्ट गंवाए

कोहली और रोहित पर कड़े फैसले का इंतजार है जबकि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कोच गौतम गंभीर सभी प्रारूपों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं या नहीं। गंभीर के नेतृत्व में भारत ने इस सत्र में 10 में से छह टेस्ट गंवाए हैं। इसके अलावा टीम को श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

## कोच गंभीर टीम से सहज नहीं

अगर कोहली और रोहित को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो गंभीर को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्य कोच का जिद्दी रवैया सभी को पता है और इससे ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी उनके साथ बहुत सहज नहीं हो पा रहे हैं। ब्रिसबेन के बाद रविचंद्रन अश्विन का संन्यास और रोहित का खुद को बाहर करने का फैसला अचानक हुआ। किसी खिलाड़ी की रणनीति के साथ छेड़छाड़ करना प्रबंधन का सबसे अच्छा तरीका नहीं है जैसा कि पंत ने कई बार बहुत सावधान रहकर दिखाया जिससे उनकी स्वाभाविक लय बाधित हुई। लेकिन बल्लेबाजी से अधिक तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों ही राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता का विषय होंगे। बुमराह की अनुपस्थिति ने दिखाया कि भारत को श्रृंखला के अंतिम दिन किस चीज की कमी खली, फिर भले ही ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा हो। जैसा कि ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि अगर बुमराह ने 32 विकेट नहीं लिए होते तो भारत की हार का अंतर और अधिक होता। ब्रिसबेन में मेहमान टीम बारिश के कारण बच गई और मेलबर्न में रोहित ने चौथे दिन अंतिम सत्र के दौरान खेल को अपने हाथ से जाने दिया। मोहम्मद सिराज को 100 विकेट पूरे करने में 36 टेस्ट मैच लगे हैं और ये आंकड़े बहुत बढ़िया नहीं हैं। आकाश दीप अभी भी नए हैं लेकिन उनमें क्षमता है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा मुश्किल गेंदों के साथ काफी आसान गेंद भी फेंकते हैं। हर्षित राणा इस स्तर के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं और उन्हें बड़े टेस्ट के लिए तैयार होने के लिए रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और इंडिया ए के कई मैच खेलने होंगे। स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा अब बल्लेबाज अधिक और स्पिनर कम हैं जब तक कि पहले दिन से विकेट से मदद नहीं मिले।

## बुमराह रहे सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी। बुमराह ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में दौरान दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थता पर कहा, ''यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया।''

## 9 खिलाड़ी केवल 74 रन बना सके

इससे पहले स्कॉट बोलैंड (45 रन पर छह विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (44 रन पर तीन विकेट) ने दूसरी पारी में भारत को 39.5 ओवर में सिर्फ 157 रन पर ढेर कर दिया। अगर ऋषभ पंत के 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 22 रन को निकाल दिया जाए तो अन्य नौ खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से 74 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम ने सुबह के सत्र में सिर्फ 16 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चार विकेट भी गंवा दिए। यह श्रृंखला भारतीय क्रिकेट जगत के उन अधिकारियों को काफी सोचने को मजबूर करेगी जिन पर देश की टीम को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी है। भारत श्रृंखला छह पूर्ण पारियों में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया इसलिए यह बताने की जरूरत नहीं है कि दौरे में क्या गलत हुआ।

## टीम के दिग्गज बल्लेबाजी में रहे फेल

नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तकनीकी समस्याओं के कारण पूरे सत्र में एक अदद अच्छी पारी के लिए जूझते रहे। यशस्वी जायसवाल (391 रन) तीन बार शून्य पर आउट होने के बावजूद भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। उनके बाद नवोदित नितीश कुमार रेड्डी (298 रन), लोकेश राहुल (276 रन) और ऋषभ पंत (255 रन) का नंबर आता है। रोहित और कोहली की खराब फॉर्म को लेकर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों दिग्गजों के लिए अपनी बल्लेबाजी में आई गिरावट को रोकना मुश्किल होता जा रहा है। टीम में कुछ अच्छे युवा खिलाड़ी हैं और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में उन्हें समय के साथ विकसित होने का मौका दिया जाना चाहिए।

## बीजीटी ट्राफी देने बॉर्डर के साथ न बुलाने पर गावस्कर नाराज

**सिडनी, जेएनएन।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी आस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिये बुलाये नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और आस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है।'' उन्होंने कहा, ''मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी आस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है।'' उन्होंने कहा, ''सिर्फ इसलिये कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।'' भारत और आस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिये खेल रहे हैं। इस बार पांच मैचों की श्रृंखला में पिछले सप्ताह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा है।



### मैदान से हटकर

## शिवम दूसरी बार बने पिता पत्नी ने बेटी को दिया जन्म



भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर शिवम दुबे के घर फिर से बच्चे की किलकारी गूंजी है। अब उनका परिवार भी रोहित शर्मा की तरह 3 से बढ़कर 4 हो गया है। वो दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी अंजुम खान ने बेटी को जन्म दिया। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए दी है। शिवम ने शनिवार 4 जनवरी की शाम को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उनके घर 'नन्ही परी' आई है और इसके साथ ही उनका परिवार भी बढ़ गया है। बता दें शिवम पहली बार 2022 में पिता बने थे। तब उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था। शिवम दुबे ने अपनी बेटी के जन्म के बारे में जानकारी देते हुए उसका नाम भी बताया। उन्होंने खास पोस्ट में खुलासा करते हुए लिखा कि 'लड़की हुई है हमारा परिवार अब 4 लोगों का हो गया है। प्लीज मेहविश शिवम दुबे का स्वागत करें।' इसका मतलब है कि उन्होंने अपनी नन्ही बच्ची का नाम 'मेहविश' रखा है। इस नाम का मतलब चांद जैसा सुंदर या चमकता सितारा होता है। शिवम के बेटे का नाम अयान है, जिसका मतलब आशिर्वाद होता है। शिवम दुबे और अंजुम खान कई साल तक एक-दूसरे डेट करने के बाद साल 2021 में शादी की थी। उन्होंने जब ये बात अपने फैंस से शेयर की तो उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। इसके पीछे वजह ये थी कि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं और वो हिंदू। हालांकि, इसका असर उन्होंने कभी खुद पर अपनी जिंदगी पर नहीं पड़ने दिया। ( **जेएनएन** )

# पाकिस्तान की पहली पारी 194 रन पर सिमटी, द. अफ्रीका ने दिया फॉलोऑन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की टीम दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 194 रन पर आउट हो गई और साउथ अफ्रीका ने इस टीम को फॉलोआन दे दिया। साउथ अफ्रीका ने इस मैच की पहली पारी में रयान रिकेल्टन के दोहरो शतक साथ ही टेम्बा बावुमा और काइल वेरेन की शतकीय पारी के दम पर 615 रन बनाए थे। पाकिस्तान को फॉलोऑन बचाने के लिए पहली पारी में 416 रन बनाने थे, लेकिन ये टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका की घातक गेंदबाजी के सामने 194 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोऑन खेलने पर मजबूर होना पड़ा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में पाकिस्तान की टीम सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही है। इस मैच के पहले दिन टीम के ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब इंजर्ड हो गए थे और मैच से भी बाहर हो गए थे। इसके बाद इस टीम को नियम के मुताबिक उनका कोई रिप्लेसमेंट नहीं मिला।

**बाबर आजम ने लगाया अर्धशतक :** पहली पारी में पाकिस्तान की तरफ से बाबर आजम ने टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली और संघर्ष कर रही अपनी टीम के लिए अर्धशतकीय पारी खेली।

## पहले वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 43.4 ओवर में सिर्फ 178 रन बना पाई। श्रीलंका के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, और पूरी टीम को सस्ते में आउट कर दिया गया।



## जसप्रीत बुमराह के जूते से ऐसा क्या निकला, जिस पर छिड़ गया है विवाद

**सिडनी, जेएनएन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई फैन्स जसप्रीत बुमराह को निशाना बनाते दिखे। ऑस्ट्रेलियाई फैन्स ने सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय क्रिकेट टीम के फास्ट बॉलर जसप्रीत बुमराह पर बॉल टेम्परिंग का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके आरोप लगाया जा रहा है कि बुमराह के जूते से सैंडपेपर गिरा है, जिस पर सफाई देते हुए आर अश्विन ने बताया कि यह एक फिंगर प्रोटेक्शन पैड है। **क्या है फिंगर प्रोटेक्शन पैड :** फिंगर प्रोटेक्शन पैड या फिंगर प्रोटेक्शन टेप को आमतौर पर खेलों में इस्तेमाल किया जाता है, खासतौर पर उन खेलों में जहां खिलाड़ियों को गेंद, बैट या फिल्डिंग करते समय चोट लगने का खतरा होता है। यह पैड खिलाड़ियों की उंगलियों पर चोट लगने से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका यूज करने से खिलाड़ी को अतिरिक्त कुशनिंग मिलती है, जिससे लंबे समय तक खेलते समय आराम मिलता है।



## खत्म करना होगा सुपरस्टार कल्चर : इरफान पठान





**सिडनी, जेएनएन।** भारतीय टीम में सुपरस्टार संस्कृति खत्म करने की मांग करते हुए पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने विराट कोहली के टीम में स्थान पर सवाल उठाया और कहा कि उन्होंने अपनी तकनीकी कमियों को सुधारने के लिये ना तो घरेलू क्रिकेट खेली और ना ही मेहनत की। कोहली और रोहित शर्मा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खराब फॉर्म में थे और भारत ने 1-3 से हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जाने का मौका भी खो दिया। कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके और बार-बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए। पठान ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,''सुपरस्टार कल्चर खत्म होना चाहिये, टीम कल्चर की जरूरत है।
**एक दशक पहले खेला था घरेलू क्रिकेट :** आपको प्रदर्शन में सुधार करना होगा, अपने और टीम के। इस श्रृंखला से पहले भी मैच थे और उनके पास घरेलू क्रिकेट खेलने का मौका था लेकिन उन्होंने नहीं खेला। इस कल्चर को बदलना होगा।'' इस पूर्व हरफनमौला ने यह भी कहा कि सचिन तेंदुलकर ने भी रणजी ट्रॉफी खेला जबकि उन्हें जरूरत नहीं थी।

## एससीजी पिच परिणाम देने वाली थी : गंभीर
## पिच टेस्ट मैच के लिए आदर्श नहीं : गावस्कर

**सिडनी, जेएनएन।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के अनुसार सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच टेस्ट मैच के लिए 'आदर्श नहीं' थी लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विकेट की प्रशंसा करते हुए इसे 'गेंदबाजी की मददगार' और 'परिणाम देने वाली' बताया जिसमें सभी के लिए कुछ ना कुछ था। मैच के शुरुआती दो दिन में 26 विकेट गिरे जबकि तीसरे दिन चार भारतीय और तीन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आउट किए। गेंदबाजों ने अधिकांश समय मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। गंभीर ने भारत की पांचवें टेस्ट में हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ''यह कुछ बेहतरीन विकेट थे। यह टेस्ट क्रिकेट के लिए भी अच्छा है। गेंदबाजों के लिए पर्याप्त था और बल्लेबाजों के लिए भी पर्याप्त था। लेकिन यही वह चीज है जो टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखेगी।'' उन्होंने कहा, ''और यह सिडनी का सामान्य विकेट नहीं था, जैसा कि हम आम तौर पर देखते हैं या जिसे हमने पहले भी देखा है। लेकिन फिर टेस्ट क्रिकेट को ऐसे ही खेला जाना चाहिए। परिणाम देने वाला विकेट। मुझे पता है कि जब हम स्वदेश में खेलते हैं तो टर्निंग विकेट के बारे में बहुत बात होती है लेकिन यह शायद उतना ही मददगार था जितना कि हमें स्वेदश में मिलता है।'' हालांकि गावस्कर ने शनिवार को अंतिम सत्र के दौरान एससीजी के विकेट की आलोचना की थी। गावस्कर ने 'एबीसी स्पोर्ट' पर कहा, ''जब मैंने पिच देखी तो मैंने कहा कि गायें इस पर चर सकती थीं। यह आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं है क्योंकि आप चाहते हैं कि मैच चौथे या पांचवें दिन तक चले। जब तक बारिश नहीं हो, मुझे नहीं लगता कि हम चौथे दिन यहां होंगे।'' गावस्कर ने कहा कि अगर भारत में भी ऐसा ही विकेट उपलब्ध कराया जाता तो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेटर उसकी आलोचना करते। उन्होंने कहा, ''सभी उसे निशाना बनाते।



## कोचिंग स्टॉफ से गावस्कर ने पूछा बताइए मुझे, आपने क्या किया?



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों के साथ-साथ गौतम गंभीर के नेतृत्व वाली कोचिंग स्टॉफ को भी आड़े हाथों लिया। सुनील गावस्कर ने सिडनी टेस्ट में मिली हार के बाद कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के लिए भारतीय खिलाड़ी आलोचना के हकदार है लेकिन कोचों को भी जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। गावस्कर ने कहा, मैं पूछना चाहता हूं, आपने क्या किया? आप किस तरह से उनमें सुधार करेंगे? ये थ्रोडाउन, थ्रोडाउन, इससे कुछ नहीं होता। आपको उनकी तकनीक और स्वभाव को सुधारने में मदद करनी थी। आपने ऐसा नहीं किया। इंग्लैंड दौरे से पहले हमारे पास दो-तीन महीने हैं। मैं चैंपियंस ट्रॉफी की बात नहीं कर रहा हूं। मैं टेस्ट खिलाड़ी हूं। मैं वनडे क्रिकेट समझता हूं, लेकिन उतना नहीं।

## दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** विक्रांत रविंद्र केनी को 12 जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली दिव्यांग चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को 17 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट 2019 के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है और भारत अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के राष्ट्रीय चयन पैनल ने मुख्य कोच रोहित जलानी के नेतृत्व में जयपुर में ट्रेनिंग शिविर के बाद टीम का चयन किया। जलानी ने कहा, ''यह संतुलित टीम है जो किसी भी प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला करने के लिए तैयार है।'' टीम इस प्रकार है -विक्रांत रविंद्र केनी (कप्तान), रविंद्र गोपीनाथ सैंटे (उप-कप्तान), योगेंदर सिंह (विकेटकीपर), अखिल रेड्डी, राधिका प्रसाद, देपेंद्र सिंह (विकेटकीपर), आकाश अनिल पाटिल, सनी गोयत, पवन कुमार, जितेंद्र, नरेंद्र, राजेश, निखिल मन्हास, आमिर हसन, माजिद मागरे, कुणाल दत्तात्रेय फनासे और सुरेंद्र।



**भारत के मैचों का शेड्यूल**

| | |
|---|---|
| 12 जनवरी | भारत विरुद्ध पाकिस्तान |
| 13 जनवरी | भारत विरुद्ध इंग्लैंड |
| 15 जनवरी | भारत विरुद्ध श्रीलंका |
| 16 जनवरी | भारत विरुद्ध पाकिस्तान |
| 18 जनवरी | भारत विरुद्ध इंग्लैंड |
| 19 जनवरी | भारत विरुद्ध श्रीलंका |
| 21 जनवरी | मेगा फाइनल |

## नागल ऑकलैंड में मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

**ऑकलैंड, जेएनएन।** भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां अपने से बेहतर रैंकिंग वाले फ्रांसीसी खिलाड़ी एड्रियन मनारिनो पर सीधे सेट में जीत के साथ एटीपी 250 प्रतियोगिता एएसबी क्लासिक के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। दुनिया के 98वें नंबर के 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी नागल को क्वालीफायर के अंतिम दौर में 7-6, 6-3 से जीत हासिल करने से पहले दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मनारिनो से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। नागल खराब फॉर्म से उबरने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि 2024 सत्र के अंत में शीर्ष 100 में जगह बनाए रखने में कामयाब होने से पूर्व वह कई टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हुए थे। मुख्य ड्रॉ में खेलने से नागल को 12 जनवरी से मेलबर्न में शुरू होने वाले सत्र के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले तैयारी का अच्छा मौका मिलेगा। पिछले साल इसी समय शीर्ष 20 में शामिल रहे मनारिनो के खिलाफ जीत नागल के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली होगी जिन्होंने नई दिल्ली में टोगो के खिलाफ भारत के आगामी डेविस कप मुकाबले में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।



## फायोरेंटिना को हराकर नेपोली ने सिरी ए में तीन अंक की बढ़त बनाई

**फ्लोरेंस, जेएनएन।** नेपोली ने फायोरेंटिना को शनिवार को यहां एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन अंक की बढ़त बना ली। नेपोली की ओर से डेविड नेरेस, रोमेलु लुकाकु और स्कॉट मैकटोमिने ने गोल दागे जिससे टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की। नेपोली के अब 19 मैच में 44 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद अटलांटा पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। अटलांटा ने हालांकि एक मैच कम खेला है। इंटर मिलान की टीम 40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है लेकिन उसने 17 ही मैच खेले हैं। एक अन्य मुकाबले में एम्पोली और वेनेजिया ने 1-1 से ड्रॉ खेला।



### युवा दिवस की तैयारी बैठक आज

**रीवा।** स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन 12 जनवरी जिले भर में युवा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जायेगा। युवा दिवस की तैयारी बैठक 6 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक के बाद शुरू होगी। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल युवा दिवस की तैयारियों की समीक्षा करेंगी।

### नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभागीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 6 जनवरी को आयोजित की जा रही है। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।


जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए
तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
घुटना दर्द | कंधा दर्द | कमर दर्द | कलाई दर्द
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
'डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल' आज ही ले आएं
10 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों व सत्वों के योग से निर्मित डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल जोड़ों के अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं लम्बे समय तक बना रहता है।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com


# गोली कांड की घटना निकली फर्जी

## शिकायतकर्ता ने मनगढ़ंत तरीके से बनाई थी कहानी

## पैसो के लेन देन में विवाद में हुई थी मारपीट



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाम्हा खड्डा में एक दिन पूर्व गोलीकांड की घटना पूरी तरह से मनगढ़ंत निकली है। पैसों के लेन देन में मारपीट में घायल युवक ने पूरी कहानी बताई थी। बिछिया पुलिस ने जब तफ्तीश की तो सीसीटीवी फुटेज ने पूरी सच्चाई खुद बयां कर दी है। पुलिस ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है, जिसमे युवक के साथ महज मारपीट की घटना होना पाया गया है, जबकि घायल युवक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से फर्जी साबित हुए हैं। गौरतलब है कि शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित ढाबे में एक दिन पूर्व आकाश शुक्ला पिता सुशील प्रसाद शुक्ला नामक शख्स के साथ मारपीट की घटना हुई थी, पैसों के लेन देन के विवाद में आरोपी सूरज प्रजापति के साथ चल रहा था, जिसके बाद सूरज प्रजापति ने अपने साथी रिंशू शुक्ला व अमन मिश्रा के साथ मिलकर आकाश के साथ मारपीट की थी। घायल हुए आकाश शुक्ला ने गोली से फायर करने की मनगढ़ंत कहानी बनाते हुए मारपीट करने वालों पर गोली चलाने का भी आरोप लगाया था। पुलिस ने फरियादी द्वारा थाने में की गई शिकायत के बाद जब मौके पर पहुंचकर जब घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो युवक द्वारा लगाया गया गोली चलाने का आरोप निराधार निकला।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ.सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311


# जल प्रताप घूमने गए युवक से मारपीट कर लूट

## थाना में शिकायत नहीं दर्ज होने पर पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के बहुती जल प्रपात घूमने गए युवक ने अपने साथ हुई मारपीट व लूट की शिकायत मऊगंज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर की है। पीड़ित युवक ने बताया कि बहुती जलप्रपात में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर पैसा और मोबाइल लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की शिकायत दर्ज कराने जब वह नईगढ़ी थाने गया तो वहां शिकायत नहीं दर्ज की गई। इसके बाद युवक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना के संबंध में पीड़ित पुष्पेन्द्र जायसवाल नेबताया कि दो दिन पूर्व दोपहर में करीब 3 बजे वह बहुती जल प्रपात घूमने गया था। इस दौरान उसके साथ गिल्लू जायसवाल भी था। बहुती प्रपात में दोनों मोबाइल से फोटो खीच रहे थे तभी मोटर सायकल में सवार होकर तीन की संख्या में पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल और दो हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद जब वह थाने पहुंचा तो शिकायत तक दर्ज नहीं की गई और थाने से वापस कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

# पिकअप की ठोकर से युवक की मौत

## सेमरिया थाना क्षेत्र के खड्डीहा गांव की घटना

**जागरण, रीवा।** सेमरिया थाना क्षेत्र के खड्डीहा गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घटना के बाद युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात मृतक तेजबली रावत अपने घर से सामान खरीदने पैदल निकला था, जैसे ही वह सड़क पार करने लगा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन उसे टक्कर मारते हुए आगे जाकर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक तेजबली रावत के साले बृजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना बीती रात तकरीबन 9 बजे के आसपास की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि खड्डिहा गांव में युवक कुछ सामान लेने गया था तभी विपरीत दिशा से आए पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रहे तेजवली को जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप वाहन सेमरिया से रंगोली की ओर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी जिसके बाद उन्हे घायल अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

**रीवा।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को एसएएफ मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारी बैठक 6 जनवरी को टीएल बैठक के पश्चात आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल समारोह के तैयारियों की विभागवार समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 6 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# एम्बुलेंस में आई खराबी, घंटों खड़ी रही

## जिम्मेदारों ने नहीं ली सुध, सुबह से शाम चार बजे तक चालक करता रहा इंतजार



**जागरण, रीवा।** स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो एम्बुलेंस सबसे आवश्यक सेवा कही जाती है, जिससे समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचने का मौका मिलता है, लेकिन जिम्मेदार उसकी ही सुध नहीं ले रहे, इसका ताजा उदाहरण रविवार को शहर के ओव्हर ब्रिज समान तिराहा पर देखने को मिला। यहां रविवार सुबह करीब 7 बजे एक एम्बुलेंस के पहिए में कुछ खराबी आ जाने से एम्बुलेंस वहीं खड़ी हो गई। चालक ने प्रयास किया किन्तु एम्बुलेंस आगे नहीं बढ़ी। जिसकी सूचना चालक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, लेकिन एम्बुलेंस की मरम्मत करवाना तो ठीक उसकी सुध लेने भी शाम 4 बजे तक कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा।

### कब एम्बुलेंस की आवश्यकता पड़ जाए, कह नहीं सकते

एम्बुलेंस के चालक ने खराबी आने के तत्काल बाद ही वाहन में आई खराबी के बारे में इसकी सूचना जिम्मेदारों को दे दी थी। वाहन की मरम्मत करवाने वाले जिम्मेदार सूचना मिलने के बाद भी वाहन सुधरवाने न तो खुद पहुंचे न ही किसी मैकेनिक को भेजा। शहर में कब एम्बुलेंस की आवश्यकता पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता, किन्तु एम्बुलेंस का रखरखाव करवाने वालों को इससे कोई सरोकार नहीं। चालक सुबह से भूखा, प्यासा वाहन सुधरने का इंतजार करता खड़ा रहा। सुबह 7 बजे से खड़ी एम्बुलेंस शाम 4 बजे भी वहीं खराब हालत में खड़ी देखी गई। ये तो गनीमत रही कि एम्बूलेंस के अंदर कोई मरीज नहीं था, अन्यथा इस प्रकार की लापरवाही के चलते मरीज का क्या हश्र होता, इसका अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है।

# अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रोड अवरुद्ध करने का आरोप

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**जागरण, रीवा।** तहसील हुजूर के ग्राम बरा कोपरिहन टोला से ग्राम बरा कोठार होते हुए ग्राम सिरखिनी पहुंच मार्ग में आराजी क्रमांक 167/2 रकबा 0.014 व 167/6 रकबा 0.017 हेक्टेयर स्थित ग्राम सिरखिनी में सत्यदेव तिवारी पिता सचितानंद तिवारी ग्राम बरा कोपरिहन द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर रोड अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत ग्रामवासियों ने कलेक्टर से की है।

शिकायत में बताया कि ग्रामवासियों के निकलने के लिए सैंकड़ों वर्षों ग्राम बरा कोपरिहन से ग्राम सिरखिनी पहुंच मार्ग बना हुआ है। वर्तमान में भी ग्रामवासियों के आने-जाने के लिए यह एकमात्र रास्ता है। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा समय-समय पर मुरमीकरण भी किया गया है और रास्ता वर्तमान में भी प्रचलित है। जिस पर सत्यदेव पिता सचितानंद तिवारी बरा कोपरिहन निवासी ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर अवरुद्ध कर दिया है। जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में बड़ी दिक्कत हो रही है। कब्जा करने वाले को जब रास्ता खोलने के लिए कहा गया तो उल्टा ग्रामवासियों को धमकी दे रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि रोड पर अतिक्रमण करने वाले ने ग्रामवासियों की भूमि पर भी अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। रास्ता बंद हो जाने से तीन गांव बरा कोपरिहन, बरा कोठार व सिरखिनी के लोग परेशान हो रहे हैं। जहां कब्जा किया गया है वहां शासकीय सड़क बनी हुई है जिसके संबंध में ग्राम पंचायत अजगरहा द्वारा भी पुष्टि की गई है। ग्रामवासियों ने रास्ता सुचारू करवाने व अवैध रूप से कब्जा करने वाले के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# जेल महानिदेशक ने किया जेल का औचक निरीक्षण





**रीवा।** महानिदेशक जेल जीपी सिंह ने केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण कर बंदी वार्डों, जेल अस्पताल, कार्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम, इलेक्ट्रिक वायर फेंसिंग व बंदियों के उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया तथा बंदियों से भेंट कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महानिदेशक जेल ने बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता देखी तथा जेल की स्वच्छता, प्रशासनिक व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिए जेल स्टाफ को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने जेल में संचालित प्रिंटिंग प्रेस का अवलोकन किया तथा एक अतिरिक्त नवीन आफसेट मशीन लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# भवन निर्माण की सेटरिंग सामग्री चुरा ले गए बदमाश

## बिछिया पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद किया सामान

**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जनानाबाग से 31 दिसंबर की दरमियानी रात्रि अज्ञात चोरों ने भवन निर्माण के सेटिंग प्लेट, चैनल सहित कीमती सामग्री पार कर दी थी। घटना की शिकायत बिछिया थाना में पीड़ित पवन कुमार बाजपेयी निवासी बाणसागर कॉलोनी ने की थी। पीड़ित ने बताया कि जनानाबाग बिछिया स्थित स्टोर में कार्यरत उनके गार्ड राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उस्मान उर्फ छोटू उर्फ बर्रा निवासी बिछिया द्वारा सेटिरिंग के सोल्जर (चैनल) 15 नग, सेटिरिंग प्लेट-09 नग व एंगल 06 नग चोरी कर लिया गया है । मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी उस्मान उर्फ छोटू उर्फ बर्रा , राशिद खान व मो. सैफी को गिरफ्तार कर चोरी की गई सामग्री व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# वृद्ध से मोबाइल लूट का आदतन बदमाश गिरफ्तार

## बांसघाट मोहल्ले में सामने आई थी वारदात

**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसघाट मोहल्ले में दो दिन पूर्व एक वृद्ध के साथ मोबाइल लूट की घटना सामने आई थी। घटना की जानकारी के बाद सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने 74 साल के वृद्ध को जमीन पर पटक दिया और मोबाइल लूट कर फरार हो गया, जिसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज करवाई थी। सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि दो दिन पूर्व बांसघाट मोहल्ला निवासी बुजुर्ग पैदल ही अपने घर की ओर जा रहे थे तभी आरोपी युवक ने धक्का देकर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और मोबाइल लूटकर फरार हो गया। इलाके में दिनदहाड़े हुई लूट की इस घटना के बाद पीड़ित की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई जिस पर वारदात को अंजाम देने वाले पड़ोस के कबाडी मोहल्ला निवासी अमन लोनिया को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ पूर्व से कई अपराध दर्ज हैं और उसी ने बुजुर्ग से मोबाइल की लूट भी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है और लूट का अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# जल सोधन यंत्रालय के बगल में विवि की जमीन पर खोल ली गई डेयरी



## अपनी जमीन के अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दे रहा है विश्व विद्यालय प्रशासन

**जागरण, रीवा।** अबधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय रीवा की जमीन पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है लेकिन विश्व विद्यालय प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विश्व विद्यालय की जमीन का कई मर्तवा सीमांकन भी किया जा चुका है इसके बावजूद न तो अतिक्रमणकारियों को बेदखल किया गया है और नहीं उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही ही की गई है। ताजा मामला झलबदरी तालाब के दक्षिणी सिरे पर स्थित जल सोधन यंत्रालय के बगाल में जमीन पर कब्जा कर डेयरी खोलने का है। यहां विकसित किये जंगल के बीच दर्जन भर से अधिक भैंसे खूंटा गाड़ कर बाधी जा रही है। इनमें से कई भैंसे दूध देने वाली हैं। ये भैंसें किसकी हैं और यहां पर बांधने के पीछे मकसद क्या है कोई नहीं जानता। लेकिन इतना तो साफ समझ में आ रहा है कि कोई है जिसकी नजर उस जमीन पर लगी हुई है। वहां पर केवल भैंसें बांधी जा रही है, बल्कि वहीं गोबर से कण्डे भी बनाये जा रहे हैं। झलबदरी तालाब के दक्षिणी जल सोधन यंत्रालय के अलावा सूनसान जंगल है। यहीं पर किसी ने धीरे से जमीन को कब्जाने के लिए भैंसें बाधना शुरू कर दिया है। वह अपने अभियान में सफल भी हैं, क्योकि एक महीने से अधिक का समय गुजर गया लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन में अभी तक कोई सुगबुगाहट नहीं है। उक्त अतिक्रमण पर अगर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में यहां भैंसों की सुरक्षा के लिए टीनशेड या पन्नी तनकर छाया भी बनाई जा सकती है।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



भोपाल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ रीवा में
05 जनवरी रविवार, रीवा में
नियमित OPD प्रत्येक रविवार को
समयः सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक
डॉ.पवन कुमार मिश्रा
एमबीबीएस, डीएनबी (आर्थोपेडिक) आर्थोपेडिक सर्जन, चिरायु मेडिकल कालेज भोपाल
ट्रामा, आर्थोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
• घुटने, कूल्हे, कंधे, कमर, गर्दन एवं पीठ का दर्द • सर्वाइकल स्पोंडोलाइटिस • गठियाबात • जोड़ों के घिसने एवं टेढ़ेपन का ईलाज • घुटने व कुल्हे का अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ प्रत्यारोपण • घुटने के लिगामेंट इंजुरी का अत्याधुनिक ईलाज • ट्रामा एवं फ्रेक्चर • अर्थराइटिस, हड्डियों की कमजोरी
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311



द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी,
कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L.कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श: हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल



कैंसर OPD प्रतिदिन रीवा में
डॉ विनीत कुमार तिवारी (कैंसर सर्जन)
MBBS, MS (सर्जरी)
परामर्श समय- प्रतिदिन
DrNB सुपरस्पेशलिटी (ऑन्को सर्जरी), FALS (रोबोटिक और मिनिमल एसेस सर्जरी)
पूर्व सर्जन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (MICC) दिल्ली NCR एवं AIIMS भोपाल
विशेषता
• मुख कैंसर सर्जरी
• स्तन कैंसर सर्जरी
• थायोराइड एवं इंडोक्राइन कैंसर सर्जरी
• स्त्री रोग कैंसर सर्जरी
• प्रोस्टेट एवं यूरोलॉजिक कैंसर सर्जरी
• पेट, लीवर एवं पैंक्रियाज कैंसर सर्जरी
• मेलोनेमा एवं त्वचा कैंसर सर्जरी
• सिर, चेहरा एवं गर्दन कैंसर सर्जरी
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com